




खबरें जो सोच बदल दे

# शुभ लाभ

हिन्दी दैनिक समाचार पत्र







Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 | रविवार, 16 मार्च, 2025 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 14 | मूल्य-8 रु. | वर्ष-7 | अंक-73

## यूनुस तानाशाह आतंकियों को बनाया मंत्री : राजदूत

**मोरक्को, 15 मार्च (एजेंसियां)।**


मोहम्मद यूनुस और हारून अल रशीद।

प्रधानमंत्री शेख हसीना का तख्तापलट करके सत्ता में आए मोहम्मद यूनुस की सच्चाई अब उनकी ही सरकार के लोग खोलने लगे हैं। किस तरह आतंकियों के सहारे शेख हसीना को सत्ता से हटाया और अब बांग्लादेश में हिंदुओं की हालत क्या है, इसका हाल मोरक्को में बांग्लादेश के राजदूत ने बताया है। उन्होंने यूनुस को तानाशाह कहा है। मोरक्को में बांग्लादेश के राजदूत हारून अल रशीद ने सारे आरोप अपनी सरकार पर जड़े हैं। उन्होंने कहा है कि बांग्लादेश गर्त में जा रहा है और पश्चिमी देश इस पर चुप हैं। रशीद ने कहा है कि बांग्लादेश में सत्ता पाने के लिए भारत विरोधी भावना पैदा की गई है।

राजदूत के इस बयान से बौखलाए बांग्लादेशी सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने राजदूत का पासपोर्ट जब्त कर लिया है। राजदूत रशीद ने आरोप लगाया है कि बांग्लादेश में 5 अगस्त 2024 को सत्ता में हुआ फेरबदल एक आतंकी अभियान का परिणाम था। उन्होंने कहा, 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश ने अपने इतिहास में से एक सबसे काले दिनों में से एक का अनुभव किया। एक सुनियोजित आतंकवादी हमले से प्रधानमंत्री शेख हसीना की वैध सरकार को उखाड़ फेंककर इसकी नींव हिला दी गई। जब देश जल रहा था और सारी व्यवस्थाएं जार-जार हो रहीं थी, तब मोहम्मद यूनुस सत्ता हथियाने आया था। रशीद ने कहा है कि यह विश्व इतिहास के सबसे सफल आतंकी अभियान में से एक कहा जाएगा। ▶10 पर

## संयुक्त राष्ट्र में भारत ने आतंकी पाकिस्तान को धोया

### बलोच लिबरेशन आर्मी से मार खाकर पाकिस्तान रोया

# दुनिया जानती है वैश्विक आतंकवाद का अड्डा कहां है

**न्यूयॉर्क, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

संयुक्त राष्ट्र में भारत ने एक बार फिर पाकिस्तान को धोया। जम्मू कश्मीर का राग अलापने पर संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वथानेनी हरीश ने कहा, पाकिस्तान अपनी आदत से मजबूर है। पूरा विश्व जानता है कि आतंकवाद को पालने पोसने वाला देश पाकिस्तान ही है, लेकिन वह अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा और बार बार जम्मू और कश्मीर का अनुचित संदर्भ देता रहता है। बार-बार ऐसी बेतुकी बातें करने से न तो उसके झूठ और पाखंड को सच मान लिया जाएगा और न ही सीमा पार आतंकवाद के उसके कुकृत्य को सही ठहराया जा सकेगा।

भारत के जवाब से एक बार फिर पूरी दुनिया के सामने पाकिस्तान की किरकिरी हुई है। भारत ने कहा कि पाकिस्तान की कट्टरपंथी मानसिकता जगजाहिर है। उसकी कट्टरता का रिकॉर्ड भी पूरी दुनिया के सामने है। भारत की यह कड़ी प्रतिक्रिया पाकिस्तान की पूर्व विदेश सचिव तहमीना जंजुआ की ओर से इस्लामोफोबिया का मुकाबला करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने के लिए आयोजित अनौपचारिक बैठक में जम्मू और कश्मीर का जिक्र करने के बाद आई है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पी. हरीश ने इंटरनेशनल डे टू कॉम्बैट इस्लामोफोबिया पर महासभा की एक अनौपचारिक बैठक में कहा, अपनी आदत से मजबूर पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव ने भारतीय संघ शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर का अनुचित संदर्भ दिया। पाकिस्तान की कट्टरपंथी मानसिकता जगजाहिर है। साथ ही कट्टरता का उसका रिकॉर्ड भी पूरी दुनिया के सामने है। इस तरह के प्रयासों से यह वास्तविकता नहीं बदलेगी कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग था, है और हमेशा रहेगा।




### युद्धबंदी रिहा नहीं किए तो बीएलए ने 214 पाक फौजियों को मारा

### अपनी नाकामियों का दोष भारत पर न मढ़े पाकिस्तान : जायसवाल

हरीश ने ने कहा, हमने हाल ही में पूजा स्थलों और धार्मिक समुदायों को निशाना बनाकर हो रही हिंसा में चिंताजनक वृद्धि देखी है। इसका मुकाबला केवल सभी सदस्य देशों की ओर से सभी धर्मों के लिए समान सम्मान के सिद्धांत के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता और ठोस कार्रवाई से ही किया जा सकता है। सभी देशों को अपने सभी नागरिकों के साथ समान व्यवहार करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। उन्हें ऐसी नीतियों का पालन नहीं करना चाहिए, जो धार्मिक भेदभाव को बढ़ावा देती हों। हमें यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि शिक्षा प्रणाली रूढ़िवादिता को कायम न रखे या कट्टरता को बढ़ावा न दे। हमें याद रखना चाहिए कि इस्लामोफोबिया के खिलाफ लड़ाई धार्मिक भेदभाव के सभी रूपों के खिलाफ व्यापक संघर्ष से अविभाज्य है, जैसा कि 1981 की घोषणा में सही ढंग से बताया गया था। आइए हम एक ऐसे भविष्य की दिशा में काम करें, जहां हर व्यक्ति चाहे उसका धर्म कुछ भी हो, गरिमा, सुरक्षा और सम्मान के साथ रह सके।

पी हरीश ने कहा, भारत विविधता और बहुलवाद की धरती रही है, जहां दुनिया के हर बड़े धर्म के मानने वाले लोग रहते हैं। भारत दुनिया के चार बड़े धर्मों की जन्मस्थली रहा है, जिनमें सनातन धर्म, बौद्ध धर्म, जैन धर्म और सिख धर्म शामिल हैं। भारत में करीब 20 करोड़ मुसलमान रहते हैं और यह दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देशों में से एक है। उन्होंने कहा कि हम मुस्लिमों के खिलाफ धार्मिक भेदभाव की निंदा करते हैं और इस मामले में संयुक्त राष्ट्र के देशों के साथ हैं, ▶10 पर

## अमेरिका लगाएगा पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंध

**वॉशिंगटन, 15 मार्च (एजेंसियां)।**



पाकिस्तानी राजनयिक के अमेरिका में प्रवेश पर पाबंदी लगाने के बाद अब अमेरिका पाकिस्तान पर यात्रा प्रतिबंध लगा सकता है। हाल ही में तुर्कमेनिस्तान में तैनात पाकिस्तान के राजदूत केके वैगन को अमेरिका प्रवेश देने से इन्कार कर दिया गया था। पाकिस्तानी राजनयिक को लॉस एंजिलिस से ही वापस निर्वासित कर दिया गया था। अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों ने वैगन को विवादास्पद वीजा संदर्भों के लिए चिह्नित किया। इसके कारण उन्हें तत्काल निर्वासित कर दिया गया।

अवैध आव्रजन पर अंकुश लगाने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप पाकिस्तान, अफगानिस्तान और भूटान समेत 41 देशों पर अमेरिका की यात्रा पर प्रतिबंध लगा सकते हैं। इसके लिए सुरक्षा अधिकारियों ने पूरी तैयारी कर ली है। यह प्रतिबंध ट्रंप के पिछले कार्यकाल में सात मुस्लिम देशों के यात्रियों पर लगाए प्रतिबंधों से कहीं अधिक सख्त होंगे। सुरक्षा अधिकारियों ने पाकिस्तान समेत 26 देशों के लिए अमेरिकी वीजा जारी करने पर आंशिक प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की है। इसमें तुर्कमेनिस्तान, बेलारूस, भूटान और वानुअतु भी शामिल हैं।

इसके अलावा अफगानिस्तान, क्यूबा, ईरान, लीबिया, उत्तर कोरिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया, वेनेजुएला और यमन समेत 10 देशों को लाल सूची में रखा गया है। यहां के नागरिकों का वीजा पूरी तरह से निलंबित कर दिया जाएगा। ▶10 पर

## आधार से लिंक होगा मतदाता पहचान पत्र

### गड़बड़ी की शिकायतों का निकलेगा स्थायी समाधान




**नई दिल्ली, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

वोटर लिस्ट में हेरफेर के आरोपों के बीच मतदाता पहचान पत्र को आधार से लिंक करने की तैयारी शुरू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इस मुद्दे पर मंगलवार को केंद्रीय गृह सचिव, विधायी सचिव और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के साथ चर्चा करेंगे। हाल ही में डुप्लीकेट मतदाता पहचान पत्र के मुद्दे पर संसद में हो रहे विवाद को लेकर यह कदम उठाया जा रहा है।

संसद के भीतर और बाहर जिस डुप्लीकेट वोटर कार्ड (ईपीआईसी) के नंबरों को लेकर जमकर बवाल हो रहा है। साथ ही राजनीतिक दल इसके जरिये चुनाव आयोग की वैधता पर ही सवाल उठे हैं। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी यह मुद्दा उठाया था। बीते शुक्रवार को चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा था कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा।

बताया जाता है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 23, जिसे चुनाव कानून (संशोधन) अधिनियम, 2021 कहा जाता के मुताबिक निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी मौजूदा या भावी मतदाताओं से स्वैच्छिक आधार पर पहचान स्थापित करने के लिए आधार संख्या प्रदान करने की मांग कर सकते हैं। यह कानून मतदाता सूची को आधार डाटाबेस के साथ स्वैच्छिक रूप से जोड़ने की अनुमति देता है।

▶10 पर

### होली पर कट्टरपंथी मुसलमानों का उत्पात

# त्यौहार पर हमला

**गिरिडीह/लुधियाना/बीरभूम, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

कट्टरपंथी मुसलमानों को दूसरे धर्म के पर्व-त्यौहार भी अब जज्ब नहीं हो रहे। हिंदुओं के त्यौहारों पर हिंसक हमले और नफरती प्रतिक्रियाएं कट्टरपंथी मुसलमानों की धार्मिकता की असलियत बयान करती हैं। होली के त्यौहार पर भी ऐसा ही हुआ। देशभर से होली मना रहे हिंदुओं पर हमले की छिटपुट घटनाओं की खबरें आती रहीं, लेकिन झारखंड, बंगाल और पंजाब में नफरती हिंसा ने काफी लोगों को चोट पहुंचाई और सार्वजनिक एवं निजी संपत्ति का नुकसान पहुंचाया। झारखंड के गिरिडीह में शुक्रवार को होली जुलूस के दौरान कट्टरपंथी मुसलमानों ने हमला कर दिया। गिरिडीह के घोरथंबा इलाके में मुस्लिमों ने होली जुलूस के रास्ते का विरोध किया और जुलूस पर हमला कर दिया। पथराव और हिंसा में कई लोग घायल हो गए।

### घृणा के अधर्म से बच्ची को भी बख्श नहीं रहे



कट्टरपंथियों ने कई दुकानों और गाड़ियों में आग लगा दी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को काबू में करने की कोशिश की। गिरिडीह के एसपी डॉ. बिमल ने बताया कि दोनों समुदायों और उपद्रवियों की पहचान की जा रही है। पहचान होने के बाद सख्त कार्रवाई होगी। ▶10 पर

### क्रिकेटर शमी की बेटी के होली खेलने पर भी भड़के कट्टरपंथी




भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद शमी लगातार इस्लामी कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। इस बार कट्टरपंथियों ने उनकी बेटी को अपना निशाना बनाया है। मोहम्मद शमी की बेटी के होली खेलने को लेकर कट्टरपंथी भड़क गए हैं रमजान, इस्लाम, इल्म आदि का ज्ञान दे रहे हैं। शमी की बेटी से जुमे की नमाज का समय पूछा जा रहा है, उनकी परवरिश पर प्रश्न उठाए जा रहे हैं।

इस्लामी कट्टरपंथियों का यह गुस्सा मोहम्मद शमी की पूर्व पत्नी हसीन जहां की एक पोस्ट पर निकला है। हसीन जहां ने शुक्रवार को अपनी बेटी आयरा शमी की एक फोटो अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर साझा की थी। इसमें दिखता है कि आयरा रंग खेल कर आई हैं। आयरा के कपड़ों और चेहरे आदि पर रंग-गुलाल लगा हुआ था। हसीन जहां ने इसी फोटो के साथ होली की शुभकामनाएं भी दी। इसी फोटो को देखने के बाद इस्लामी कट्टरपंथी भड़क गए और हसीन जहां तथा उनकी बेटी को लेकर बुरा भला कहने लगे। ▶10 पर

## हिंदी का विरोध करेंगे पर डबिंग से लाभ कमाएंगे

### भाषा विवाद पर पवन कल्याण ने किया कटाक्ष

**काकीनाडा, 15 मार्च (एजेंसियां)।**



आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने तमिलनाडु के नेताओं पर कड़ी आलोचना की है। उन्होंने शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) का विरोध करने और हिंदी को थोपने का आरोप लगाने के लिए तमिलनाडु के नेताओं की आलोचना की। पवन कल्याण ने इसे पाखंड बताया और सवाल किया कि ये नेता हिंदी का विरोध करते हुए भी हिंदी में डबिंग करके मुनाफा क्यों कमाते हैं?

पवन कल्याण ने कहा कि ये नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन आर्थिक फायदे के लिए अपनी तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। उन्होंने पूछा, मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना करते हैं, तमिलनाडु के नेता हिंदी का विरोध करते हैं, जबकि वित्तीय लाभ के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। वे बॉलीवुड से पैसा चाहते हैं, लेकिन हिंदी को स्वीकार करने से इनकार करते हैं, यह क्या तर्क है?

यह बयान तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के आरोपों के बीच आया है, जिन्होंने कहा था कि केंद्र सरकार एनईपी के त्रिभाषा फार्मूले के जरिए हिंदी को थोपने की कोशिश कर रही है। पवन कल्याण ने भारत की भाषाई विविधता पर जोर देते हुए कहा, भारत को तमिल सहित कई भाषाओं की आवश्यकता है, न कि सिर्फ दो भाषाओं की। हमें भाषाई विविधता को अपनाना चाहिए, ताकि न केवल हमारे देश की एकता बनी रहे, ▶10 पर

### कार्टून कॉर्नर




### मौसम हैदराबाद

अधिकतम : 37°
न्यूनतम : 24°

## केरल की 400 नहीं, 4000 लड़कियां लव जेहाद का शिकार



**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

केरल भाजपा के वरिष्ठ नेता पीसी जॉर्ज ने राज्य में बड़े पैमाने पर लव जेहाद और नारकोटिक्स जेहाद के बारे में बड़ा खुलासा किया है। उनका कहना है कि पिछले साल पूरे केरल से चार हजार से अधिक लड़कियां गायब हुई हैं, जिनमें से ज्यादातर लड़कियां लव जेहाद का शिकार हुई हैं। अकेले कोट्टायम जिले के मीनाचिल तालुका से ही चार सौ से अधिक लड़कियां गायब हुई हैं। सात बार विधायक रहे केरल के सम्मानित नेता पीसी जॉर्ज ने यह भी दावा किया कि उनका राज्य केरल इस्लामिक स्टेट (आईएसआईएस) के लिए भर्ती का केंद्र बन गया है। पिछले साल केरल से चार हजार से अधिक लड़कियां गायब हुई हैं। खास बात है कि सभी मुस्लिम युवाओं के साथ भागी हैं। इस बात के भी मजबूत प्रमाण हैं कि वे सीरिया, जॉर्डन और अफगानिस्तान में सेक्स स्लेव बनकर रह गई हैं। केरल में लव जेहाद और नारकोटिक्स जेहाद की बढ़ती घटनाओं पर चर्चा करने के लिए बिशप जोसेफ कल्लारंगट्ट के द्वारा सोमवार को आयोजित बैठक में विशेष आमंत्रित सदस्यों में से पीसी जार्ज भी एक थे। केरल कांग्रेस से सात बार विधायक रहे पीसी जार्ज ने लव जेहाद और नारकोटिक्स जेहाद के खिलाफ मुहिम चला रखी है। वे दावा करते हैं कि उनके पास अपनी बातों को प्रमाणित करने के लिए पुख्ता सुबूत हैं। पीसी जार्ज के बयानों पर कम्युनिस्ट खेमे के साथ साथ मुस्लिम लीग और पीएफआई उन पर हमलावर होती है और उनके खिलाफ मामले दर्ज कराए जाते हैं। ▶10 पर

## जम्मू-कश्मीर में सक्रिय 76 आतंकवादी इनमें 59 विदेशी

**श्रीनगर, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में इस समय कम-से-कम 59 विदेशी आतंकवादी सक्रिय हैं। इनमें 35 आतंकी लश्कर-ए-तैयबा से, 21 आतंकी जैश-ए-मोहम्मद से और तीन आतंकी हिज्ब-उल-मुजाहिदीन से जुड़े हैं। इसके अलावा, यहां 17 स्थानीय आतंकवादी भी सक्रिय हैं। इनमें से 14 आतंकी श्रीनगर घाटी में और बाकी के तीन आतंकी जम्मू सेक्टर में अपनी गतिविधियां चला रहे हैं। इस तरह कुल 76 आतंकी सक्रिय हैं।

### साल भर में 20 प्रतिशत दहशतगर्दों का सफाया

▶10 पर

## रुपए के संकेतचिन्ह का अपमान राष्ट्र का अपमान है

**नई दिल्ली, 15 मार्च (एजेंसियां)।**



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु की स्टालिन सरकार द्वारा बजट से रुपए का संकेतचिन्ह (सिंबल) हटाने के निर्णय की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा है कि यह कदम अलगाववाद की भावना को बढ़ाने वाला है। वित्त मंत्री ने स्टालिन सरकार के इस फैसले की टाइमिंग पर भी प्रश्न उठाए हैं। वहीं भारतीय रुपए के सिंबल की डिजाइन करने वाले तमिल प्रोफेसर डी उदय कुमार ने इस विवाद पर गहरा आश्चर्य प्रकट किया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने तमिलनाडु सरकार के इस कदम को लेकर पूछा है कि डीएमके सरकार ने अब रुपए के सिंबल को हटाया है लेकिन उसने 2010 में इस पर प्रश्न क्यों नहीं उठाए थे जब कांग्रेस की केंद्र सरकार ने इसे अपनाया था। वित्त मंत्री ने कहा कि तब तो डीएमके इस सरकार का हिस्सा भी थी।

उन्होंने कहा, रुपए का संकेतचिन्ह पूर्व डीएमके विधायक एन धर्मलिंगम के पुत्र उदय कुमार धर्मलिंगम द्वारा डिजाइन किया गया था। अब इसे हटाकर डीएमके न केवल एक राष्ट्रीय प्रतीक को अस्वीकार कर रही है, बल्कि तमिलनाडु के एक युवा के काम को भी पूरी तरह से नजरअंदाज कर रही है। वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा है कि रुपया शब्द संस्कृत से आया है और इस शब्द का उपयोग तमिल संस्कृति में लम्बे समय से होता आया है। उन्होंने श्रीलंका, सेशेल्स, मॉरीशस समेत और कई देशों के उदाहरण दिए जहां रुपया या इससे मिलता-जुलता शब्द मुद्रा के नाम के लिए उपयोग में लाया जाता है।उन्होंने इसे दक्षिण एशिया की साझी विरासत बताया है। वित्त मंत्री ने कहा, रुपए का संकेतचिन्ह हटा कर तमिलनाडु सरकार ने राष्ट्र की अखंडता को कमजोर ▶10 पर



# स्पेसएक्स के क्रू-10 का प्रक्षेपण, नासा के विल्मोर और विलियम्स के घर लौटने का रास्ता साफ

**वाशिंगटन, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

नेशनल एयरोनॉटिक्स ऐंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) और अरबपति एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स ने अंतरिक्ष में पिछले साल से फंसे सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर को वापस लाने के लिए क्रू-10 मिशन लॉन्च किया। इस प्रक्षेपण के बाद नासा के विल्मोर और विलियम्स के घर लौटने का रास्ता साफ हो गया है। इन अंतरिक्ष यात्रियों के 19 मार्च तक लौटने की उम्मीद है। क्रू-10 मिशन पर ड्रैगन अंतरिक्ष यान ले जाने वाले फाल्कन 9 रॉकेट ने नासा के फ्लोरिडा स्थित कैनेडी स्पेस सेंटर से शुक्रवार शाम 7:03 बजे उड़ान भरी।


नासा के सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर पिछले साल जून में आईएसएस पर फंस गए थे। विलियम्स और विल्मोर जून 2024 में आईएसएस के मिशन पर गए थे। यह मिशन आठ दिन का था। बोइंग के स्टारलाइनर अंतरिक्ष यान में तकनीकी समस्याओं के कारण वह नहीं लौट पाए।

मिशन को लॉन्च करने से कुछ घंटे पहले एक्स पर नासा ने कहा कि क्रू 10 के शनिवार (15 मार्च) को स्टेशन से जुड़ने के बाद क्रू9 के निक हेग, सुनीता विलियम्स, बुच विल्मोर और अलेक्जेंडर गोरबुनोव कुछ दिनों बाद पृथ्वी पर लौटने वाले हैं। नासा ने कहा कि यदि सब कुछ योजना के अनुसार होता है तो विलियम्स, विल्मोर, हेग और गोरबुनोव क्रू-9 अंतरिक्ष यान पर चढ़ेंगे और 19 मार्च को पृथ्वी पर वापस लौटेंगे।

इससे पहले नासा ने 13 मार्च को में क्रू-10 को लॉन्च करने की योजना बनाई थी, लेकिन लॉन्चिंग पैड पर तेज हवाओं और बारिश के कारण मिशन में देरी करनी पड़ी। इसके अलावा स्पेसएक्स के इंजीनियरों को लॉन्च कॉम्प्लेक्स 39 ए में फाल्कन 9 रॉकेट के लिए ग्राउंड सपोर्ट क्लैंप आर्म के साथ एक हाइड्रोलिक सिस्टम समस्या का सामना करना पड़ा।

## न्यूज ब्रीफ

### अमेरिका में शटडाउन का खतरा टला स्टॉपगैप विधेयक मंजूर



**वाशिंगटन।** अमेरिका में शटडाउन का खतरा टल गया। कांग्रेस ने शुक्रवार को फंडिंग की समय-सीमा से कुछ घंटे पहले सरकार को इस संकट का सामना करने से बचा लिया। सीनेट ने सदन में पारित स्टॉपगैप (व्यय) विधेयक को मंजूरी दे दी। यह विधेयक राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पास पहुंच गया है। इस पर अभी उनके हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। यह कुछ डेमोक्रेट्स की वजह से संभव हो सका। हालांकि उनके ऊपर ट्रंप समर्थित इस विधेयक का विरोध करने का भारी दबाव था। सीनेट अल्पसंख्यक नेता चक शूमर और अन्य नौ ने इसमें महत्वपूर्ण निभाई। शूमर ने बिल के पारित होने का रास्ता साफ करने के अपने फैसले के बचाव में तर्क दिया, मेरा मानना है कि यह ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी लोगों को पहुंचाए जाने वाले नुकसान को कम करने का सबसे अच्छा तरीका है। राष्ट्रपति ट्रंप ने शुक्रवार को मतदान के बाद संवाददाताओं से कहा कि शूमर ने इस उपाय का समर्थन करने की घोषणा की। वह सीनेटर शूमर की सराहना करते हैं। उन्होंने वास्तव में सही काम किया है। वह इससे बहुत प्रभावित हैं। सीनेट ने शुक्रवार आधी रात सरकार के शटडाउन को टाल दिया। लगभग 54-46 से पारित स्टॉपगैप विधेयक 30 सितंबर तक सरकार को निधि प्रदान करता है। इसके अलावा सीनेट ने वाशिंगटन डीसी को अपने फंड पर नियंत्रण बनाए रखने की अनुमति देने के लिए एक अलग उपाय को मंजूरी दी है।

### मस्जिद में विस्फोट से इस्लामी दल के नेता समेत चार घायल



**वजीरिस्तान।** पाकिस्तान के दक्षिण वजीरिस्तान में शुक्रवार को एक मस्जिद में विस्फोट हुआ, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में एक इस्लामी राजनीतिक दल के नेता और तीन अन्य लोग शामिल हैं। इस विस्फोटे में बच्चे भी घायल हुए हैं। पुलिस के मुताबिक, यह हमला जमीयत उलेमा इस्लाम-फजल (जेयूएल-एफ) के स्थानीय नेता अब्दुल्ला नदीम को निशाना बनाकर किया गया था। विस्फोट में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वजीरिस्तान स्थित मस्जिद में किए गए इस हमले की अभी तक किसी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के उत्तर-पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों में हाल ही में आतंकी हमले बढ़े हैं। पिछले महीने उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान में शुक्रवार की नमाज के दौरान एक आत्मघाती हमला हुआ था, जिसमें छह नमाजियों की मौत हो गई थी। इससे हटकर बीते सप्ताह बलूच उग्रवादियों ने दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान में एक जाफर एक्सप्रेस ट्रेन को अगवा कर यात्रियों को बंधक बना लिया था। हमले के बाद इलाके में सुरक्षा कड़ी कर दी गई है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### सीनेट की फंडिंग विधेयक को मंजूरी, ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी सीनेट ने सरकार के छह महीने के खर्च के लिए फंडिंग विधेयक को मंजूरी दे दी। मंजूरी के बाद इस विधेयक को राष्ट्रपति ट्रंप के पास हस्ताक्षर के लिए भेजा गया है। इसके बाद अमेरिका में शटडाउन टल गया।सीनेट में फंडिंग विधेयक को 54-46 के बहुमत से पारित किया गया। डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर्स ने इस विधेयक का विरोध किया, हालांकि बाद में वरिष्ठ सीनेटर चक शूमर के समझाने पर कई डेमोक्रेट सीनेटर्स मान गए और विधेयक को मंजूरी दे दी। डेमोक्रेट सीनेटर्स में एलन मस्क के नेतृत्व वाले सरकारी दक्षता विभाग के खिलाफ गहरी नाराजगी है, जिस तरह से संघीय कर्मचारियों की छंटनी हो रही है, उस पर डेमोक्रेट सीनेटर्स ने चिंता जाहिर की। हालांकि चक शूमर के नेतृत्व में डेमोक्रेटिक सीनेटर्स ने माना कि अगर शटडाउन होता तो उसका अंजाम और बुरा होता और इससे सरकारी दक्षता विभाग और डोनाल्ड ट्रंप को मनमानी करने और सरकारी सेवाओं को तबाह करने का मौका मिल जाता।

# रूस ने यूक्रेन के सैनिकों को कुर्स्क में आत्मसमर्पण करने की चेतावनी दी

**मॉस्को, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

**रूसी सुरक्षा परिषद के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव ने कहा कि अगर कुर्स्क क्षेत्र में यूक्रेन के सैनिक अपने हथियार डालने से इनकार करते हैं तो उन्हें बेरहमी से नष्ट कर दिया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सुरक्षा परिषद को बताया कि कुर्स्क के पास अपने हथियार डालने वाले यूक्रेनी सैनिकों को जीवन और सभ्य व्यवहार की गारंटी दी जाएगी।**



रूस की सरकारी समाचार एजेंसी तास के अनुसार, पुतिन ने टेलीग्राम चैनल पर लिखा, %%यह हमारे देश का एक बहुत ही मानवीय दृष्टिकोण है, लेकिन यूक्रेनी सैनिकों के लिए इसका दूसरा पहलू भी है। अगर वह हथियार डालने से इनकार करते हैं, तो वे सभी निर्दयतापूर्वक समाप्त कर दिए जाएंगे। इससे पहले 13 मार्च को पुतिन ने कहा था कि रूस के कुर्स्क क्षेत्र में स्थिति पर पूर्ण नियंत्रण है। यूक्रेनी सैनिकों का एक समूह पूरी तरह से अलग-थलग है। उल्लेखनीय है कि 12 मार्च को पुतिन ने रूसी सेना के कुर्स्क समूह के कमांड पोस्ट में से एक का दौरा किया था।

अगस्त 2024 में कुर्स्क क्षेत्र पर यूक्रेनी सेना द्वारा बड़े पैमाने पर हमला शुरू हुआ। रूसी सेना के जनरल स्टाफ के अनुसार, यूक्रेनी सेना द्वारा कब्जा किए गए 86 प्रतिशत से अधिक क्षेत्र को पहले ही मुक्त करा लिया गया है। अब मुक्त कराए गए सुदजा से निवासियों को निकाला जा रहा है। सीमा के कुछ हिस्सों में रूसी सेना ने प्रवेश किया। कुर्स्क क्षेत्र में लड़ाई की शुरुआत के बाद से यूक्रेन ने 67,000 से अधिक सैनिकों को खो दिया है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने रूसी क्षेत्र कुर्स्क में यूक्रेनी सैनिकों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि कीव के साथ संभावित अमेरिकी मध्यस्थता वाले युद्धविराम पर कूटनीतिक विचार-विमर्श जारी है। शुक्रवार को रूस की सुरक्षा परिषद के सदस्यों के साथ बैठक में पुतिन ने क्षेत्र में यूक्रेनी सैनिकों पर नागरिकों के खिलाफ अपराध करने का आरोप लगाया, लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की यूक्रेनी सैनिकों की जान बख्शने की इच्छा को स्वीकार कर लिया और दावा किया कि आत्मसमर्पण करने वाले सैनिकों की जान की गारंटी होगी।

उन्होंने कहा कि रूस अमेरिका के साथ संबंधों को बहाल करने के लिए काम कर रहा है। पुतिन की यह टिप्पणी गुरुवार को मॉस्को में अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात के बाद आई है। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह के प्रारम्भ में यूक्रेनी अधिकारियों ने सऊदी अरब में अमेरिकी समकक्षों के साथ वार्ता के बाद सम्पूर्ण अग्रिम पंक्ति में 30 दिन के युद्धविराम के अमेरिकी प्रस्ताव को स्वीकार किया है।

### हमास ने की बंधकों के शव लौटाने की पेशकश, इजरायल ने जताया अविश्वास

**तेल अवीव।** फिलिस्तीनी उग्रवादी संगठन हमास का कहना है कि वह एक जीवित अमेरिकी-इजरायली बंधक को रिहा करने और चार नागरिकों के शव लौटाने को तैयार है। हमास ने पुष्टि की कि ये चारों बंधक उसकी कैद में ही मारे गए थे, लेकिन उसने यह स्पष्ट नहीं किया कि रिहाई कब होगी और इसके बदले में उसकी क्या मांगें हैं। हमास के इस प्रस्ताव वाले बयान पर इजरायली प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने अविश्वास जताते हुए कहा कि यह कदम कतर में चल रही संघर्षविराम वार्ता को भटकाने की कोशिश हो सकता है। यहां बताते चलें कि कतर की मध्यस्थता में इजरायल-हमास संघर्षविराम को लेकर वार्ता जारी है। इजरायल को शक है कि हमास की यह पेशकश वार्ता में दबाव बनाने की रणनीति हो सकती है। अब तक यह स्पष्ट नहीं है कि हमास बंधकों की रिहाई के बदले में क्या चाहता है। इजरायल और हमास के बीच गजा युद्ध के बाद से बंधकों की रिहाई और संघर्षविराम को लेकर कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस नतीजा नहीं निकला है।

# शांति का नया प्रस्ताव तैयारः पुतिन को मनाने के लिए ब्रिटेन और फ्रांस जुटे



**लंदन, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

**रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को रुकवाने के लिए अब ब्रिटेन और फ्रांस सामने आए हैं। दोनो ही देशों ने एक नया शांति प्रस्ताव तैयार किया है। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर यूक्रेन में युद्ध विराम सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका के नेतृत्व वाले प्रयासों को गंभीरता से नहीं लेने का आरोप लगाया। इसके अलावा फ्रांस राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि पुतिन को अमेरिका का प्रस्ताव मानना ही होगा, उनके पास कोई और विकल्प नहीं है।**

शांति बहाली के लेकर ट्रंप की पहल के बाद स्टारमर और फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों एक गठबंधन बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उनका कहना है कि पुतिन को किसी भी युद्धविराम का उल्लंघन करने से रोककर यूक्रेन को सुरक्षा गारंटी प्रदान करने के लिए अमेरिकी समर्थन के साथ यह ऐसे गठबंधन की भी जरूरत है, जो रूस पर दबाव बनाकर रख सके। स्टारमर और मैक्रों ने कहा कि वे यूक्रेन में ब्रिटिश और फ्रांसीसी सैनिकों को जमीन पर उतारने के लिए तैयार हैं, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या अन्य देश भी ऐसा करने के इच्छुक हैं। तुर्की ने भी संकेत दिया है कि वह शांति प्रयासों में भूमिका निभा सकता है, जबकि आयरलैंड के प्रधानमंत्री माइकल मार्टिन ने कहा है कि आयरिश सैनिकों को किसी भी सूरत में तैनात नहीं किया जाएगा। स्टारमर ने यह टिप्पणी तब की, जब रूसी नेता ने कहा कि उनके मन में गंभीर सवाल हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन द्वारा प्रस्तावित 30-दिवसीय युद्ध विराम कैसे काम करेगा। ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने अपने डाउनिंग स्ट्रीट कार्यालय द्वारा जारी बयान में कहा, हम राष्ट्रपति पुतिन को राष्ट्रपति ट्रंप के सौदे के साथ खेलने की अनुमति नहीं दे सकते।

### चीन तेजी से बना रहा परमाणु बम, वर्तमान में ड्रैगन के पास हैं 600 परमाणु



चीन अब तेज गति से परमाणु बम बना रहा है। अमेरिका में जारी एक ताजा रिपोर्ट में बताया गया है कि चीन के कुल परमाणु बमों की संख्या 600 पहुंच गई है। यही नहीं चीन इन बमों को दोगुना करने के लिए बड़े पैमाने पर मिसाइलें और परमाणु बॉम्बर बना रहा है। दुनिया में कुल 9 परमाणु हथियार वाले देश हैं जिसमें से एनपीटी पर हस्ताक्षर करने वाला केवल चीन ही है जो इतनी तेजी से परमाणु हथियार बना रहा है। अमेरिकी वैज्ञानिकों का दावा है कि पिछले पांच साल में चीन ने बहुत ज्यादा बड़े पैमाने पर परमाणु हथियारों का जखीरे तैयार कर लिया है। चीन ने कई तरह के और ज्यादा संख्या में परमाणु बम तैनात किए हैं जो पहले कभी नहीं किए। विश्लेषकों का कहना है कि चीन के निशाने पर सबसे पहले अमेरिका और भारत हैं। चीन ने दुनिया में सबसे बड़ी सेना बनाकर भारत, फिलपींस और जापान को धमकाना शुरू कर दिया है।

# इराक के पीएम का दावा कहा-इस्लामिक स्टेट का प्रमुख मारा गया

**बगदाद, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

**इराक के प्रधानमंत्री मोहम्मद शिया अल-सुदानी ने शुक्रवार को इस बात का दावा किया। उन्होंने एलान किया कि इस्लामिक स्टेट के प्रमुख अब्दल्लाह माकी मोसलेह अल-रिफाई को ढेर कर दिया गया है। इराक में एक सशक्त अभियान चलाया था और इस दौरान उसे मार गिराया गया। अब्दल्लाह माकी मोसलेह अल-रिफाई को अबु खदीजा के नाम से भी जाना जाता था। यह अभियान इराकी राष्ट्रीय खुफिया सेवा और अमेरिकी बलों ने मिलकर चलाया था। इराक के प्रधानमंत्री अल-सुदानी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक बयान में कहा, इराक के लोग आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपनी प्रभावशाली जीत जारी रखे हुए हैं।**



बयान में कहा गया कि अबु खदीजा आतंकवादी संगठन का डिप्टी खलीफा था और इराक तथा विश्व के सबसे खतरनाक आतंकवादियों में से एक था। एक सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि यह अभियान इराक के पश्चिमी प्रांत अनबर में चलाया गया था।

वहीं एक अन्य अधिकारी के अनुसार, अभियान गुरुवार की रात शुरू किया गया था, लेकिन अल-रिफाई की मौत की पुष्टि शुक्रवार को हुई।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार रात अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ पर कहा, आईएसआईएस के भगोड़े कट्टरपंथी को आज इराक में मार दिया गया। हमारे साहसी योद्धाओं ने इराकी सरकार और कुर्दिश क्षेत्रीय प्रशासन के सहयोग से उसे खोजकर मार गिराया।

# सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 10 लोगों की मौत, 23 घायल

**खार्तूम, 15 मार्च (एजेंसियां)।**

सूडान में अर्धसैनिक बलों के हमले में 10 लोग मारे गए और 23 अन्य घायल हो गए।सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने बताया कि पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशर में आवासीय इलाकों और एक आश्रय केंद्र पर अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने गोलाबारी की थी, जिसमें 10 लोग मारे गए और 23 अन्य घायल हो गए।सूडानी सशस्त्र बलों की 6वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने एक बयान में कहा, विद्रोही मिलिशिया ने अल फशर शहर के इलाकों और एक आश्रय केंद्र पर गोले दागे।बयान में कहा गया, इस हमले में 3 साल की बच्ची समेत 10 नागरिकों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए, जिनमें से कुछ गंभीर रूप से घायल हैं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



एसएएफ ने कहा कि आरएसएफ ने अल फशर के भीतर प्रमुख स्थलों को निशाना बनाकर ड्रोन भी दागे, लेकिन सेना की वायु रक्षा ने उन्हें सफलतापूर्वक मार गिराया।समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अल फशर में हुए हमले के बारे में आरएसएफ की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।बता दें कि अल फशर पिछले साल 10 मई से सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के बीच भीषण संघर्ष का केंद्र रहा है।संयुक्त राष्ट्र के क्राइसिस मॉनिटरिंग ग्रुप 'आर्म्ड कॉन्फ्लिक्ट लोकेशन एंड इवेंट डेटाळ के अनुसार, सूडान में अप्रैल 2023 के मध्य से सूडानी सशस्त्र बल (एसएएफ) और आरएसएफ के बीच एक भयावह संघर्ष चल रहा है, जिसमें करीब 29,683 लोगों की जान जा चुकी है।अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन के अनुमान के अनुसार, संघर्ष ने सूडान के अंदर और बाहर 15 मिलियन से अधिक लोगों को विस्थापित किया है।

# कर्नाटक में 4% मुस्लिम आरक्षण को कैबिनेट की मंजूरी

**बेंगलुरु, 15 मार्च (एजेंसियां)।** कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने मुस्लिम आरक्षण के फैसले पर मुहर लगा दी है। कर्नाटक की कैबिनेट बैठक में आरक्षण वाले विधेयक को मंजूरी दी गई है। यह विधेयक जल्द ही विधानसभा में पेश किया जाएगा। इससे राज्य के भीतर मुस्लिमों को सरकारी ठेकों में आरक्षण मिलेगा।

कर्नाटक सरकार की शुक्रवार को हुई बैठक में 4 प्रतिशत आरक्षण देने का यह प्रस्ताव मंजूर किया गया है। मुस्लिमों को यह आरक्षण देने के लिए 1999 के एक कानून में बदलाव किया जाएगा। कयास है इसके लिए विधेयक वर्तमान में चल रहे कर्नाटक विधानसभा सत्र में ही पेश किया जाएगा।

अगर मुस्लिमों के लिए आरक्षण लागू होता है तो राज्य में ठेकों में आरक्षण बढ़कर 47 प्रतिशत हो जाएगा। कर्नाटक में अभी एससी-एसटी और ओबीसी को आरक्षण मिलता है। यह आरक्षण वर्गीकृत करके दिया जाता है।

ठेकों में आरक्षण सिद्धारमैया ने ही लागू किया था। उन्होंने 2013-18 की सरकार के दौरान एससी-एसटी और वर्ष ओबीसी को आरक्षण देने का ऐलान किया था। कर्नाटक में सिद्धारमैया की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार कई बार मुस्लिमों को आरक्षण देने का प्रयास कर चुकी है लेकिन विरोध के चलते यह ठंडे बस्ते में चला जाता था। इस बार सरकार इसे विधानसभा तक लाने में सफल रही है।

कर्नाटक सरकार के इस फैसले को लेकर बवाल भी चालू हो गया है। भाजपा ने इस फैसले को देश के संविधान पर हमला बताया है। भाजपा युवा मोर्चा के मुखिया और सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा,



कांग्रेस सरकार द्वारा सरकारी ठेकों में मुस्लिमों के लिए 4 प्रतिशत कोटा देने के लिए कैबिनेट की मंजूरी संविधान पर हमला है और धर्मांतरण को प्रोत्साहित करने का कार्य है।

उन्होंने कहा, धर्म के बजाय हमेशा से सामाजिक और आर्थिक पिछड़ापन को आगे रखा गया है। चुनावी लाभ के लिए यह नया हथकंडा आरक्षण के असल उद्देश्य को ही खत्म करने के बराबर है। सरकार वोटबैंक की राजनीति के लिए शक्ति और सार्वजनिक संसाधनों का दुरुपयोग कर रही है और हमारी अर्थव्यवस्था को राजनीति के लिए मैदान में बदल रहा है।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी कांग्रेस सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने इसे मुस्लिम लीग और जिन्ना की सोच बताया है। पूनावाला ने पूछा है कि क्या अब पुल और सड़कें गुणवत्ता नहीं धर्म देखकर बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इससे नुकसान सिर्फ एससी-एसटी और ओबीसी का ही होगा।

## बार बार हारने के बाद भी नहीं ले रहे सबक: प्रसाद



**नई दिल्ली, 15 मार्च (एजेंसियां)।** भारतीय जनता पार्टी के सांसद रवि शंकर प्रसाद ने सरकारी परियोजनाओं में मुस्लिम ठेकेदारों का चार फीसदी आरक्षण देने के कर्नाटक सरकार के फैसले की आलोचना की। उन्होंने इसे कांग्रेस की तुष्टिकरण की राजनीति बताया और चेतावनी दी कि इसका देशव्यापी असर होगा। भाजपा ने इस कदम की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस कई चुनाव हारने के बावजूद अपनी गलतियों से सबक नहीं ले रही है।

प्रसाद ने कहा, यह कर्नाटक का मामला है, लेकिन इसका राष्ट्रीय स्तर पर प्रभाव होगा। यह कांग्रेस और उसके नेता राहुल गांधी की मानसिकता को दर्शाता है। कर्नाटक सरकार ने बजट में मुसलमानों के लिए सरकारी ठेकों में चार फीसदी आरक्षण की घोषणा सार्वजनिक रूप से की है। उन्होंने आगे कहा, अब तक हम केवल नौकरियों में आरक्षण की बात करते थे, लेकिन अब सरकारी ठेकों में भी आरक्षण दिया जा रहा है। उसमें भी चार फीसदी मुसलमानों के लिए आरक्षित किया गया है।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भाजपा धर्म के आधार पर आरक्षण के पूरी तरह खिलाफ है और इसका विरोध करती रहेगी। उन्होंने आगे कहा, भाजपा इसके खिलाफ है और हम इसका विरोध करते रहेंगे। धर्म के आधार पर आरक्षण भारतीय संविधान के तहत मान्य नहीं है। सरकारी ठेकों में आरक्षण पूरी तरह असंवैधानिक है। इसे केवल सामाजिक पिछड़ेपन के आधार पर अनुमति दी जा सकती है, लेकिन किसी धार्मिक समुदाय को सीधे तौर पर देना मान्य नहीं है। कर्नाटक सरकार के इस फैसले के कारण नई सियासी बहस शुरू हो गई है। भाजपा ने इसे सांप्रदायिक पक्षपात करार दिया है, जबकि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार का कहना है कि यह कदम आर्थिक अवसरों में समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। प्रसाद ने कर्नाटक सरकार और कांग्रेस नेतृत्व पर तीखा हमला किया और मुस्लिम ठेकेदारों के लिए चार फीसदी आरक्षण के फैसले के लिए कांग्रेस नेतृत्व की आलोचना की। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर राजनीतिक लाभ के लिए इस कदम को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए प्रसाद ने कहा, वे कई बार हारने के बाद भी सबक नहीं ले रहे हैं। कर्नाटक में यह आरक्षण राहुल गांधी के संरक्षण में बढ़ाया गया है। सिद्धारमैया इसमें खुद इसकी घोषणा करने की न तो हिम्मत है और न ही राजनीतिक ताकत। उन्होंने आगे राहुल गांधी पर वोट बैंक की राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, राहुल गांधी सोचते हैं कि वह इस वोट बैंक की राजनीति से नेतृत्व कर सकते हैं। कांग्रेस जो तुष्टिकरण और वोटबैंक की राजनीति के नए मानक स्थापित कर रही है, वे देश के लिए हानिकारक हैं।

### जम्मू कश्मीर में गिरे हुए पेड़ों के विशाल भंडार के बावजूद

# लकड़ी की नीलामी में अप्रत्याशित कमी

**सुरेश एस डुग्गर**
**जम्मू, 15 मार्च।** जम्मू कश्मीर में गिरे हुए पेड़ों के विशाल भंडार के बावजूद, पिछले दो वर्षों में लकड़ी की नीलामी में काफी कमी आई है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि इसके परिणामस्वरूप राजस्व सृजन में भारी गिरावट आई है। प्राप्त आंकड़ों से पता चलता है कि सामाजिक वानिकी विभाग (एसएफडी) द्वारा अपनी लकड़ी की नीलामी से अर्जित राजस्व 2022-23 में 480 लाख रुपए से घटकर चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक केवल 124 लाख रुपए रह गया है। 2023-24 में, राजस्व 166 लाख रुपए था।



आय में तेज गिरावट ने उपलब्ध लकड़ी संसाधनों के निपटान और नीलामी में देरी और अक्षमता को लेकर चिंता बढ़ा दी है। साथ ही, प्रादेशिक वन विभाग के अंतर्गत विभिन्न प्रभागों ने गिरे हुए और सूखे पेड़ों के महत्वपूर्ण भंडार की सूचना दी है। आंकड़ों के अनुसार, अनंतनाग में 2,150 गिरे हुए पेड़ और 3,573 लकड़ियां निपटान के लिए प्रतीक्षारत हैं, जिसके बाद कुपवाड़ा में 816 पेड़ हैं। अन्य जिलों में श्रीनगर में 205 पेड़, बारामुला में 137 पेड़ और पुलवामा में 56 पेड़ शामिल हैं। जम्मू संभाग से कोई स्टॉक रिपोर्ट नहीं की गई है। इन पर्याप्त इन्वेंट्री के बावजूद, पिछले दो वर्षों में गिरे हुए पेड़ों की कोई नीलामी नहीं की गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मौजूदा दिशा-निर्देशों के तहत, वन विभाग द्वारा प्रतिबंधित क्षेत्रों से गिरे हुए और सूखे पेड़ों को जम्मू और कश्मीर वन विकास निगम को सौंप दिया जाता है। वन विकास निगम को सरकार द्वारा अनुमोदित चैनलों के माध्यम से लकड़ी की निकासी, प्रसंस्करण और नीलामी का काम सौंपा गया है। इन प्रक्रियाओं की देखरेख सर्वोच्च न्यायालय द्वारा नियुक्त गुणवत्ता और मात्रा समिति द्वारा की जाती है, जिसे पारदर्शिता और अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए 1996 में स्थापित किया गया था।

इसके विपरीत, सामाजिक वानिकी विभाग बंजर भूमि और सामुदायिक भूमि पर उगाए गए वृक्षारोपण से उत्पन्न लकड़ी और जलाऊ लकड़ी की अपनी नीलामी और बिक्री का प्रबंधन करता है। राजस्व में जो गिरावट बताई जा रही है, वह विशेष रूप से सामाजिक वानिकी निदेशालय के संचालन से संबंधित है, न कि जेकेएफडीसी से। इससे पहले, वन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण विभाग के प्रभारी मंत्री ने विधानसभा को सूचित किया कि गिरे हुए पेड़ों की गणना चल रही है। हालांकि, जेकेएफडीसी और सामाजिक वानिकी दोनों के अधिकार क्षेत्र में पिछले दो वर्षों में कोई नीलामी नहीं हुई है।

इसके अतिरिक्त, वन विभाग सरकारी नीति के अनुसार, देवदार प्रजातियों को छोड़कर, जम्मू वन नोटिस (जम्मू क्षेत्र के लिए) और कश्मीर वन नोटिस (कश्मीर क्षेत्र के लिए) के तहत स्थानीय निवासियों को वास्तविक उपयोग के लिए लकड़ी उपलब्ध कराता रहता है। नीलामी की कमी और इसके परिणामस्वरूप राजस्व में गिरावट ने प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और मूल्यवान लकड़ी के स्टॉक को खराब होने से बचाने के लिए समय पर नीलामी आयोजित करने की मांग को बढ़ावा दिया है।

# सोनीपत में भाजपा नेता की गोली मार कर हत्या

**सोनीपत, 15 मार्च (एजेंसियां)।** सोनीपत में होली के दिन ही भाजपा के मुंडलाना के मंडल अध्यक्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई। देर रात गांव जवाहरा में भाजपा नेता सुरेंद्र जवाहरा को गोली मारी गई। जमीन विवाद को लेकर पड़ोसी पर गोली मारने का आरोप है। पुलिस जांच में जुटी है।



हमलावर ने एक गोली उनके माथे में मारी और दूसरी गोली पेट में मारकर भाग गया। हमलावर उनका पड़ोसी बताया गया है। बताया जा रहा है कि सुरेंद्र ने गांव में अपनी बुआ के नाम से जमीन खरीदी थी। जिसे लेकर उनसे रंजिश थी। हमलावर ने सुरेंद्र को जमीन पर पैर नहीं रखने की धमकी दे रखी थी। सुरेंद्र ने जमीन की जुताई कराई थी। जिससे गुस्साए पड़ोसी ने हत्या की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने शव को गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह राजकीय महिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भिजवाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस का कहना है कि परिजनों के बयान दर्ज करने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। उनके बयान पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### डीआरआई ने अदालत में किया सनसनीखेज खुलासा

# सोने की तस्करी में कर्नाटक पुलिस के अफसर शामिल

**बेंगलुरु, 15 मार्च (एजेंसियां)।** सोने की तस्करी में गिरफ्तार कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव को लेकर आज राजस्व अभिसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में एक बड़ा खुलासा किया है। दूसरी ओर डीआरआई ने यह भी दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है।

कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीपीजी) के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी पर लगे अवैध व्यापार करने के आरोप मामले में बड़ी खबर सामने आ रही है। जहां राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने अदालत में कहा है कि अभिनेत्री रान्या राव के सोने की तस्करी से जुड़े रैकेट में कर्नाटक पुलिस के एक प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया गया था। डीआरआई ने दावा किया कि रान्या ने जनवरी 2023 से अब तक 27 बार दुबई की यात्रा की और उसने हवाला लेनदेन का इस्तेमाल करके भारत से दुबई में धन भेजा है।

मामले में डीआरआई ने अपनी दलील में कहा कि रान्या ने सुरक्षा को दरकिनार करने के लिए राज्य पुलिस के प्रोटोकॉल अधिकारी का इस्तेमाल किया। केंद्रीय एजेंसी ने अदालत से यह भी कहा कि रान्या ने जांच में सहयोग नहीं किया और उसके खिलाफ कई गंभीर आरोप हैं, जो भारतीय अर्थव्यवस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकते हैं।

शुक्रवार को इस मामले में अदालत ने संज्ञान में लेते हुए रान्या की जमानत याचिका को खारिज कर दी थी। इसके अलावा, कर्नाटक सरकार ने रान्या के पिता रामचंद्र राव की भूमिका की जांच के लिए अतिरिक्त मुख्य सचिव गौरव गुप्ता को नियुक्त किया था। लेकिन, कुछ घंटों बाद इस आदेश को वापस ले लिया गया। इस मामले की जांच प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) भी कर रहे हैं। साथ ही मामले में कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने इल्जाम लगाया है कि राजस्व खुफिया निदेशालय के अफसर ने उन्हें कई बार थप्पड़ मारे, खाना नहीं दिया और उनसे सादे कागज पर दस्तखत करने को कहा। अतिरिक्त महानिदेशक को लिखे एक खत में रान्या राव ने कहा कि वह निर्दोष हैं और उन्हें गलत केस में फंसाया जा रहा है।

कन्नड़ अभिनेत्री और कर्नाटक पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव को तीन मार्च को सोना तस्करी मामले में बेंगलुरू एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया गया था। उनके पास से 12.56 करोड़ रुपए का सोना बरामद होने के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। उसके बाद डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु स्थित उनके घर पर भी छापा मारा। वहां से उन्हें 2.06 करोड़ रुपए के सोने के आभूषण और 2.67 करोड़ रुपए नकद भी बरामद किए गए।

# एजेंट नेहा के फेर में गगनयान तक की जानकारी दे दी

**आगरा, 15 मार्च (एजेंसियां)।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने आगरा से ऑर्डिनेंस फैक्ट्री फिरोजाबाद के चार्जमैन रवींद्र कुमार और उसके साथी को गिरफ्तार किया है। रवींद्र पर पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने का आरोप है। उसने आईएसआई हैंडलर को फैक्ट्री के गोपनीय दस्तावेज भेजे थे। एक महिला एजेंट ने फेसबुक पर नेहा शर्मा नाम से फर्जी अकाउंट बनाकर रवींद्र को फंसाया। उसने खुद को आईएसआई से जुड़ा बताया और पैसे का लालच देकर संवेदनशील जानकारी हासिल की। रवींद्र ने डेली प्रोडक्शन रिपोर्ट, ड्रोन, गगनयान प्रोजेक्ट और स्क्रीनिंग कमेटी के गोपनीय लेटर साझा किए।

एटीएस को रवींद्र के मोबाइल से 51 गोरखा राइफल्स के अफसरों, लॉजिस्टिक ड्रोन ट्रायल और ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के वरिष्ठ अधिकारियों से जुड़े दस्तावेज मिले। व्हाट्सएप चैट से भी कई सबूत बरामद हुए।

जांच में पता चला कि पिछले साल फेसबुक पर उसकी नेहा शर्मा से दोस्ती हुई थी। रवींद्र ने फिरोजाबाद के हजरतपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री की पेंडिंग रिक्विजिशन लिस्ट भी लीक की थी। एटीएस अब पूरे नेटवर्क का पता लगा रहा है।

# आईसीयू में बरसे रंग : गोली लगने से घायल छात्र संग डॉक्टर ने खेली होली, गुलाल लगाकर दी बधाई

**परिजन हुए भावुक**

**मुजफ्फरपुर, 15 मार्च (एजेंसियां)।** मुजफ्फरपुर के एक निजी अस्पताल के आईसीयू में भी होली का एक अनोखा रंग देखने को मिला। गोली लगने से गंभीर रूप से घायल एक छात्र का इलाज कर रहे चिकित्सक ने जब उसी मरीज के माथे पर गुलाल लगाकर उसे होली की बधाई दी, तो अस्पताल का गंभीर माहौल भी कुछ पल के लिए रंगीन हो उठा।

दरअसल, शहर के एक निजी अस्पताल में इलाजरत घायल छात्र को चिकित्सक डॉ. गौरव वर्मा ने इलाज के बाद गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। यह क्षण न केवल आईसीयू के लिए खास रहा, बल्कि मरीज और उसके परिजनों के लिए भी एक भावुक अनुभव बन गया। डॉक्टर की इस मानवीय पहल ने इलाज के साथ-साथ भावनात्मक जुड़ाव की भी मिसाल पेश की।



जानकारी के अनुसार, घायल छात्र श्री प्रकाश एक पैक्स अध्यक्ष का पुत्र है। वह बीते शाम को गोली लगने के बाद गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती हुआ था। बताया जा रहा है कि उसके ही एक दोस्त ने उसे गोली मार दी थी, जिससे छात्र को पेट में अग्नाशय (पैंक्रियाज) के पास गंभीर चोट लगी थी। समय रहते इलाज शुरू होने से उसकी जान बच गई। अब छात्र की हालत स्थिर है और वह खतरे से बाहर है। घायल छात्र के इलाज में जुटे डॉ. गौरव वर्मा ने बताया कि छात्र की हालत अब ठीक है। जब जीवन की जंग जीतने की ओर वह कदम बढ़ा रहा है, तो हमने चाहा कि उसे एक सामान्य और सुकूनभरा माहौल मिले। अस्पताल की दीवारों के बीच दर्द और तनाव के बीच अगर हम थोड़ी खुशियां बांट सकें तो मरीज का मनोबल भी बढ़ता है। इसी सोच के तहत हमने छात्र को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आगे कहा कि अस्पतालों में अक्सर एक उदासी का माहौल रहता है, लेकिन अगर किसी मरीज को मानसिक तौर पर भी थोड़ा सुकून और खुशी मिले तो उसका इलाज भी बेहतर होता है।

छात्र श्री प्रकाश के पिता और अन्य परिजनों ने डॉक्टर की इस मानवीय पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिस डॉक्टर ने हमारे बेटे को नई जिंदगी दी, उसी ने हमें इस कठिन समय में मुस्कुराने की एक वजह भी दी है। यह पल हमारे लिए कभी नहीं भूलने वाला है।

### उपभोक्ताओं के हित में योगी सरकार का बड़ा फैसला

# अब ऑनलाइन होगी बिजली लोड वृद्धि प्रक्रिया

**लखनऊ, 15 मार्च (एजेंसियां)।** योगी सरकार ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। अब बिजली लोड बढ़ाने की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन होगी। उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) ने इसके लिए नई प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे उपभोक्ता बिना बिजली दफ्तर गए ही अपना लोड बढ़ा सकेंगे।

प्रदेश के उपभोक्ता यूपीपीसीएल की वेबसाइट पर जाकर लोड परिवर्तन अनुरोध के लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यूपीपीसीएल के अध्यक्ष डॉ. आशीष गोयल ने कहा कि योगी सरकार पारदर्शिता और सुविधा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इस डिजिटल प्रक्रिया से उपभोक्ताओं को तेजी, शुचिता और समयबद्ध सेवा मिलेगी। योगी सरकार के इस फैसले से प्रदेश के लाखों बिजली उपभोक्ताओं को फायदा होगा। अब उन्हें बिजली विभाग के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ेगी, और वे आसानी से अपना लोड बढ़ा सकेंगे

# आमिर खान ने किया गौरी के साथ रिश्ते का खुलासा



आमिर खान इस महीने अपने जन्मदिन पर अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बड़ा खुलासा किया। इस खास मौके पर एक्टर ने अपनी 25 साल पुरानी दोस्त गौरी के बारे में भी बात की। उन्होंने प्रेस मीट के दौरान अपनी गर्लफ्रेंड गौरी को मीडिया से मिलवाया। उन्होंने कहा, 'गौरी और मैं 25 साल पहले मिले थे और अब हम पार्टनर हैं। हम एक-दूसरे के लिए काफी सीरियस हैं। हम डेढ़ साल से साथ हैं। आमिर खान पिछले कुछ समय से गौरी को डेट कर रहे थे। यह रिश्ता उन्होंने दुनिया से छुपा कर रखा था। लेकिन रिपोर्ट्स की माने तो उन्होंने बेहद करीबी कुछ लोगों से गौरी को मिलवाया था। शाहरुख खान और सलमान खान से भी उन्होंने अपनी गर्लफ्रेंड का परिचय कराया। वहीं इससे पहले उन्होंने परिवार के कुछ सदस्यों को भी गौरी से मिलवाया था।

## सिर्फ 7 लोगों से की थी मिस्टर परफेक्शनिस्ट की गर्लफ्रेंड ने मुलाकात

आमिर खान की नई गर्लफ्रेंड गौरी की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो वायरल हो रही है। आमिर खान की नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रेट पहले से शादीशुदा हैं। दोनों की दोस्ती 25 साल पुरानी है। खबरों की मानें तो गौरी का एक 6 साल का बेटा भी है। आमिर खान और गौरी शादी करेंगे या नहीं... यह अभी पता नहीं है।

**आमिर खान की मां जीनत हुसैन मिल चुकी हैं गौरी से**

आमिर खान अपनी नई गर्लफ्रेंड गौरी को मां जीनत हुसैन से मिलवा चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक एक फैमिली फंक्शन में आमिर खान की मां ने गौरी से मिली और उनके साथ समय बिताया। उन्हें गौरी पसंद आईं।

**आमिर की बहन फरहत और गौरी की बनती है**

खबरों की मानें तो आमिर खान की बहन फरहत भी भाई की नई गर्लफ्रेंड गौरी से मिल चुकी है। यही नहीं दोनों के बीच दोस्ती भी है। एक फैमिली फंक्शन के दौरान दोनों के बीच जबरदस्त बॉन्डिंग देखी गई।

**आमिर खान की बहन निखत और भांजी से भी खूब बनती है गौरी की**

फरहत के साथ-साथ गौरी के रिश्ते आमिर खान की दूसरी बहन निखत से भी अच्छे हैं। साथ ही उनकी बेटी यानी आमिर की भांजी से भी गौरी की खूब बनती है।

**आइरा खान और जुनैद खान भी मिले हैं गौरी से**

आमिर खान ने अपनी प्रेस मीट में खुलासा किया है कि उनके बच्चे भी गौरी से मिल चुके हैं। उन्होंने गौरी को काफी पसंद किया हैं। उनके बच्चे उनकी खुशी में खुश हैं।

**दोस्त सलमान और शाहरुख भी मिले गौरी से**



सलमान खान ने अपने जन्मदिन के खास मौके पर करीबी दोस्तों सलमान और शाहरुख से गौरी की मुलाकात कराई।

# स्क्रीन से दिलों तक! निमरत कौर के अविस्मरणीय किरदारों पर एक नज़र

भारतीय सिनेमा की सबसे प्रतिभाशाली अभिनेत्रियों में से एक निमरत कौर ने हमेशा अपनी समकालीन अभिनेत्रियों से अलग रास्ता चुना है। उन्होंने अपने किरदारों के ज़रिए सादगी और गहराई को पर्दे पर उतारकर खुद को एक सशक्त अदाकारा के रूप में साबित किया है। उनकी भूमिकाएँ अक्सर जटिल और असाधारण होती हैं, जिससे उनकी अदाकारी का दायरा और भी व्यापक दिखता है। अपने जन्मदिन के अवसर पर, आइए नज़र डालते हैं निमरत कौर के 5 सबसे प्रभावशाली किरदारों पर, जो गहराई, प्रामाणिकता और आकर्षण से भरपूर हैं।

**द लंचबॉक्स:**निमरत कौर ने इस फिल्म में इला नाम की एक मध्यमवर्गीय गृहिणी की भूमिका निभाई, जिसने उन गृहिणियों की जिंदगी को दिखाया, जिनकी आवाज़ अक्सर दबा दी जाती है। अपने पति से भावनात्मक जुड़ाव और पहचान की तलाश में, इला का एक अनजान शख्स से लंचबॉक्स की गलत अदला-बदली एक नया मोड़ ले आती है। इस किरदार के ज़रिए निमरत कौर ने संवेदनशीलता और सादगी को बेहद खूबसूरती से पर्दे पर उतारा।

**एयरलिफ्ट:** फिल्म एयरलिफ्ट में निमरत कौर ने अमृता कटियाल की भूमिका निभाई, जो अक्षय कुमार के किरदार की पत्नी होने के साथ-साथ फिल्म की एक मज़बूत कड़ी भी बनीं। इस किरदार में उन्होंने न सिर्फ एक सशक्त गृहिणी का रूप दिखाया, बल्कि अपने पति के मिशन में उनका पूरा साथ देकर दृढ़ निश्चय और आत्मविश्वास का परिचय दिया। इस दमदार किरदार के लिए उन्हें काफी सराहना भी मिली।

**सजिनी शिंदे का वायरल वीडियो:**

इस थ्रिलर फिल्म में निमरत कौर ने अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया। उन्होंने एक तेज़-तर्रार जांच अधिकारी की भूमिका निभाई, जो सजिनी शिंदे (राधिका मदान) नाम की एक स्कूल टीचर के रहस्यमयी तरीके से गायब होने की गुत्थी सुलझाने में जुटी है। अपने दमदार अभिनय, स्वाभाविक हाव-भाव और गहरी पकड़ के साथ उन्होंने इस फिल्म में जान डाल दी।

**होमलैंड:** निमरत कौर ने भारतीय सिनेमा से आगे बढ़कर अमेरिकी टीवी सीरीज़ 'होमलैंड' में भी अपनी जगह बनाई। इस शो में उन्होंने तसनीम कुरैशी नाम की पाकिस्तान की इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (खडख) एजेंट और बाद में डायरेक्टर जनरल की भूमिका निभाई। इस किरदार में उन्होंने एक चालाक, लेकिन अपने देश के प्रति निष्ठावान एजेंट का किरदार निभाया, जिसने दर्शकों पर गहरी छाप छोड़ी।

**द टेस्ट केस:** वेब सीरीज़ 'द टेस्ट केस' में निमरत कौर ने अपनी अदाकारी का एक नया रूप दिखाया। उन्होंने कैप्टन शिखा शर्मा का किरदार निभाया, जो भारतीय सेना की स्पेशल फोर्सेज में शामिल होने वाली अकेली महिला होती हैं। वह एक ऐसे कठिन प्रशिक्षण को पूरा करने के लिए संघर्ष करती हैं, जो महिलाओं को लड़ाकू भूमिका में शामिल करने की परीक्षा बनता है। इस प्रेरणादायक भूमिका में निमरत कौर ने अपने बेहतरीन अभिनय से हर किसी को प्रभावित किया।


**नए रास्तों पर चलने की हिम्मत:**

निमरत कौर ने हमेशा पारंपरिक सीमाओं को तोड़ते हुए अपने करियर को नया मोड़ दिया है। उन्होंने कभी एक ही तरह के किरदारों में बंधकर नहीं रखा, बल्कि हर प्रोजेक्ट के साथ अपने अभिनय की नई ऊंचाइयों को छुआ। उनके दमदार किरदार और शानदार परफॉर्मेंस हमेशा याद रखे जाएंगे!



# साड़ी में कहर बरपाती दिखीं तमिल की हसीना यशिका आनंद

साउथ इंडस्ट्री की खूबसूरत अभिनेत्री यशिका आनंद अक्सर अपने हॉट और बोल्ड लुक्स से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही बवाल मचाने लगता है। भले ही एक्ट्रेस इन दिनों किसी फिल्म में नजर नहीं आ रही हैं, लेकिन आए दिन अपनी खूबसूरत फोटोज शेयर फैंस को अपने हुस्न का कायल बनाती रहती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर लुक देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।एक्ट्रेस यशिका आनंद हमेशा अपने बोल्ड और स्टनिंग लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं।अब हाल ही में एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से बेकाबू हो गए हैं।बता दें कि एक्ट्रेस यशिका आनंद जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी हर एक तस्वीर और वीडियोज पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हुए नहीं थकते हैं।हालिया शेयर की गई फोटोज में आप देख सकते हैं उन्होंने लैवेंडर कलर की नेट लुक में साड़ी पहनी हुई है, जिसके सीक्वेन्स में उन्होंने स्लीवलेस ब्लाउज कैरी किया है।गले में नेकलेस, कानों में इयररिंग्स और लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस यशिका आनंद ने अपने आउटलुक को बेहद ही शानदार तरीके से कंप्लीट किया है। उनका ये कातिलाना अवतार इंटरनेट पर तबाही मचा रहा है।बता दें कि यशिका आनंद सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।



# बॉलीवुड की नई सेंसेशन बनीं श्रीलीला

साउथ की ग्लैमरस एक्ट्रेस श्रीलीला इन दिनों बॉलीवुड में अपनी एंट्री से पहले ही खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। एक ओर जहां वो पुष्पा 2 के आइटम सॉन्ग किसिक में अपनी दमदार परफॉर्मेंस से लोगों का दिल जीत चुकी हैं, वहीं दूसरी ओर उनका नाम बॉलीवुड के सुपरस्टार कार्तिक आर्यन के संग जुड़ रहा है।खबरों के मुताबिक श्रीलीला, आशिकी फ्रेंचाइज़ी की अगली फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ बॉलीवुड डेब्यू करने जा रही हैं। हाल ही में दोनों को एक प्राइवेट फैमिली फंक्शन में एक साथ देखा गया। इसके बाद से दोनों के रिलेशन की चर्चाएं तेज हो गई हैं। सोशल मीडिया पर आईफा 2025 के एक वीडियो में कार्तिक की मां माला तिवारी से जब होने वाली बहू को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा, घर की डिमांड है एक बहुत अच्छी डॉक्टर।श्रीलीला का जन्म 2001 में अमेरिका के डेट्रॉइट में हुआ था। वे तेलुगू परिवार से ताल्लुक रखती हैं।



उन्होंने 2017 में एक्टिंग करियर की शुरुआत की और किस और भराटे जैसी कन्नड़ फिल्मों से पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने तेलुगू इंडस्ट्री में भगवंत केसरीळ और गुंटूर कारमळ जैसी बड़ी फिल्मों में काम किया। रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्होंने एक फिल्म के लिए 4 करोड़ तक चार्ज किया है।एक्ट्रेस होने के साथ-साथ श्रीलीला डॉक्टर भी हैं। उन्होंने एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की है। इतना ही नहीं, वे एक ट्रेंड भरतनाट्यम डांसर भी हैं। उन्होंने 2021 में मेडिकल की डिग्री हासिल की थी।श्रीलीला की मां स्वर्णलता बैंगलोर की एक मशहूर गायनोकोलॉजिस्ट हैं। उनके पिता सुरपनेनी सुभाकर राव एक इंडस्ट्रियलिस्ट हैं जिनसे उनकी मां का तलाक हो चुका है। श्रीलीला, साउथ सुपरस्टार यश और उनकी पत्नी राधिका पंडित के भी बेहद करीब मानी जाती हैं और उन्हें जीजू और अक्का कहकर बुलाती हैं।श्रीलीला अब सिर्फ साउथ की नहीं, जल्द ही बॉलीवुड की भी बड़ी स्टार बनने की ओर हैं। कार्तिक आर्यन संग अफेयर की खबरें भले अभी अफवाह हों, लेकिन इससे उनकी पॉपुलैरिटी और बढ़ गई है।

# एकता कपूर ने रामकपूर पर किया कटाक्ष, हम बड़े अच्छे लगते हैं

राम कपूर बीते कई दिनों से चर्चा में बने हुए हैं। उन्होंने शानदार ट्रांसफॉर्मेशन किया है। उनके वेट लॉस पर लोगों की नजरें टिक गईं। एक्टर फैट टू फिट हो गए और कई लोगों ने सवाल खड़े किए कि आखिर उन्होंने अपना वजन कैसे कमकिया है। कई लोगों ने कहा कि उन्होंने



ओजम्पिक उपचार लिया है, जिस पर बीते दिनों उन्होंने सफाई दी और इन दावों को खारिज करते हुए कहा कि उन्होंने इस तरह का कोई उपचार नहीं लिया। साथ ही बताया कि जिम में पसीना बहाकर और मेहनत करके उन्होंने अपना वजन कम किया है।

अब इसी बीच निर्माता एकता कपूर ने अभिनेता राम कपूर पर कटाक्ष किया। 'बड़े अच्छे लगते हैं' का निर्माण एकता कपूर ने किया था। इसमें राम कपूर और साक्षी तंवर मुख्य जोड़ी के रूप में थे। उन्हें प्रशंसकों ने बेहद पसंद किया और शो बहुत हिट हुआ।

इंस्टाग्राम पर अपने हालिया पोस्ट में एकता कपूर ने अपने प्रशंसकों से वजन कम करने के लिए सुझाव मांगे। एकता के शो बड़े अच्छे लगते हैं में अभिनय करने वाले अभिनेता राम कपूर ने हाल ही में दावा किया था कि उनका 55 किलो वजन कम होना ओजम्पिक या सर्जरी की वजह से नहीं था। अपने इंस्टाग्राम वीडियो में एकता ने कहा कि हाल ही में उनका वजन काफी बढ़ गया है और इसे कम करने के लिए उन्हें सुझावों की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मुझे क्या करना चाहिए, मेरा वजन काफी बढ़ गया है। क्या मुझे एंटी-इंफ्लेमेटरी डाइट लेनी चाहिए? मौनजारो? ओजम्पिक? ये सब? अपना मुंह बंद कर लूं? या छोड़ दूं? हम बड़े ही अच्छे लगते हैं!' कैप्शन में उन्होंने लिखा, 'ओजम्पिक हो जाए।'

**राम ने दी सफाई**

हाल ही में राम कपूर ने अपने वजन घटाने के बाद आए बदलाव से इंटरनेट यूजर्स को चौंका दिया था। पिछले महीने उन्होंने यह बताने के लिए एक इंस्टाग्राम वीडियो बनाया कि बहुत से लोग उनसे पूछ रहे हैं कि क्या वह ओजम्पिक या अन्य दवाओं पर हैं या 55 किलो वजन कम करने के लिए कोई सर्जरी करवाई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह ओजम्पिक पर नहीं हैं और उन्होंने अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है। उन्होंने कहा, 'चार से छह महीनों के भीतर, मैं ब्लॉक के साथ एक रॉक सॉलिड 6-पैक पाने जा रहा हूं। इसे कठिन तरीके से करना होगा। समझे! लेकिन जिसने भी ओजम्पिक या सर्जरी करवाई है, तो क्या हुआ? आप सभी के लिए अच्छा है।

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

क्या आप जानते हो

## नुकीली चोंच वाली स्वॉर्डफिश



**स्वॉर्डफिश** एक हिंसक मछली है, जो काफी ज्यादा प्रवास करती है। इसकी तेज-नुकीली तलवार जैसी चोंच की वजह से ही इसे स्वॉर्डफिश नाम दिया गया है। ये कोल्ड ब्लडेड होती हैं इसलिए सर्दी के मौसम में यह गर्म समुद्रों की ओर और गर्मी में ठंडे पानी की तलाश में प्रवास करती हैं। इनकी विशेषता होती है कि यह अपने हिसाब से अलग-अलग अंगों को गर्म कर सकती है। बोनी फिश जाति की 25,000 मछलियों में से केवल 22 मछलियों के पास ही यह खूबी है, स्वॉर्डफिश इन्हीं में से एक है। जरूरत पड़ने पर स्वर्डफिश सिर्फ अपने दिमाग और आंखों को गर्म कर सकती हैं जिससे इसे देखने और तैरने में काफी मदद मिल जाती है। इनका शरीर लंबा और गोलाई लिए होता है। वयस्क होने तक इनके सभी दांत और स्केल्स गिर जाते हैं। स्वॉर्डफिश की अधिकतम लंबाई 455 सेमी और वजन 540 किग्रा तक हो सकता है और जीवनकाल करीब 9 वर्षों का होता है।

स्वॉर्डफिश अकेले ही तैरना पसंद करती हैं। अन्य मछलियों की तरह स्वॉर्डफिश झुंड में नहीं तैरती हैं। तैरते हुए एक स्वॉर्डफिश वहीं तैर रही दूसरी स्वॉर्डफिश से लगभग 10 मीटर की दूरी बनाकर ही तैरती है। इसकी तेज और नुकीली चोंच के कई फायदे हैं। यह इसे शिकार करने में काफी मददगार होती है। वैसे तो स्वॉर्डफिश के प्राकृतिक शिकारी कम ही हैं, लेकिन जो हैं उन्हें भी इसका शिकार करने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है या यूं कहें कि यह कोई आसान शिकार नहीं है। मैको शार्क ऐसे ही कुछ समुद्री जीवों में से है, जो स्वॉर्डफिश का शिकार करने में सक्षम है।

स्वॉर्डफिश दुनियाभर के समुद्रों में पाई जाती है। अपनी स्ट्रीमलाइंड बॉडी और तीखी-नुकीली चोंच की वजह से इसके लिए तैरना काफी आसान हो जाता है। यह काफी तेज़ी से तैरती है, यहां तक कि 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से भी तैर सकती हैं।

वैसे तो स्वॉर्डफिश उकसाए बिना इंसानों पर हमला नहीं करती लेकिन वार किए जाने पर यह काफी खतरनाक हो जाती है। स्वॉर्डफिश को पकड़ने के लिए बड़ी चुनौती होती है इसकी स्पीड। जब मछुआरे इसे पकड़ने के लिए इस पर भाले से प्रहार करते हैं तो नाकाम होने पर स्वॉर्डफिश उनकी नावों के तख्तों में छेद तक कर सकती है।

स्वॉर्डफिश व्यंजन के रूप में भी काफी प्रसिद्ध है। दुनियाभर में कमर्शियल फिशरीज़ में स्वॉर्डफिश भी आमतौर पर रखी जाती हैं और इसकी सबसे ज्यादा मांग उत्तरी अमेरिका और योरप में है।

## खुशबूदार फूल चमेली



**चमेली** एक खुशबूदार फूल है। यह सारे भारत में पाया जाता है। आमतौर पर चमेली की बेल घरों, बगीचों में आसानी से देखी जा सकती है, जिसकी खुशबू मादक और मन को प्रसन्न करती है।

उत्तरप्रदेश के फर्रुखाबाद, जौनपुर और गाजीपुर जिले में इसे व्यावसायिक तौर पर काफी बड़ी मात्रा में उगाया जाता है। चमेली के फूल, पत्ते तथा जड़ तीनों ही औषधीय कार्यों में प्रयुक्त किए जाते हैं।

इसके फूलों से तेल और इत्र का निर्माण भी किया जाता है। चमेली के पत्ते हरे और फूल सफेद रंग के होते हैं, परंतु कहीं-कहीं पीले रंग के फूलों वाली चमेली की बेलें भी पाई जाती हैं।

इसका स्वाद तीखा और सुगंधित होता है। चमेली का तेल और इत्र एक व्यावसायिक उत्पाद है, जो चमेली के फूलों से बनाया जाता है। चमेली का रस पीने से वात और कफ में काफी आराम मिलता है। यह शरीर को चुस्त-दुरुस्त और मन को प्रसन्न रखती है।

तिलिस्मी कथा

# हातिम की दरियादिली



**हातिमताई** की कहानी से आप सभी वाकिफ होंगे जिसमें शहजादी हुस्नबानो ने यह शर्त रखी कि जो कोई भी मेरे सवालों को पूरा करेगा, उसको मैं कबूल (स्वीकार) करूंगी। वह सात सवाल थे –

1. वह कौन सी चीज है जिसे एक बार देखा है, दूसरी दफा देखने की आरजू है!
2. नेकी कर दरिया में डाल, कौन कहता है?
3. बदी किसी से न कर – कर बुरा होगा बुरा।
4. सच कहने वाले को खुशी हासिल होती है।
5. कोहनिदा की खबर ला दे।
6. वह मोती जो मुर्गे के अंडे के बराबर है।
7. हम्माम बाग गर्द की खबर लाकर दे।

हातिम ने सातों सवालों के जवाब पूरे कर दिए थे।

अब एक किस्सा पढ़िए। हातिम कई दिनों तक बस चलता ही रहा और एक भयानक जंगल में पहुंचा। वहां उसे किसी के रोने की आवाज सुनाई दी। हातिम उस ओर चल पड़ा जिधर से आवाज आ रही थी। वहां पहुंचकर उसने देखा कि एक जवान सिपाही फूट-फूटकर रो रहा है। हातिम ने कहा – 'तू मुझे अपनी पूरी कहानी कह सुना।'

वह जवान कहने लगा – मैं एक सिपाही हूं। रोजगार के वास्ते अपने शहर से निकला था। राह भूलकर इस शहर में आ पहुंचा और बस्ती वालों से पूछने लगा कि इस बस्ती के हाकिम का क्या नाम है? किसी ने बताया कि इस शहर का मालिक मसखरा जादूगर है। इस डर से मैं वहां से भागकर जंगल में आ गया लेकिन मुझे क्या पता था कि मुसीबतें यहां भी मेरा पीछा छोड़ने वाली नहीं हैं। इत्तफाक से राह में एक बाग मिला जो बड़ा ही खूबसूरत और दिलचस्प था। मैं बाग के अंदर घूमने चला गया। अभी बाग के अंदर में चार कदम चला ही था कि इतने में सुंदर लड़कियों का एक समूह आया। उन सबने जरी के चमचमाते कपड़े पहन रखे थे। उन लड़कियों ने दौड़कर मेरे बारे में जादूगर की बेटी बताया और फिर मुझे एक मकान में ले गईं।

जादूगर की बेटी ने मुझे अपने पास बिठाया। इतने में ही उसका बाप मसखरा जादूगर बाग में दाखिल हुआ। वह पहले तो मेरे घोड़े को देखकर पूछने लगा कि यह घोड़ा किसका है? किसी ने डर के मारे उसे जवाब न दिया। इतने में दाई ने आकर कहा कि ऐ खुदाबंद करीम, शहजादी अब जवान हो चुकी है। यह मुसाफिर बहुत ही अक्लमंद है और किसी बड़े आदमी का बेटा मालूम होता है। बेहतर यही है कि तुम इसके साथ अपनी बेटी की शादी कर दो। तब उसने अपनी बेटी से पूछा कि तेरी मर्जी क्या है? उसने कहा कि मैंने इसे अपना पति स्वीकार किया।

जादूगर बोला – ठीक है मगर मेरी एक शर्त है। अगर यह मेरे तीन काम पूरा करदे तभी मैं इसकी शादी अपनी बेटी से करूंगा। मैंने पूछा कि वे तीन चीजें क्या हैं ? जादूगर ने कहा – 'जलपरी का एक जोड़ा, लाल सांप की मणि लाकर दो और खौलते घी के कड़ाह में कूदकर सही सलामत निकल आओ।' उसके इन तीन कामों को सुनकर मैं बहुत घबराया और तब से इस बियावान जंगल में पड़ा हूं।

हातिम ने कहा – 'ऐ जवान ! मैं खुदा की राह चलकर तेरी माशूका से तुझे मिला दूंगा।' फिर हातिम उससे विदा लेकर चला गया। थोड़ी दूर जाकर क्या देखता है कि एक किले में लोग बहुत सी लकड़ियां जमा करके उन्हें जला रहे हैं। पूछने पर लोगों ने बताया कि यहां एक जानवर बहुत आफत मचाने आता है और रोज दो-तीन आदमी खाता है। हातिम ने उस रात पहली बार वह जानवर देखा। उसके आठ पांव और सात सिर हैं। और वह हाथी, जैसा दिखता है। उसको तीन आंखें हैं। यह देखकर हातिम को ख्याल आया कि अगर बीच की आंख किसी भी तरह फूट जाए तो वह भाग जाएगा। और अगली रात ऐसा ही हुआ। हातिम ने एक तीर चलाकर उसकी बीच वाली आंख घायल कर दी। वह तड़पता हुआ भाग गया।

फिर एक दिन हातिम ने देखा कि एक सांप नेवले में लड़ाई हो रही है। दरअसल, वे दोनों जिन्न थे। उनमें से एक की बेटी से दूसरा आदमी शादी करना चाहता था, पर वह नहीं कर रहा था। हातिम ने उन्हें समझाकर शांत किया। उस बेटी का बाप एक बादशाह था। इस सुलह से खुश होकर उसने हातिम को सुर्ख सांप की मणि दी।

अब हातिम जलपरी ढूंढ़ने निकला। वह एक दरिया किनारे पहुंचा। रात को वह वहीं सो गया। तभी अचानक वह जागा। उसने सुना दो जलपरियां (एक मादा और एक पुरुष) आपस में बात कर रहे हैं कि आज की रात हातिम नाम का एक आदमी आया है। वह हमसे मिलना चाहता है। इसके बाद वे दोनों हातिम के नजदीक आए। उन्होंने हातिम की दरियादिली की तारीफ की। फिर जलपरी ने बच्चों का एक जोड़ा हातिम को दिया। हातिम ने जलपरी का जोड़ा और मणि उस जवान को दे दिया।

अब तीसरी शर्त पूरी करने की बारी थी। मसखरे जादूगर ने अपने लोगों को बुला कर कहा कि एक लोहे के कड़ाह में घी भर कर भट्टी पर रखो और उसे तेज आंच में गर्म करके खौलावो। यह सुनकर जवान डरा और हातिम से कहने लगा कि इस कड़ाह के गर्म घी से मैं जीवित नहीं बचूंगा।

तब हातिम ने उसे दिलासा देकर कहा, तुम यह ताबीज अपने मुंह में रख लो और बेधड़क इस खौलते घी में कूद जाओ। उस जवान ने यही किया। तो उसे गर्म घी ठंडे पानी जैसा लगा। मसखरे जादूगर ने जब देखा कि जवान खौलते घी में नहीं जला तो बहुत खुश हुआ, और अपने शर्त और अपने रस्म के मुताबिक अपनी बेटी का निकाह उसके साथ कर दिया। मसखरा जादूगर जवान से बोला कि यह सारा मुल्क और धन-दौलत मैं तुझे अपनी बेटी के साथ के साथ देता हूं। इसके बाद हातिम अगली यात्रा पर चल पड़ा।


## होली आई रे



**लेकर** रंगों की बहार इन्द्रधनुषी रथ पर होकर
सवार ढेरों खुशियां संग लाई रे होली आई रे,
आई रे, होली आई रे।
रंगों की हो रही बौछार आई रंगों की बहार,
लाल, हरा, गुलाबी, पीला कहीं पर काला,
कहीं है नीला बच्चों के हाथों की पिचकारी छूटी
ऐसे मार किलकारी डाल गई सतरंगी फुहार
सब ओर मस्ती छाई रे, होली आई रे, आई रे,
होली आई रे।
टोली में सब घूम रहे हैं, ढोलक के संग झूम
रहे हैं, गब्बारों को चूमें जैसे आओ खेलें धूम
मचाएं एक-दूजे संग होली मनाएं भूलें सब
आपस के बैर समझें न आज किसी को गैर
अजब खुशी-सी छाई रे होली आई रे, आई रे,
होली आई रे।
यह संसार रंगों से भर दो सबके सपने सच्चे
कर दो मिल जाओ आपस में ऐसे पानी में रंग
घुलते जैसे होली की पवित्रता को बच्चो हमेशा
कायम रखना देखो इसकी मर्यादा का
उल्लंघन तुम कभी न करना बस रहना सब
घुलमिल कर यह संदेशा लाई रे होली आई रे,
आई रे, होली आई रे।

रास्ता ढूंढें

यह लड़की आइसक्रीम तक पहुंचने का रास्ता भूल गई है। क्या आप इसकी मदद करेंगे?




## चाणक्य का नीति-दर्पण

**चाणक्य नीति**-दर्पण कहता है कि आचार्य चाणक्य भारत का महान गौरव है। चाणक्य कर्तव्य की वेदी पर मन की भावनाओं की होली जलाने वाले एक धैर्यमूर्ति भी थे। और उनके इसी आचरण पर भारत को गर्व है।

महान शिक्षक, प्रखर राजनीतिज्ञ एवं अर्थशास्त्रकार चाणक्य का भारत में स्थान विशेष है। वे स्वभाव से स्वाभिमानी, संयमी तथा बहुप्रतिभा के धनी थे। चाणक्य ने अपने निवास स्थान पाटलीपुत्र से तक्षशीला प्रस्थान कर शिक्षा प्राप्त की और राजनीति के प्रखर प्राध्यापक बने। उन्होंने हमेशा ही देश को एकसूत्र में बांधने का प्रयास किया। भारत भर के जनपदों में वे घूमें। एक सामान्य आदमी से लेकर बड़े-बड़े विद्वानों को उन्होंने राष्ट्र के प्रति जागृत किया।

अपने पराक्रमी शिष्य चन्द्रगुप्त मौर्य को मगध के सिंहासन पर बिठाने के बाद वे महामंत्री बने पर फिर भी एक सामान्य कुटिया में रहे। और अपने त्याग, साहस एवं विद्वत्ता को आमजन के समक्ष पेश किया। एक बार चीन के प्रसिद्ध यात्री फाह्यान ने जब यह देखा तो बहुत आश्चर्य व्यक्त किया तो उन्होंने उत्तर दिया – जिस देश का महामंत्री सामान्य कुटिया में रहता है, और वहां के नागरिक भव्य भवनों में निवास करते हैं। वहां के नागरिकों को कभी कष्टों का सामना नहीं करना पड़ता। राजा और




प्रजा दोनों सुखी रहती है। ऐसे महान विचारक और आदर्श से जीने वाले आचार्य चाणक्य आखिर इतने बड़े साम्राज्य के महामंत्री का जीवन इतना सादगीपूर्ण हो सकता है, उसने सोचा तक न था। चाणक्य ने उसे भारतीय जीवन पद्धति में सरलता के महत्व के बारे में समझाया। चाणक्य के इस आचरण से उस चीनी यात्री का मन उनके प्रति श्रद्धा से भर उठा।

## जंगल की होली (बालगीत)

**लगा** महीना फागुन का होली के दिन आए
इसीलिए वन के राजा ने सभी जीव बुलवाए
भालू आया बड़े ठाठ से शेर रह गया दंग
दुनिया भर के रंग उड़ेले चढ़ा न कोई रंग
हाथी जी की मोटी लंबी पूँछ बनी पिचकारी
खरगोश ने घिघियाकर मारी तब किलकारी
उसका बदला लेने आया वानर हुआ बेहाल
लगा-लगाकर थका बेचारा चौदह किलो गुलाल
मौका ताड़े खड़ी लोमड़ी रंगू गधे को आज
लगा दुलत्ती नो दो ग्यारह हो गए गर्दभराज
घायल हुई लोमड़ी उसको अस्पताल पहुँचाया
गर्दभ को जंगल के जज ने दंडित कर समझाया
होली है त्योहार प्रेम का मौका है अनमोल
भूलो देश खूब रंग खेलो गले मिलो दिल खोल
यहाँ राज है जंगल का सबको न्याय मिलेगा
वरना जग में हमें आदमी फिर बदनाम करेगा।

क्या आप जानते हो

## रेगिस्तान का जहाज : ऊंट



**कैमेलस** प्रजाति का प्राणी ऊंट अपनी कूबड़ की वजह से पहचाना जाता है। ऊंट की दो प्रजातियां होती हैं पहली एक कूबड़ वाले ऊंट जो अरब में पाए जाते हैं और दूसरे बैक्ट्रियन जिनके दो कूबड़ होते हैं। एक कूबड़ वाले ऊंट पश्चिम एशिया के रेगिस्तानी इलाकों में पाए जाते हैं, जबकि दो कूबड़ वाले ऊंटों का घर मध्य और पूर्वी एशिया है। दोनों ही प्रजातियां पालतू हैं, जिनका दूध और मांस मनुष्य के लिए उपयोगी है। यह बोझा ढोने का एक प्रमुख साधन भी है। ऊंटों की औसत आयु 40 से 50 वर्ष तक होती है। एक वयस्क ऊंट की ऊंचाई कूबड़ तक 7 फुट के लगभग होती है। यह 65 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से दौड़ भी सकता है।

दुनिया में एक कूबड़ वाले सर्वाधिक ऊंट सोमालिया में पाए जाते हैं। यहां के लोगों के लिए यह दूध, भोजन और यातायात का प्रमुख साधन है। बैक्ट्रियन प्रजाति के ऊंट चीन के गोबी रेगिस्तान और मंगोलिया में पाए जाते हैं। भारत में सर्वाधिक ऊंट राजस्थान के रेगिस्तानी क्षेत्र में होते हैं।

सामान्यत: ऐसा माना जाता है कि ऊंट अपने कूबड़ में पानी एकत्रित करते रखता है, परंतु यह गलत धारणा है। दरअसल उसकी कूबड़ में पूरे शरीर की चर्बी समाहित होती है। इस चर्बी से उसे गर्मियों में ऊर्जा मिलती रहती है। इसकी मोटी चमड़ी उसकी रेगिस्तानी हवाओं से रक्षा करती है, जिस कारण वह बिना पानी पिए कई दिनों तक रह सकता है। ऊंट की रक्त कोशिकाएं अंडाकार होती हैं। यह एक बार में 100-150 लीटर पानी पी लेता है। ऊंट को कभी भी पसीना नहीं आता। पेड़ों की हरी पत्तियां इसका मुख्य भोजन है। इसकी मोटी चमड़ी सूरज की रोशनी को रिफ्लेक्ट करती है। ऊंट के लंबे पैर उसे जमीन की गर्मी से दूरी बनाए रखने में मदद करते हैं।

ऊंट का मुंह बहुत मजबूत होता है। यह रेगिस्तान की कंटीले पेड़ों को भी चबा लेता है। ऊंट की आंखों पर तीन परतें होती हैं और उन पर बने बाल इस तरह होते हैं कि जब रेगिस्तान में रेतीली हवाएं चलती हैं तब भी वे आसानी से देख सकते हैं। रेत उनकी आंखों में नहीं जा पाती। ऊंट के पंजों की बनावट इस तरह होती है कि रेत में चलते वक्त ये अंदर की ओर नहीं धंसते। ऊंटों की किडनी पानी को लंबे समय तक रोके रखने में सक्षम होती है।

ईसा से 1200 वर्ष पूर्व से ऊंटों पर सामान लादकर लाने-ले जाने की प्रथा चल रही है। उसके बाद सैनिकों ने भी ऊंटों का उपयोग अपना सामान लादने के लिए किया। राजस्थान में अजमेर से 14 किमी दूर पुष्कर में प्रतिवर्ष पशु मेला लगता है, जिसमें बड़ी संख्या में ऊंटों की खरीद-फरोख्त होती है।

## उल्लू मूर्ख होता या बुद्धिमान?



**बड़ी** आंखें बुद्धिमान व्यक्ति की निशानी होती है और इसलिए उल्लू को बुद्धिमान माना जाता है। हालांकि ऐसा जरूरी नहीं है पर ऐसा विश्वास है।

यह विश्वास इस कारण है, क्योंकि कुछ देशों में प्रचलित पौराणिक कहानियों में उल्लू को बुद्धिमान माना गया है।

ग्रीक में बुद्धि की देवी, एथेन के बारे में कहा जाता है कि वे उल्लू का रूप धरकर पृथ्वी पर आई हैं। भारतीय पौराणिक कहानियों में भी यह उल्लेख मिलता है कि उल्लू धन की देवी लक्ष्मी का वाहन और इसलिए वह मूर्ख नहीं हो सकता है। हिन्दू संस्कृति में माना जाता है कि उल्लू समृद्धि और धन लाता है। डरावने लुक के कारण कुछ लोग उल्लू से डरते भी हैं।

## आज का राशिफल

**मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ**

आज का दिन मिला झुला रहेगा । कुछ कामों में रुकावटें आएंगी कुछ काम भी बनेंगे. मेहनत ज्यादा हो सकती है. जॉब बदलाव के योग बनेंगें , लेकिन सोच–समझकर फैसला लें. किसी काम या बात में जल्दबाजी करने से नुकसान हो सकता है. सेहत को लेकर सावधान रहें. आज कुछ नयी वस्तु खरीदारी के लिए बाजार जा सकते हैं पैसे सेविंग के लिए किसी ऐक्सपर्ट से सलाहमशवरा हो सकती हैं . निवेश या खर्चे को लेकर भी बातचीत हो सकती है. बच्चों का व्यवहार अच्छा रहेगा. दाम्पत्य जीवन मे मधुरता रहेगी।

**वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो**

काफी समय से चल रही महनत आज रंग लाएगी नये कारखाने की नींव आप के हाथों से रखी जाएगी समझौते के रास्ते पर भविष्य में अत्यधिक लाभ अर्जित कर सकते है. सामाजिक दायरे में सम्मान और प्रतिष्ठा हासिल करने के लिए दिन अनुकूल है. आपको योग्य लोगों के साथ संबंध स्थापित कर सकते हैं. पारिवारिक जीवन आरामदायक और शांतिपूर्ण रहेगा.आपको अपनी जीवन–शैली में सुधार करना चाहिए भविष्य मे संतुष्टि होगी .आप और आपके परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य शुभ रहेगा. चिन्ता को छोड दें मुसकुराते रहें।

**मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड,छ,के,को,ह**

आप की अव्यवस्थित दिनचर्या और सुस्त और आलसी रवैया आप को सेहत संबंधी समस्या बना सकता हैं. आज दिनभर आप किसी न किसी मीटिंग में व्यस्त रहेंगे .आपके सुझावों को महत्व मिलेगा. और लाभकारी भी रहेंगे । आपके परिवार के प्रति आपकी जिम्मेदारियां बढ़ेंगी. कोई कोर्ट न्यायालय सम्बन्धित वाद–विवाद में आपकी विजय होगी. जीवनसाथी की भावनाओं का सम्मान करेंगे.भगवान शिवजी का अभिषेक करें स्वास्थ्य रहेंगे।

**कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो**

आज यात्रा का योग बन सकता हैं गुड धनिया का सेवन करके ही यात्रा पर प्रस्थान करें इससे आपको धन संबंधित फायदा हो सकता है. किसी काम की गति धीमी हो सकती है. इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ भी सकती है. परन्तु कार्य पूरे जरूर होंगे जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते बेहतर हो सकते हैं. दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का प्रोग्राम आपको कैंसिल करना पड़ सकता है. किसी के प्रति अपनी राय को अपने तक ही सीमित रखना चाहिए.. छोटे बच्चे को पार्क मे घूमने लेकर जाए खुशी का संचार होगा । कुछ हल्का भोजन ही करें स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

**सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे**

आज सरकारी कामकाज मे दिक्कतें आ सकती हैं कोई पुरानी फाईल के काम मे अधिकारि आप का सहयोग नही करेंगे और आपको बिजनेस में सावधान रहना होगा. ऑफिस और बिजनेस में जो काम हाथ में लेंगे, उसमें सफलता की संभावना कम है. बिजनेस के मामलों में किसी अनुभवी की सलाह जरूर लें. जल्दबाजी न करें. अकेलेपन से बचें. अधूरे काम पहले निपटाले में आज मिलने वाले पैसों को आने वाले समय के लिए बचा कर रखें.दाम्पत्य जीवन को अगर सुखी बनाना हो तो संयम बहुत जरूरी हैं

**कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो**

काफी समय से चालू व्यापरिक गतिविधियों को मूर्त रुप देने का सही समय हैं पुश्तैनी जमीन जायदाद का झगड़ा सुलझ सकता हैं छात्रों को सफलता मिलगी आर्थिक रूप से दिन समृद्ध है. आज आपकी मेहनत का फल आपको लाभ मिलेगा. आपका पारिवारिक–जीवन शांतिपूर्ण और खुशहाल रहेगा. रिश्तेदारों के साथ संबंध में काफी सुधार होगा. आपकी सामाजिक लोकप्रियता बढ़ेगी राजनीति सफर भी सुखद रहेगा। अपने ईष्टदेव को भोग अर्पित करें ।

**तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते**

आज हनुमानजी को चमेली के तेल का चोला चढाए मनोकामना सिद्ध होंगी आपकी चिंता कम होगी और उसके कारण आपका मन खुश रहेगा. व्यावसायिक बाधाएं आएंगी. व्यापार मे प्रतिस्पर्धा बढेगी विवादो से दूर रहें आपका ध्यान परिवार और पैसे पर होगा. हर मौके का फायदा उठाने की कोशिश करें. आपके सारे काम आसानी से और समय पर निपट सकते हैं.पारिवारिक बातों को सोचकर ज्यादा संवेदनशील होने की आवश्यकता नही हैं यात्रा पर जाना चाहते हैं तो यात्रा फायदेमंद रहेगी.

**वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू**

आपको धर्म के क्रियाकलापों मे समय व्यतीत करना चाहिए समय अनुकूल रहेगा. आप व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम कर सकते हैं. आपका कुछ अच्छा खाने का मन कर सकता है. घर–परिवार का वातावरण शांतिदायक बना रहेगा. उच्चाधिकारी आपसे प्रसन्न हो सकते हैं. घर पर मेहमानों का आगमन हो सकता है. करियर में आपको कोई बड़ी सफलता हासिल हो सकती है. साथ ही आपका सकारात्मक रवैय्या करियर में आपको बेहतरी दिलायेगा.दैनिक गाय को गुड और रोटी खिलाए।

**धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे**

आप का स्वतंत्र व्यापार हैं , तो सोच विचार कर के ही निर्णय करें क्योंकि मुसीबतें आप का ही इन्तजार कर रही हैं नौकरीपेशा लोगों के काम में रुकावटें आ सकती है। कानूनी मामले उलझ सकते हैं. फालतू कामों में समय खराब होने के योग हैं। स्थान में बदलाव संबंधी कोई बात हो सकती है। कामकाज के सिलसिले में कहीं बाहर जाना पड़ सकता है अगर आप अविवाहित है तो विवाह सम्बन्ध के योग बनेंगे. सेहत के मामले में रिस्क नही लेना चाहिए।

**मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि**

आज पारिवारिक दृष्टि से और दाम्पत्य जीवन मे भी चीजें आप के प्रतिकूल होंगी परन्तु मित्रों और व्यापारिक प्रेम संबंध यथावत रहेंगे. समर्पित परिश्रम से आप वरिष्ठों को संतुष्ट कर सकते हैं. यदि आप अपना दृष्टिकोण बदल सकते हैं और ईमानदारी से काम कर सकते हैं तो. आपको आर्थिक लाभ भी प्राप्त हो सकता है.योग और व्यायाम करें स्वास्थ्य ठीक रहेगा मौसमी बिमारियों से बचें रहेंगे अपने कार्यों मे गौ सेवा को प्राथमिकता देनी चाहिए।

**कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द**

आज आप को वर्कलोड ज्यादा रहेगा जिससे दिमाग मे तनाव रहेगा स्वभाव मे झुंझलाहट रहेगी काम के बीच मे थोडा रैस्ट लेते रहें । नए काम को फिलहाल टाल दें लोगों के साथ आपका दुविधापूर्ण व्यवहार आपको मुश्किल में डाल सकता है. अपने जिद्दी स्वभाव को त्याग दें, नहीं तो किसी के साथ विवाद होने की संभावना है. आज आपको बेहतर मौके मिलेंगे खुद को स्वस्थ रखने के और फिजूल बातों से बचें. यात्रा पर जाने का आपका प्रयास सकारात्मक परिणाम ज़रूर देगा. समय के अन्तराल मे हैल्थ चैकप करालें।

**मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची**

आज काफी समय के बाद खुशी होने का मौका हैं आपका दिन बढ़िया रहेगा. आपके अंदर आत्मविश्वास की अधिकता हो सकती है. नौकरी पेशा लोगों को तरक्की के अवसर मिल सकते हैं. आज परिवार के साथ धार्मिक यात्रा की योजना बना सकते हैं. आपको व्यापार में मुनाफा हो सकता है. आपका स्वास्थ्य पहले की अपेक्षा बेहतर रहेगा. दाम्पत्य जीवन में सलाह–मशविरा से आगे बढ़ना होगा . स्टूडेंट्स को अपने सब्जेक्ट में आ रही प्रॉब्लम्स का हल मिल सकता है. आप को अपने दैनिक पूजा पाठ मे हनुमान चालीसा का अनुष्ठान करना चाहिए पदोन्नति और सफलता मिलती रहेगी ।

## रविवार का पंचांग

दिनांक : 16 मार्च 2025 , रविवार
विक्रम संवत : 2081
मास : चैत्र , कृष्ण पक्ष
तिथि : द्वितीया सायं 05:01 तक
नक्षत्र : हस्त प्रातः 11:46 तक
योग : वृद्धि दोपहर 02:47 तक
करण : गर सायं 05:01 तक
चन्द्रराशि : कन्या रात्रि 01:16 तक
सूर्योदय : 06:23 , सूर्यास्त 06:26 ( हैदराबाद )
सूर्योदय : 06:26, सूर्यास्त 06:30 ( बैंगलोर )
सूर्योदय : 06:19 , सूर्यास्त 06:22 ( तिरुपति )
सूर्योदय : 06:14, सूर्यास्त 06:17 ( विजयवाडा )

**शुभ चौघड़िया**
चल : 07:30 से 09:00
लाभ : 09:00 से 10:30
अमृत : 10:30 से 12:00
शुभ : 01:30 से 03:00
राहुकाल : सायं 04:30 से 06:00
दिशाशूल : पश्चिम दिशा
उपाय : गुड खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : रवि हस्त अमृत सिद्धि योग प्रातः 11:46 तक , संत तुकाराम जयंती

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *

पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना राजस्थान सरकार की प्राथमिकता : भजनलाल शर्मा



**जयपुर,15 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि सशक्त और विकसित देश–प्रदेश बनाने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। आधी आबादी की भागीदारी के बिना विकास की यात्रा अधूरी है। उन्होंने कहा कि हमारी सनातन संस्कृति में भी शक्ति के लिए मां दुर्गा, धन के लिए मां लक्ष्मी और बुद्धि के लिए मां सरस्वती की उपासना करने की परम्परा रही है।

शर्मा ने कहा कि यह शक्ति वंदन महोत्सव हमारे महिला सशक्तीकरण के प्रयासों में महत्वपूर्ण योगदान का प्रतीक है। हमारी सरकार राज्य में महिलाओं को विकासोन्मुखी वातावरण उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्धता से काम कर रही है।

मुख्यमंत्री शनिवार को जवाहर कला केन्द्र में शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई ने अपने जीवन और कार्यों से एक स्थायी विरासत छोड़ी है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए महेश्वर में स्थानीय हथकरघा उद्योग का विकास कर दुनिया को महेश्वर साड़ी की सौगात दी। वे एक साहसी योद्धा सक्षम प्रशासक और सनातन संस्कृति की समर्पित संरक्षिका थीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में हमारी सरकार भी वंदनीय और गौरवशाली सनातन संस्कृति के उत्थान के लिए प्रयासरत है। इसी कड़ी में हमने राजस्थान दिवस भी अंग्रेजी तारीख की जगह हमारे पंचांग की तिथी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाये जाने का निर्णय लिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आधी आबादी की उन्नति और प्रगति में विश्वास रखते हैं। यह महोत्सव प्रधानमंत्री जी के वोकल फॉर लोकल अभियान के तहत स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने, महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और विलुप्त होती कलाओं को पुनर्जीवित करने के प्रयासों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में वर्ष 2014 के बाद देश के आस्था केन्द्रों का तेजी से विकास हो रहा है। हमारे पौराणिक धार्मिक स्थलों को उनका दिव्य एवं भव्य रूप वापस लौटाकर सनातन संस्कृति का उत्थान किया जा रहा है। राज्य सरकार भी प्रदेश के आस्था स्थलों का पुनरूद्धार कार्य करवा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी डबल इंजन सरकार महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य और सामाजिक उत्थान के लिए तेजी से काम कर रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना हमारा लक्ष्य है। हम राजीविका के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण देकर उनको स्वर–ोजगार से जोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए भी राज्य सरकार द्वारा कई कदम उठाए गए हैं। हाल ही में होली के पावन अवसर पर सरकार ने स्वयं सहायता समूहों की माताओं–बहनों द्वारा तैयार हर्बल गुलाल खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित किया।

इससे पहले मुख्यमंत्री ने दीप प्रज्ज्वलित कर तीन दिवसीय 'नारी शक्ति वंदन भारत के स्व का अभिनंदन' महोत्सव का शुभारंभ किया। उन्होंने शक्ति वंदन पुस्तक में उद्यमी महिलाओं के लिए संदेश लिखा। शर्मा ने जयपुर नगर निगम ग्रेटर द्वारा आयोजित देवी अहिल्याबाई होल्कर प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और प्रदर्शनी के रिड्यूस, रीयूज और रीसाइकिल आधारित उत्पादों की सराहना की। इस अवसर पर नगर निगम जयपुर ग्रेटर की महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने मुख्यमंत्री को अहिल्याबाई होल्कर की प्रतिमा भेंट की। कार्यक्रम में जयपुर सांसद श्रीमती मंजू शर्मा सहित जनप्रतिनिधिगण, स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिला उद्यमी एवं बड़ी संख्या में अन्य महिलाएं उपस्थित रहीं।

## भाजपा जिला उपाध्यक्ष पर अवैध खनन का आरोप, एफआईआर दर्ज



**भरतपुर,15 मार्च (एजेंसियां)।** डीग जिले में अवैध खनन के मामले में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल सहित 7 अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह मामला गोपालगढ़ थाना क्षेत्र के पीरुका पहाड़ों में अवैध खनन से जुड़ा है, जहां खनिज विभाग ने कार्रवाई करते हुए 2 एक्सकेवेटर मशीन और 1 डंपर जब्त किया है।

खनिज विभाग के कार्य निदेशक रजनीश मीणा के अनुसार, 12 मार्च को गोपालगढ़ थाना इलाके में अवैध खनन के खिलाफ चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान कुछ लोग पीरुका गांव के पहाड़ों में दो एक्सकेवेटर मशीन और एक डंपर की सहायता से खनन कर रहे थे। सरकारी वाहनों को आते देख सभी आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन उनकी मशीनें और डंपर जब्त कर लिए गए। गांव के लोगों से पूछताछ करने पर खनन में शामिल लोगों के नाम सामने आए, जिनमें लियाकत, सहजू, मौसम, कायम, शौकीन (निवासी चिनावड़ा), जुबैर (निवासी डायना का बास), बरफानी (निवासी सिरथला) और सतीश बंसल (निवासी डीग) का नाम शामिल है। इसके आधार पर 13 मार्च को एफआईआर दर्ज की गई।

इस मामले में जब बीजेपी जिला उपाध्यक्ष सतीश बंसल से संपर्क किया गया, तो उन्होंने इन आरोपों को खारिज कर दिया। उनका कहना है कि यह किसी की राजनीतिक साजिश है और उन्हें जानबूझकर फंसाया जा रहा है। बंसल ने दावा किया कि उनका अवैध खनन से कोई लेना–देना नहीं है। भरतपुर में अवैध खनन को लेकर प्रशासन सख्त नजर आ रहा है। हाल के दिनों में खनिज विभाग ने कई स्थानों पर कार्रवाई की है, लेकिन राजनीतिक हस्तियों के नाम सामने आने से मामला और भी संवेदनशील हो गया है। अब देखना होगा कि इस मामले में आगे क्या कार्रवाई होती है और आरोपियों के खिलाफ क्या कदम उठाए जाते हैं।

## हनुमानगढ़ पुलिस की नशा एवं नशा तस्करों के विरूद्ध जीरो टोलरेंस नीति



**हनुमानगढ़,15 मार्च (एजेंसियां)।** हनुमानगढ़ पुलिस की नशा एवं नशा तस्करों के विरूद्ध जीरो टोलरेंस लगातार जारी है। जिले के नशा तस्कर स्वराज सिंह, अमरीक सिंह व उसके परिवार द्वारा नशे से अर्जित की गई संपति को एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत फ्रीज की कार्रवाई की गई। फ्रीज सम्पत्ति की अनुमानित कीमत करीब 81.61 लाख रूपये है। इनके परिवार के विरुद्ध पूर्व मे एनडीपीएस एक्ट के तहत दर्जनों मुकदमे विभिन्न थानों में दर्ज है।

एसपी अरशद अली द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थों, फायर आर्म्स, जुआ–सट्टा, क्रिकेट–बुक्की व अवैध धन्धों की रोकथाम के लिए ''जीरो टोलरेंस अभियान'' के तहत समस्त थानाधिकारियों एवं प्रभारी डीएसटी को निर्देशित किया गया। इसी क्रम मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर के सुपरविजन में वृताधिकारी वृत संगरिया कर्ण सिंह व थानाधिकारी तलवाडा रजनदीप कौर मय टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ स्मैक,हेरोईन (चिटटा) की तस्करी से स्वंय व अपने परिवारजन के नाम से अवैध रूप से अर्जित संपतियों की पहचान की गई।

थाना तलवाड़ा क्षेत्र के वार्ड न0 1 सिलवाला कला निवासी तारा सिह रायसिख और उसके बेटे स्वराज सिह अमरीक सिह उर्फ अमीरदत लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में लिप्त है। मादक पदार्थ तस्करी से अर्जित इनका एक 5508 वर्ग फीट की जमीन है, जिसमे 1150 वर्ग फीट में रिहायशी मकान बना रखा है। उक्त सम्पति एनडीपीएस एक्ट की धारा 68 एफ के अन्तर्गत फ्रीज की गई। उल्लेखनीय है कि 12 नवंबर 2021 को तलवाड़ा पुलिस द्वारा आरोपी तस्कर अमरीक सिह उर्फ अमीरदत को 500 ग्राम स्मैक (चिटटा) सहित गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि यह अपने भाई स्वराज सिह के साथ स्मैक चिटटा का धंधा करता है। पूर्व मे आरोपी व उसके परिवारजनों के खिलाफ कई प्रकरण दर्ज है।

पिता तारा सिंह के विरुद्ध आबकारी और एनडीपीएस एक्ट के चार मुकदमे और बेटे स्वराज सिंह के विरुद्ध लूट, जानलेवा हमला, मारपीट, आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, एनडीपीएस एक्ट के तहत 9, अंग्रेज सिंह के विरुद्ध एनडीपीएस और मारपीट के 5, सतपाल उर्फ पालू के विरुद्ध एनडीपीएस के चार मुकदमे एवं अमरीक सिंह उर्फ अमीर दत्त के विरुद्ध एनडीपीएस एवं मारपीट के 6 मुकदमे दर्ज हैं। इनके विरुद्ध दर्ज कुल 28 मुकदमों में से 21 मुकदमे एनडीपीएस एक्ट एवं तीन मुकदमे आबकारी एक्ट में दर्ज हुए हैं।

## भाजपा सरकार में कानून का नहीं बल्कि जंगलराज है : सैलजा



**सिरसा,15 मार्च (एजेंसियां)।** सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा ने पिछले 10 वर्षों में हरियाणा को अपराधियों का अड्डे के साथ–साथ अपराध के मामले में देश में नंबर वन राज्य बना दिया है। हर दिन व्यापारियों से रंगदारी मांगी जाती है, हत्याएं हो रही है। अपराधी बेखौफ हो गए हैं। हर दिन हत्या, बलात्कार, लूटपाट, डकैती, अपहरण की घटनाएं हो रही हैं, ऐसे में लोगों में दहशत व्याप्त है और कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है। प्रदेश में कानून का नहीं बल्कि जंगलराज स्थापित है। मीडिया को जारी बयान में सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि सत्ता के नशे में चूर भाजपा सरकार की आदत है कि वह चुनाव में जनता से किए गए वायदों को जल्द भूल जाती है बाद में भाजपा तानाशाह के रूप में राज करती है, तुगलकी फरमान सुना–सुनाकर जनता को परेशान किया जाता है। आज हालात ये है कि प्रदेश में जंगलराज कायम है कोई भी स्वयं को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहा है महिलाएं, बच्चियां और व्यापारी वर्ग न तो घर में सुरक्षित है और न ही घर के बाहर, पुलिस चौकी और थाना के आसपास अपराधी वारदात को अंजाम दे रहे है इससे साफ हो जाता है कि अपराधियों के प्रदेश में हौंसले कितने बुलंद है।

## हरियाणा में बदला मौसम का मिजाज, मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट

**चंडीगढ़,15 मार्च (एजेंसियां)।** हरियाणा में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदल गया है। कई दिनों से राज्य के कई इलाकों में बारिश और ओले गिरने से लोग हैरान हैं। पश्चिमी विक्षोभ के असर से हरियाणा में तापमान में भारी गिरावट देखी गई है, जिससे दिन और रात दोनों समय ठंड बढ़ गई है।अभी भी मौसम विभाग ने राज्य के कई इलाकों में बारिश के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। कई इलाकों में बारिश से फसलें बर्बाद हो रही हैं। रात भर हुई ओलावृष्टि और आंधी ने राज्य के किसानों की चिंता बढ़ा दी है।

इस बारिश से फसलों पर विपरीत असर पड़ा है.हिसार, भिवानी, फतेहाबाद, जींद, महेंद्रगढ़, झज्जर, पानीपत और सोनीपत समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश हुई। गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल और नूंह में भी तेज हवाएं चलीं और हल्की बारिश हुई।

16 अप्रैल को मौसम अनिश्चित रहेगा। आईएमडी के अनुसार, हरियाणा का मौसम 16 मार्च तक बदलता रहेगा।

## हिसार एयरपोर्ट को मिला लाइसेंस



**हिसार,15 मार्च (एजेंसियां)।** हिसार एयरपोर्ट के संचालन के लिए एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से लाइसेंस प्राप्त हो गया है। यह उपलब्धि हरियाणा के नागरिकों के लिए गर्व का विषय है। नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हिसार एयरपोर्ट की परियोजना को अब सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है।

जल्द ही हिसार से विमान सेवा का शुभारंभ किया जाएगा। विपुल गोयल ने बताया कि हिसार एयरपोर्ट से अयोध्या, जम्मू, जयपुर, दिल्ली और अहमदाबाद के लिए उड़ानें शुरू की जाएंगी। इस एयरपोर्ट का संचालन और रखरखाव एएआई द्वारा किया जाएगा। नागरिक उड्डयन मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि राज्य सरकार 503 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक पैसेंजर टर्मिनल का निर्माण कर रही है।

इस टर्मिनल में यात्रियों की सुविधा के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके साथ ही हरियाणा पुलिस को एयरपोर्ट की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिससे यात्रियों को सुरक्षित और सुगम हवाई यात्रा का अनुभव मिलेगा। मंत्री विपुल गोयल ने बताया कि राज्य सरकार ने नाइट लैंडिंग की अनुमति के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं मिल सकें। एएआई यहां अपना प्रोजेक्ट ऑफिस भी स्थापित कर रही है, जिससे परिचालन में और तेजी आएगी।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, जमीन विवाद था कारण



**सोनीपत,15 मार्च (एजेंसियां)।** सोनीपत जिले के गोहाना उपमंडल में भाजपा मुंडलाना मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र हत्याकांड में पुलिस ने मुख्य आरोपी मन्नू को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की वारदात होली के दिन जवाहरा गांव में हुई थी, जब सुरेंद्र को उसके पड़ोसी मन्नू ने गोली मार दी थी। पुलिस जांच में पता चला है कि हत्या का कारण जमीन विवाद था, जिसके चलते पहले भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ था।

होली के दिन शुक्रवार को सुरेंद्र अपने घर के पास सड़क पर खड़ा था, तभी आरोपी मन्नू वहां आया और उस पर पहली गोली चला दी। गोली लगने पर सुरेंद्र एक दुकान की तरफ भागा, लेकिन हमलावर ने उसका पीछा किया और दुकान में घुसकर दूसरी गोली चला दी, जिससे सुरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद मन्नू मौके से फरार हो गया।

प्राप्त जानकारी के आधार पर, सुरेंद्र ने मन्नू की मौसी के नाम पर जमीन खरीदी थी, लेकिन मन्नू इस सौदे से खुश नहीं था और उसने कई बार सुरेंद्र को जमीन पर पैर न रखने की धमकी दी थी। हाल ही में, जब सुरेंद्र ने खरीदी गई जमीन पर फसल उगाना शुरू किया, तो मन्नू भड़क गया और गुस्से में आकर उसने यह हत्या कर दी।

42 वर्षीय सुरेंद्र राजनीतिक रूप से सक्रिय था और पहले इनेलो से जुड़ा था, लेकिन बाद में वह भाजपा का सदस्य बन गया। जनवरी 2021 में, उन्हें भाजपा के पंचायती राज प्रकोष्ठ का अध्यक्ष बनाया गया था, और वे हाल ही में मुंडलाना मंडल के अध्यक्ष चुने गए थे। वे एक संयुक्त परिवार में रहते थे और उनके तीन बच्चे (दो बेटियां और एक बेटा) थे।

गोहाना एसीपी क्राइम ऋषिकांत ने बताया कि जब पुलिस को हत्या की सूचना मिली, तो उन्होंने तुरंत कार्रवाई की और तीन विशेष टीमों का गठन किया। एफएसएल (फोरेंसिक साइंस लेबोरेटरी) टीम को घटनास्थल पर बुलाकर सभी साक्ष्य जुटाए गए। पुलिस ने छापेमारी कर मुख्य संदिग्ध मन्नू को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे पूछताछ जारी है।

हत्या के बाद सुरेंद्र के शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। पोस्टमार्टम में पुष्टि हुई कि उसके सिर में गोली लगी है और पसलियों में चोट है। निष्कर्ष इस दुखद हादसे ने गांव को झकझोर कर रख दिया है। राजनीतिक पहलू को देखते हुए स्थिति और भी खराब हो गई है। फिलहाल पुलिस ने मुख्य संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है और आगे की जांच जारी है। प्रशासन यह भी जांच कर रहा है कि हत्या के पीछे कोई और साजिश तो नहीं है या फिर आपसी झगड़े का मामला है।

धर्मनगरी अयोध्या में भी धूमधाम से मनी होली

# रामलला ने पहना साफा, हाथों में धारण की पिचकारी

**अयोध्या, 15 मार्च (एजेंसियां)।** धर्मनगरी अयोध्या में भी होली का त्यौहार धूमधाम से मनाया गया। देशवासियों के साथ रामलला ने भी होली का त्यौहार मनाया।




इस मौके पर रामलला को विशेष पोशाक पहनाई गई। रामलला के दरबार में होली का उत्सव धूमधाम से मना। मंदिर परिसर की भव्य सजावट की गई। होली के दिन रामलला को पिचकारी धारण कराई गई। भगवान ने मुकुट के बजाय पहली बार गुलाबी साफा पहना। 10 क्विंटल फूलों से रामलला के दरबार में होली खेली गई। जागरण आरती के बाद रामलला को पुजारियों ने अबीर और गुलाल लगाया। यह अबीर गुलाल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से भेजा गया था। रामलला पर अबीर और गुलाल उड़ाने के साथ उन पर पुष्प वर्षा की गई । पुजारी और गायकों का समूह भी दरबार में होली के आनंद में मगन रहा। मधुकरी संत एमबी दास और विवेकानंद पाठक समेत अन्य कलाकारों ने भजन के साथ फगुआ गीतों के आचार्य प्रणीत पदों का गायन प्रस्तुत कर सभी को मुग्ध कर दिया। अबीर, गुलाल व फूलों की वर्षा भक्तों पर भी खूब की गई। इसे प्रसाद समझकर भक्त आनंदित होते रहे। रामलला को विशेष प्रकार के व्यंजनों का भी भोग लगाया गया। वहीं, रामनगरी के हजारों मंदिरों में भक्तों ने अपने आराध्य के संग होली खेली।

# कोरियाई राजवंश परिवार ने अयोध्या में पूर्वजों को किया नमन

**अयोध्या, 15 मार्च (एजेंसियां)।** दक्षिण कोरिया के लोग अयोध्या को अपना ननिहाल मानते हैं। साल में एक बार अयोध्या जरूर आते हैं। इस ऐतिहासिक संबंध के प्रतीक के रूप में अयोध्या में रानी हो का एक स्मारक पार्क भी स्थापित किया गया है, जो दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक संबंधों को और प्रगाढ़ करता है।



दक्षिण कोरिया के गारक राजवंश के प्रतिनिधि सहित 80 सदस्यीय शिष्टमंडल हाल ही में अयोध्या पहुंचा। कोरिया राजवंश के लोग अयोध्या स्थित क्वीन हो मेमोरियल पार्क पहुंचकर पूर्वजों को श्रद्धासुमन अर्पित किया। यह यात्रा भारत और दक्षिण कोरिया के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करेगी। दक्षिण कोरिया की प्राचीन किंवदंतियों के अनुसार, करीब 2000 वर्ष पूर्व अयोध्या की राजकुमारी सुरीरत्ना ने कोरिया के राजा किम सुरो से विवाह किया था। गया राजवंश की संस्थापक राजा से शादी के बाद राजकुमारी सुरीरत्ना रानी हियो ह्वांग-ओक के नाम से जानी गईं। हियो ह्वांग-ओक को गारक राजवंश की संस्थापक माना जाता है। दक्षिण कोरिया के गारक राजवंश के प्रतिनिधि सहित 80 सदस्यीय शिष्टमंडल 11 मार्च को दिल्ली पहुंचा। 12 मार्च को दल वाराणसी गया। वहां से कोरिया से आए आगंतुक 13 मार्च को अयोध्या पहुंचे। यहां राम मंदिर, क्वीन हो स्मारक सहित अन्य पावन स्थलों का दर्शन-भ्रमण भ्रमण किया। शाम को सरयू आरती में शामिल होने के बाद लेजर शो भी देखा। रात में दक्षिण कोरिया के सदस्यों ने स्थानीय प्रमुख लोगों से मुलाकात की। मेहमानों के लिए पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुती भी की गई। बता दें कि दक्षिण कोरिया राजवंश की यह 72वीं पीढ़ी है। राजवंश के सदस्य हर दौर में अपने मूल से लगाव को प्रदर्शित करते रहे हैं। सनातन से उनका जुड़ाव सदियों पुराना है। यही वजह है कि अयोध्या उन्हें आकर्षित करता है। पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में यह प्रतिनिधिमंडल आगरा भ्रमण के बाद दिल्ली के लिए रवाना होगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दक्षिण कोरिया के गारक राजवंश के सदस्यों की आत्मीयता और पूर्वजों के प्रति समर्पण जगजाहिर है। उनकी सनातन के प्रति आस्था का हम सम्मान करते हैं। उत्तर प्रदेश में भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े कई स्थल हैं। उनमें कपिलवस्तु, कुशीनगर, कौशाम्बी, सारनाथ, संकिसा और श्रावस्ती महत्वपूर्ण हैं। दक्षिण कोरियाई पर्यटक इन बौद्ध स्थलों में विशेष रुचि रखते हैं। प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में कोरियाई पर्यटक आते हैं। ताकि दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और पर्यटन संबंध मजबूत हो रहे हैं।

# सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने जमकर खेली होली





**लखनऊ, 15 मार्च (एजेंसियां)।** लखनऊ में सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने जमकर होली खेली। खिलाड़ी डीजे पर फिल्मी गानों पर खूब थिरके।

एक-दूसरे को रंगों से सराबोर किया। कप्तान ऋषभ पंत व स्पिनर रवि बिश्नोई ने साथियों को रंगों से जमकर सराबोर किया। मेंटर जहीर खान, कोच जस्टिन लैंगर, विजय दहिया ने पिचकारी चलाई। गुलाल उड़ाया।

राजधानी लखनऊ में सुपर जायंट्स के खिलाड़ियों ने खास देसी अंदाज में होली का पर्व मनाया। उन्होंने एक-दूसरे को जमकर रंग व गुलाल लगाया। इस मौके पर फिल्मी गानों पर डांस करके फुल मस्ती की। मुख्य कोच जस्टिन लैंगर व सहायक कोच लांस क्लूजनर देर तक थिरकते रहे। कप्तान ऋषभ पंत, स्पिनर रवि बिश्नोई ने साथियों को पकड़-पकड़कर रंगों से सराबोर कर दिया।

मेंटर जहीर खान और सहायक कोच विजय दहिया ने भी पिचकारी से रंगों की बौछार की और खूब गुलाल उड़ाया। टीम होटल में होली खेलने की शुरुआत दोपहर 12 बजे हुई। क्रिकेटरों का उल्लास बढ़ाने को डीजे और ढोल नगाड़ों का इंतजाम पहले ही कर लिया गया था।

खिलाड़ियों ने पहले सादगी से एक-दूसरे को गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। इसके बाद जैसे ही टीम के कप्तान ऋषभ पंत और रवि बिश्नोई आए तो उन्होंने होली की मस्ती को चौगुना कर दिया। टीम के सभी साथियों को पकड़कर जमकर रंग व गुलाल लगाया। आयुष बडोनी, अर्शीन कुलकर्णी, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, आर्यन जुयाल, दिग्वेश सिंह, युवराज चौधरी समेत सभी खिलाड़ी रंग में डूबे नजर आए।

खुशी के इस अवसर पर टीम के भीतर मजबूत बंधन और आगामी सीजन के लिए उच्च उत्साह का संचार हुआ।

यही नहीं होली खेलने के साथ ही सुपर जायंट्स ने लजीज पकवानों के साथ गुजिया, जलेबी का भी स्वाद लिया। टीम के सीओओ विनय चोपड़ा ने भी सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

# कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने कार्यकर्ताओं संग खेली होली



**देवबंद/सहारनपुर, 15 मार्च (एजेंसियां)।** देवबंद में होली पर्व पर हिंदू कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलने के मामले में सहारनपुर कांग्रेस सांसद इमरान मसूद उलमा के निशाने पर आ गए हैं। उलमा ने कहा है कि एक मुसलमान को शरीयत के हिसाब से चलना चाहिए। गैर मजहबी परंपराओं को अपनाना इस्लामी नजरिये से गलत है।

ऑनलाइन फतवा विभाग के चेयरमैन मौलाना मुफ्ती अरशद फारूकी ने कहा कि इस्लाम धर्म में गैर इस्लामी कार्यों को करने की सख्त मनाही है। इस तरह की इस्लाम विरोधी कार्य करना सरासर गलत है। शरीयत में कहीं भी इस प्रकार छूट नहीं है। उन्होंने कहा कि इस्लाम में सभी धर्म का सम्मान बताया गया है, लेकिन भाईचारा बनाने के और बहुत से रास्ते हैं।

इस तरह का अमल इस्लाम विरोधी है। जमीयत दावतुल मुसलीमीन के संरक्षक व प्रसिद्ध आलिम मौलाना कारी इस्हाक गोरा का कहना है कि भाईचारा बनाने के और भी बहुत तरीके हैं और बहुत से रास्ते हैं।

गैर मजहबी परंपराओं को अपनाना गलत है। इससे तौबा करनी चाहिए।

# गांव-गांव आंगनबाड़ी केंद्र बनने से संवर रहा बच्चों का भविष्य

**लखनऊ, 15 मार्च (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में ग्रामीण विकास और सामाजिक कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। मनरेगा योजना के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग के अभिसरण से प्रदेश के गांवों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण तेजी से हो रहा है। यह पहल राज्य में कुपोषण को दूर करने, महिला एवं बाल विकास को सशक्त बनाने और ग्रामीण स्तर पर मूलभूत सुविधाओं के विस्तार की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रदेश सरकार के 8 वर्षों के कार्यकाल में प्रदेश के बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में मजबूत आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण से न केवल बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा और पोषण की व्यवस्था सुनिश्चित हो रही है, बल्कि यह महिला सशक्तिकरण को भी बढ़ावा दे रहा है। गांवों में गुणवत्तापूर्ण आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कर बच्चों के लिए सुरक्षित और अनुकूल वातावरण तैयार किया जा रहा है।




ग्राम्य विकास विभाग के आंकड़ों के अनुसार, वर्ष 2018-19 से अब तक मनरेगा योजना के तहत 19,000 से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार की प्रतिबद्धता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में अब तक 3,020 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरा हो चुका है, जबकि 9,448 केंद्र निर्माणाधीन हैं।

योगी सरकार के इस पहल से न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों के पोषण और शिक्षा को बढ़ावा मिला है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी बढ़े हैं। निर्माण कार्यों में श्रमिकों को मनरेगा के तहत रोजगार दिया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिल रही है। आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण में सरकार ने गुणवत्ता और सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी आंगनबाड़ी केंद्र नेशनल हाईवे के किनारे न बने, जिससे बच्चों की सुरक्षा बनी रहे। केंद्रों के निर्माण में पर्यावरणीय और संरचनात्मक मानकों का पालन किया जा रहा है, जिससे ये सुविधाएं लंबे समय तक उपयोगी बनी रहें। इसके अलावा, केंद्रों में बच्चों के खेलने की सुविधाएं, शौचालय और स्वच्छ पेयजल जैसी बुनियादी जरूरतों का भी समुचित ध्यान रखा जा रहा है। इस प्रकार, आंगनबाड़ी केंद्रों को केवल भवन के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र विकास केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। सरकार ने इस योजना के तहत अब तक 12,865.58 लाख रुपए खर्च किए हैं, जिससे निर्माण कार्यों को गति मिली है। यह निवेश भविष्य में प्रदेश के लाखों बच्चों और माताओं के जीवन को बेहतर बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

मनरेगा कन्वर्जेंस के तहत बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग और पंचायती राज विभाग के सहयोग से ग्राम पंचायतों में आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण पूरी पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ किया जा रहा है।

योगी सरकार की की मंशानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक आदर्श आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण स्तर पर कुपोषण और अशिक्षा को दूर किया जा सके। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पिछले 8 वर्षों में उत्तर प्रदेश में ग्रामीण विकास को अभूतपूर्व गति मिली है। गांवों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वच्छता और शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण सरकार की दूरदर्शिता और सामाजिक कल्याण के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। योगी सरकार की योजनाओं से गांवों में कुपोषण और शिशु मृत्यु दर में कमी आई है। महिलाओं और बच्चों को स्वास्थ्य एवं पोषण की बेहतर सुविधाएं मिल रही हैं। स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़े हैं। इसके साथ-साथ ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूती मिली है।

आंगनबाड़ी केंद्रों का विस्तार केवल एक निर्माण परियोजना नहीं, बल्कि ग्रामीण सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। ये केंद्र न केवल बच्चों की पोषण और शिक्षा आवश्यकताओं को पूरा कर रहे हैं, बल्कि गांवों की महिलाओं को भी स्वरोजगार और स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण विकास के इस मॉडल को आगे बढ़ाने के लिए कृतसंकल्प है। आने वाले वर्षों में, प्रत्येक ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी केंद्रों की स्थापना कर एक सशक्त और समृद्ध ग्रामीण उत्तर प्रदेश के निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।

मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड पर भड़के मौलाना शहाबुद्दीन

# भारत में मुसलमान असुरक्षित कहने वाले पाकिस्तान जाएं

**बरेली, 15 मार्च (एजेंसियां)।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदारों पर निशाना साधा है। मौलाना ने कहा कि जो लोग ये कहते हैं कि भारत में मुसलमान सुरक्षित नहीं है, ऐसे लोगों को पाकिस्तान भेज दिया जाए।



मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदार कह रहे हैं कि देश में मुसलमानों को खतरा है, सुरक्षित नहीं हैं। ये सरासर गलत और गुमराह करने वाली बातें हैं। उन्होंने कहा कि देश में मुसलमान पूरी तरह सुरक्षित है। देश में मुसलमान अपने धार्मिक त्योहार, नमाज, रोजा, हज, जकात, जुलूस और उर्स आदि कार्यक्रम आजाद तौर पर मनाता है। कोई भी व्यक्ति या हुकूमत इन धार्मिक कार्यक्रमों में कोई भी बाधा नहीं डालती।

मौलाना ने कहा कि मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड वक्फ संशोधन बिल के विरोध में जंतर-मंतर दिल्ली पर धरना प्रदर्शन करने जा रहा है। धरना प्रदर्शन करना, अपनी आवाज बुलंद करना हर व्यक्ति को संविधान ने यह अधिकार दिए हैं। मगर रमजान का महीना खुदा की इबादत के लिए है, धरना प्रदर्शन के लिए नहीं। साल के 12 महीनों में रमजान के माह में मुसलमान पवित्रता के साथ रोजा रखता है। नमाज पढ़ता है, कुरआन शरीफ की तिलावत करता है। ऐसी स्थिति में रमजान शरीफ के दिनों में धरना-प्रदर्शन का आयोजन करना, लोगों को धार्मिक कार्य से रोककर राजनीतिक काम में लगाना है। साल के 11 महीनों में किसी दिन भी धरना प्रदर्शन किया जा सकता था। रमजान के महीने में ही क्यों आयोजन किया गया।

मौलाना ने केंद्र सरकार से मांग करते हुए कहा कि पर्सनल लॉ बोर्ड के जिम्मेदारान भारत में मुसलमानों को असुरक्षित बता रहे हैं। ऐसे लोगों को वीजा देकर भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान, अफगानिस्तान, और बांग्लादेश में भेज देना चाहिए। इन मुस्लिम देशों में क्या सूरत ए हाल है और कैसी खाना जंगी हो रही है, अपनी आंखों से देखने के बाद सबकुछ समझ में आ जाएगा। फिर भारत वापस आने के बाद यही लोग चिल्ला चिल्ला कर कहेंगे कि भारत में मुसलमानों को कोई खतरा नहीं और पूरी तरह सुरक्षित हैं।



# नीदरलैंड्स टीम की घोषणा : मेम्फिस डिपे की आठ महीने बाद वापसी

द हेग,15 मार्च (एजेंसियां)।

**नीदरलैंड्स के कोच रोनाल्ड कोएमैन ने शुक्रवार को कोरिंथियंस के स्ट्राइकर मेम्फिस डिपे को आगामी नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल के लिए टीम में शामिल किया है। नीदरलैंड्स की टीम 20 और 23 मार्च को स्पेन के खिलाफ खेलेगी। 31 वर्षीय डिपे के लिए यह टीम में आठ महीने बाद वापसी है।**

उन्होंने आखिरी बार 10 जुलाई 2024 को यूरो कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ मैच खेला था। सितंबर 2024 में ब्राजीलियन क्लब कोरिंथियंस में स्थानांतरण के बाद उन्हें पहली बार राष्ट्रीय टीम में बुलाया गया है। डिपे अब तक 98 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं और उनके नाम 46 गोल दर्ज हैं।

वे रोबिन वैन पर्सी (50 गोल) के नेदरलैंड्स के शीर्ष गोलस्कोरर रिकॉर्ड से केवल चार गोल दूर हैं। प्रीलिमिनरी टीम की तुलना में, मैनचेस्टर सिटी के डिफेंडर नाथन एके और इंटर मिलान के डिफेंडर स्टेफन डी व्रिज चोट के कारण टीम से बाहर हो गए हैं। उनके स्थान पर मैनचेस्टर यूनाइटेड के डिफेंडर मैथिज्स डी लिग्ट को बुलाया गया है, हालांकि वे प्रारंभिक सूची में नहीं थे।

इसके अलावा, अजाक्स के खिलाड़ी केनेथ टेलर लगभग दो साल बाद टीम में लौटे हैं। 22 वर्षीय मिडफील्डर ने अपना आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच 24 मार्च 2023 को फ्रांस के खिलाफ खेला था, जिसमें नीदरलैंड्स को 4-0 से हार मिली थी।

नीदरलैंड्स 20 मार्च को रॉटरडैम और 23 मार्च को वेलेंसिया में स्पेन के खिलाफ नेशंस लीग क्वार्टरफाइनल खेलेगा। विजेता टीम 5 जून को सेमीफाइनल में क्रोएशिया या फ्रांस का सामना करेगी।

**नीदरलैंड्स की टीम:**

**गोलकीपर:** बार्ट वेरब्रुगन (ब्राइटन एंड होव एल्बियन), मार्क फ्लेकन (ब्रेंटफोर्ड), निक ओलिज (स्पार्टा रॉटरडैम)

**डिफेंडर:** मैथिज्स डी लिग्ट (मैनचेस्टर यूनाइटेड), वर्जिल वान डाइक (लिवरपूल), डेंज़ेल डुम्फ्रीज़ (इंटर मिलान), जेरिमी फ्रिमपोंग (बायर लीवरकुसेन), लुत्शरेल गीरत्रुइडा (आरबी लीपज़िग), जोरेल हातो (अजाक्स), जुरियन टिंबर (आर्सेनल), जान पॉल वान हेके (ब्राइटन एंड होव एल्बियन)

**मिडफील्डर:** फ्रेंकी डी जोंग (बार्सिलोना), टियून कूपमेनर्स (जुवेंटस), टिज्जानी रेइंडर्स (एसी मिलान), केनेथ टेलर (अजाक्स), जेरडी शाउटेन (पीएसवी), रयान ग्रेवेनबर्ख (लिवरपूल), जस्टिन क्लुइवर्ट (एएफसी बोर्नमाउथ)

**फॉरवर्ड:** ब्रायन ब्रॉबी (अजाक्स), कोडी गाकपो (लिवरपूल), नोआ लैंग (पीएसवी), डॉनीएल मालेन (एस्टन विला), मेम्फिस डिपे (कोरिंथियंस), जावी सिमोंस (आरबी लीपज़िग)।

## न्यूज ब्रीफ

### रोहित की कप्तानी से खुश है बीसीसीआई इंग्लैंड दौरे की सौंप सकते हैं कमान



**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी-2025 में टीम इंडिया को जीत दिलाने के बाद कप्तान रोहित शर्मा को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक बीसीसीआई इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज में भी रोहित शर्मा को ही टीम की कमान सौंप सकता है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारत के खराब प्रदर्शन के बाद रोहित की कप्तानी पर सवाल उठे थे, लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी की जीत ने आलोचकों का मुंह बंद कर दिया है। टीम इंडिया जून-जुलाई में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड के अधिकारी रोहित की कप्तानी से खुश हैं और एक बार फिर से उन्हें टीम की जिम्मेदारी सौपने का मन बन रहे हैं। हालांकि, इस पर अभी तक कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 और चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का खिताब जीता है। इसके अलावा, भारत ने वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल तक का सफर भी तय किया था। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उनके संन्यास की अटकलें लगाई जा रही थीं, लेकिन फाइनल के बाद रोहित शर्मा ने इन खबरों को खारिज कर दिया था। रोहित ने अब तक 67 टेस्ट मैच खेले हैं और 4302 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने 12 शतक और 18 अर्धशतक लगाए हैं, जिसमें एक दोहरा शतक भी शामिल है। वनडे क्रिकेट में उनके नाम 273 मैचों में 11168 रन हैं। रोहित को इंग्लैंड दौरे पर कप्तानी की जिम्मेदारी दी जाती है, तो यह उनके टेस्ट करियर का एक और अहम पड़ाव होगा। अब सभी की नजरें बीसीसीआई के फैसले पर टिकी हुई हैं।

### पुरुष और महिला भारतीय हॉकी टीम के दिग्गज मनदीप-उदिता बंधेंगे शादी के बंधन में



**नई दिल्ली।** भारतीय हॉकी टीम के प्रसिद्ध खिलाड़ी मनदीप सिंह जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। पंजाब के जालंधर निवासी मनदीप की जीवनसंगिनी ओलंपियन खिलाड़ी उदिता दुहान बनेंगी। उदिता हरियाणा के हिसार जिले की रहने वाली हैं और भारतीय महिला हॉकी टीम का हिस्सा रही हैं। शादी 21 मार्च को जालंधर के मॉडल टाऊन स्थित श्री गुरुद्वारा सिंह सभा में होगी। दोनों परिवार शादी की तैयारियों में जुटे हैं और शादी के कार्ड भी बांटे जा रहे हैं। 21 मार्च को सुबह 8 बजे, मनदीप सिंह और उदिता दुहान की बारात श्री गुरुद्वारा साहिब जाएगी, जहां सुबह 9 बजे 'आनंद कारज' की रस्म होगी। दोनों परिवारों के सदस्य, रिश्तेदार और करीबी दोस्त शामिल होंगे। इसके बाद 22 मार्च को जालंधर में एक भव्य रिसेप्शन पार्टी होगी, जिसमें भारतीय हॉकी टीम के कई प्रमुख खिलाड़ी, पुलिस अधिकारी और राजनेता शामिल होंगे। शादी से पहले 19 मार्च 2025 को डीजे पार्टी होगी, जिसमें भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी और परिवार के सदस्य मौजूद होंगे। बता दें उदिता दुहान ने भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 2017 में सीनियर स्तर पर डेब्यू किया था। उदिता ने अपनी जबरदस्त प्रदर्शन से टीम को कई महत्वपूर्ण जीत दिलाई है। उन्होंने 2018 एशियाई खेलों में भारत के लिए सिल्वर मेडल जीता था। 2022 के कॉमनवेल्थ गेम्स में टीम को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 2023 एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में भी वह गोल्ड मेडल जीतने वाली टीम का हिस्सा रही थीं।

### 2021 टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद मिलने लगी थी धमकियां

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने



कहा है कि 2021 टी20 वर्ल्ड कप में खराब प्रदर्शन के बाद उन्हें धमकी भरे फोन आए थे उनके घर का पता लगाया गया। यहां तक कि एयरपोर्ट से उनका पीछा भी किया गया। यह टूर्नामेंट दुबई में चार साल पहले हुआ था। वरुण ने 2020 और 2021 के इंडियन प्रीमियर लीग सीजन में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेलते हुए शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने पहले सीजन में 17 जबकि दूसरे में 18 विकेट लिए थे। विराट कोहली की अगुवाई वाली भारतीय टीम का प्रदर्शन निराशाजनक रहा और पहले दौर से ही बाहर हो गई। टीम को पाकिस्तान और न्यूजीलैंड जैसी टीमों से हार का सामना करना पड़ा था और वे नॉकआउट में जगह नहीं बना पाई थी। यह टूर्नामेंट वरुण चक्रवर्ती के लिए भूलने वाला नहीं था, क्योंकि उन्होंने सिर्फ तीन मैच खेले और एक भी विकेट नहीं लिया था। उन्होंने अपने फैंस की प्रतिक्रिया के बारे में खुलासा किया और बताया कि उन्हें धमकी भरे कॉल्स आए और एयरपोर्ट से उनका पीछा किया गया और उनके घर का पता भी लगाया गया।

## युवा स्टार आयुष गड्डे का पोलो और एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हैदराबाद, 15 मार्च (एजेंसियां)।** मात्र 16 वर्ष की आयु में, आयुष गड्डे पोलो और एथलेटिक्स में अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों से खेल जगत में धूम मचा रहे हैं। इंडस इंटरनेशनल स्कूल के छात्र आयुष ने कठोर शैक्षणिक कार्यक्रम और खेल के प्रति अपने जुनून के बीच संतुलन बनाते अपनी लगन और प्रतिभा साबित की है।

आयुष गड्डे जो पोलो में उभरता सितारा गन गये हैं, पिछले दो वर्षों से हैदराबाद पोलो और राइडिंग क्लब (एचपीआरसी) में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में कई प्रतिष्ठित खिताब जीते हैं। उनकी जीत में तेलंगाना रोलिंग एरिना पोलो ट्रॉफी, चेन्नई के खिलाफ इंटर स्टेट एरिना पोलो चैंपियनशिप में जीत और राजस्थान पोलो क्लब के खिलाफ इंटरसिटी टूर्नामेंट में संयुक्त जीत शामिल है। आयुष ने अपने बेहतरीन राइडिंग कौशल और रणनीतिक खेल के लिए खुद को एक होनहार प्रतिभा के रूप में स्थापित करना जारी रखा है। एक सवाल के जवाब में आयुष ने कहा कि मैं भारत का सबसे कम उम्र का पोलो खिलाड़ी हूं, और भविष्य में राष्ट्रीय टीम और ओलंपिक टीम के लिए खेलने का मेरा सपना है। मुझे अपने परिवार और दोस्तों से बहुत समर्थन मिले रहा है। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति जुनून के साथ पढ़ाई को संतुलित करना एक चुनौती है, लेकिन पोलो और ट्रैक एंड फील्ड दोनों के लिए मेरा समर्पण चुनौतीपूर्ण है और मैं साबित करूंगा कि मैं खेल के प्रति अपने जुनून के साथ भविष्य के शैक्षणिक कार्यक्रम में दुनिया के एरिना पोलो में सर्वश्रेष्ठ हूं।

आयुष ने आगे कहा कि ट्रैक एंड फील्ड में राष्ट्रीय स्तर के एथलीट पोलो से परे है। आयुष राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करते हुए ट्रैक एंड फील्ड स्पर्धाओं में अपनी एथलेटिक क्षमताओं का प्रदर्शन किया है। उन्होंने हैमर थ्रो और डिस्कस थ्रो (अंडर-19 श्रेणी) में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है और स्कूल नेशनल्स में भाला फेंक में अपने स्कूल का प्रतिनिधित्व किया है। उनकी ताकत, सटीकता और तकनीक ने उन्हें थ्रो फेंकने में एक मजबूत प्रतियोगी बना दिया है। खेलों में बहुमुखी प्रतिभा आयुष की खेल यात्रा पोलो और एथलेटिक्स तक ही सीमित नहीं बल्कि विभिन्न खेलों के साथ तालमेल बिठाने की उनकी क्षमता एक एथलीट के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण को उजागर करती है।

खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ आयुष को एयरोस्पेस इंजीनियरिंग में भी गहरा जुनून है। विमानन और अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए उनकी जिज्ञासा भविष्य में इस क्षेत्र में योगदान करने की उनकी महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देती है।

एक साहसिक भावना वाले आयुष को यात्रा करना, स्कीइंग करना और नई चुनौतियों को अपनाना पसंद है, आयुष हमेशा अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने के अवसरों की तलाश में रहते हैं। एक मजबूत कार्य नैतिकता और उत्कृष्टता के लिए इच्छा के साथ, वह खेल और उससे परे दोनों में और भी अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए हरदम तैयार रहते हैं।

## अल नासर ने अल खुलूद को 3-1 से हराया, रोनाल्डो, माने और डुरान ने किए गोल



**नई दिल्ली,15 मार्च (एजेंसियां)।** रियाद के अल अव्वल पार्क में शनिवार को खेले गए सऊदी प्रो लीग 2024-25 के मुकाबले में अल नासर ने अल खुलूद को 3-1 से मात दी। इस मैच में अल नासर के तीनों स्टार फॉरवर्ड - क्रिस्टियानो रोनाल्डो, सादियो माने और नए साइन किए गए झोन डुरान ने गोल किए।

मैच की चौथी ही मिनट में क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने टीम को बढ़त दिलाई। अल खुलूद के गोलकीपर मार्सेलो ग्रोहे ने डुरान के करीब से मारे गए पहले शॉट को बचा लिया, लेकिन रोनाल्डो ने शानदार तरीके से रीबाउंड को खाली नेट में डाल दिया। यह इस सीजन में उनका 19वां लीग गोल था, जिससे वह गोल्डन बूट की दौड़ में अल शबाब के अब्देररज्जाक हमदल्लाह (17 गोल) से दो गोल आगे हो गए। अल खुलूद ने पांच मिनट बाद बराबरी का गोल कर दिया था, जब मिज़ियाने माओलिडा ने बॉक्स के किनारे से गोल किया। हालांकि, वीएआर जांच के बाद इसे खारिज कर दिया गया क्योंकि उन्होंने माने को फाउल किया था। अल नासर ने 24वें मिनट में बढ़त दोगुनी कर दी, जब रोनाल्डो ने एक बेहतरीन थ्रू बॉल से सलेम अल-नाजदी को पास दिया। नाजदी ने गेंद को बॉक्स में क्रॉस किया, जिसे माने ने सटीक तरीके से गोलपोस्ट में डाल दिया। पहले हाफ के समाप्त होने से चार मिनट पहले, झोन डुरान ने बॉक्स के बाहर से गेंद को अपने बाएं पैर से कंट्रोल किया और दाएं कोने में शानदार गोल दाग दिया। दूसरे हाफ में अल नासर को एक बड़ा झटका लगा जब नवाफ बौशल को 10 मिनट के भीतर दो येलो कार्ड मिलने के कारण रेड कार्ड दिखाया गया। एक खिलाड़ी की बढ़त का फायदा उठाते हुए अल खुलूद ने 70वें मिनट में एक गोल कर दिया। जैक्सन मुलेका के शॉट ने अली लाजामी से डिफ्लेक्ट होकर गोल लाइन पार कर ली। इसके बावजूद, अल नासर के खिलाड़ियों ने शानदार डिफेंस किया और घरेलू दर्शकों के सामने जीत सुनिश्चित कर ली। इस जीत के साथ अल नासर ने शीर्ष पर मौजूद अल इत्तिहाद के साथ अंकों का अंतर 10 तक घटा दिया।

## वर्ल्ड शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप



बीजिंग में वर्ल्ड शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप 2025 के महिलाओं के 1500 मीटर क्वार्टर फाइनल में प्रतिस्पर्धा करती हंगरी की रेबेका सिलिसी-नेमेट ।

## नीदरलैंड्स ने आईएसयू वर्ल्ड सिंगल डिस्टेंस चैंपियनशिप में दिखाया दबदबा, जीते तीन स्वर्ण पदक

**हमार (नॉर्वे),15 मार्च (एजेंसियां)।** नीदरलैंड्स ने हमार ओलंपिक हॉल, नॉर्वे में शुक्रवार को आयोजित आईएसयू वर्ल्ड सिंगल डिस्टेंस चैंपियनशिप के दूसरे दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य पदक अपने नाम किए। नीदरलैंड्स की टीम ने महिला टीम परसूट स्पर्धा में दमदार शुरुआत की और 2 मिनट 56.09 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। जापान को रजत पदक मिला, जबकि कनाडा ने कांस्य पर कब्जा जमाया। पुरुष टीम परसूट स्पर्धा में संयुक्त राज्य अमेरिका ने 3 मिनट 39.24 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक हासिल किया। इटली ने रजत और नीदरलैंड्स ने कांस्य पदक जीता।

**500 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी नीदरलैंड्स का रहा जलवा** - महिला 500 मीटर स्पर्धा में फेम्के कॉक ने 37.50 सेकंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि




उनकी हमवतन जुट्टा लीरडम ने रजत पदक हासिल किया। दक्षिण कोरिया की किम मिन-सुन को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। पुरुष 500 मीटर स्पर्धा में जेनिंग डी बू ने 34.24 सेकंड के समय के साथ नया ट्रैक रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। अमेरिकी स्टार जॉर्डन स्टोल्ज़ को रजत पदक मिला, जबकि अमेरिका के कूपर मैक्लियॉड को कांस्य पदक प्राप्त हुआ।

### नये कप्तान रहाणे के साथ केकेआर बरकरार रख सकेगी ट्रॉफी

**मुम्बई।** आईपीएल 2025 में इस बार अजिंक्य रहाणे की कप्तानी में मौजूदा चैम्पियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) अपना खिताब बचाने के लिए पूरी ताकत लगा देगी। इसके लिए केकेआर ने तैयारी भी शुरु कर दी है। टीम ने पिछले सत्र में श्रेयस अय्यर की कप्तानी में खिताब जीता था पर इस बार वह टीम में नहीं है। श्रेयस के अलावा तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और ओपनर फिल साल्ट भी उसके पास नहीं है। हालांकि इसके बाद भी केकेआर काफी मजबूत नजर आ रही है। उसके नये कप्तान रहाणे काफी अनभावी हैं। वह साल 2022 में भी वह केकेआर के साथ ही थे पर उस वक्त वह रन नहीं बना पाये थे। पिछले कुछ समय में रहाणे ने टी20 को लेकर अपना रुख बदला है। मुश्ताक अली ट्रॉफी में रहाणे ने आठ पारियों में 469 रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 164.56 का था। उनके इस प्रदर्शन के कारण ही मुंबई ने खिताबी जीत हासिल की थी। ऐसे में टीम प्रबंधन को उम्मीद होगी कि रहाणे की कप्तानी का अनुभव केकेआर के काम आएगा।

## स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स में भारत का जलवा, तीसरे और चौथे दिन जीते 15 मेडल, कुल पदकों की संख्या हुई 24

**नई दिल्ली,13 मार्च (एजेंसियां)।** भारत ने स्पेशल ओलंपिक्स वर्ल्ड विंटर गेम्स में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए तीसरे और चौथे दिन 15 और पदक अपने नाम किए। इन नए पदकों के साथ भारत की कुल पदक संख्या बढ़कर 24 हो गई है। इससे पहले, भारतीय खिलाड़ियों ने शुरुआती दिनों में 9 पदक जीते थे।

### एल्पाइन स्कीइंग में स्वर्णिम प्रदर्शन

एल्पाइन स्कीइंग में दीपक ठाकुर और गिरिधर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर इंडरमीडिएट सुपर जी एम 04 और एम 05 कैटेगरी में स्वर्ण पदक अपने नाम किए। वहीं, अभिषेक कुमार ने नोविस सुपर जी एम 01 कैटेगरी में शानदार खेल दिखाते हुए रजत पदक हासिल किया। महिला वर्ग में राधा देवी ने इंडरमीडिएट सुपर जी एफ 03 इवेंट में रजत पदक जीतकर देश का मान बढ़ाया। शॉर्ट ट्रैक स्पीड स्केटिंग में बर्फ पर भारत की सफलता को आगे बढ़ाते हुए जियारा पोर्टर ने शानदार गति और




कौशल का प्रदर्शन कर 111एम एफ1 और 222 एम एफ2 इवेंट में दो रजत पदक जीते। वहीं, तनशु ने 777एम एम2 कैटेगरी में कांस्य और 500एम एम3 कैटेगरी में रजत पदक हासिल किया। क्रॉस कंट्री स्कीइंग में भी भारत का दबदबा दिखा, जहां आकृति ने 50एम क्लासिकल टेक्नीक फाइनल एफ03 में कांस्य पदक जीता।

### स्नोशूइंग में भारत का दबदबा

स्नोशूइंग इवेंट में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। वासु तिवारी ने 50एम रेस एम03 कैटेगरी में स्वर्ण पदक जीता, जबकि जहांगीर और तान्या ने क्रमशः 50एम रेस एम04 और एफ02 कैटेगरी में रजत पदक अपने नाम किए। शालिनी चौहान ने 50एम रेस एफ03 कैटेगरी में कांस्य पदक जीतकर पदकों की संख्या बढ़ाई। इसके अलावा, 200एम रेस में अनिल कुमार ने एम12 डिविजन में स्वर्ण और हरलीन कौर ने एफ12 डिविजन में रजत पदक अपने नाम किया। इन उपलब्धियों के साथ भारतीय एथलीटों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी प्रतिभा और संघर्षशीलता का प्रदर्शन किया। 102 देशों के 1500 से अधिक एथलीटों की मेजबानी कर रहा यह टूर्नामेंट खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने और हर खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### क्रिकेटरों ने खेली होली, सचिन को यूसुफ पठान ने रंगों से नहला दिया

**नई दिल्ली।** क्रिकेटरों ने भी जमकर होली खेली। युवराज सिंह को रंग लगवाना पसंद नहीं है, लेकिन सचिन तेंदुलकर ने युवराज के कमरे में घसुकर उन्हें रंग से नहला दिया। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें सचिन पिचकारी लेकर युवराज सिंह के कमरे में जाते हैं और उन्हें रंग से तरबतर कर देते। इस दौरान सचिन के साथ कई और खिलाड़ी भी थे। सचिन ने युवराज के साथ वाली हरकत अंबाती रायुडू के साथ भी दोहराई। उन्होंने रायुडू को भी रंग से नहला दिया। यह वीडियो को काफी पसंद किया जा रहा है। अब सचिन तेंदुलकर कैसे बच सकते थे। उन्हें भी युसूफ पठान ने अपना शिकार बनाया। वीडियो में एक जगह पर सचिन जब पिचकारी में रंग भर रहे थे तब युसूफ पठान एक बाल्टी पानी लेकर आए और सचिन को नहला दिया। वीडियो में दिखाई दे रहे कुछ और लोग युसूफ पठान पर पिचकारी से रंगों डाल रहे हैं। यह पूरी घटना इंडिया मास्टर्स लीग के अगले दिन की सुबह हुई।

# सप्ताह भर दबाव में रहे घरेलू शेयर बाजार




मुंबई, 15 मार्च (एजेंसियां)।

**ट्रेड पालिसी में बनी अनिश्चितता और अमेरिका में मंदी की आशंकाओं के बीच कमजोर वैश्विक संकेतों की वजह से इस सप्ताह घरेलू शेयर बाजार दबाव में रहे। हालांकि औद्योगिक उत्पादन और खुदरा महंगाई के अच्छे घरेलू आंकड़ों ने कुछ राहत प्रदान की।**

**सेंसेक्स 200 अंक गिरकर 73,828 पर बंद**

**निफ्टी 73 अंक टूटकर 22,397 पर बंद**

हालांकि इस सप्ताह शेयर बाजार में एक दिन कम कारोबार हुआ क्योंकि शुक्रवार को होली के त्योहार के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहे। घरेलू शेयर बाजार में सोमवार को बड़ा उतार-चढ़ाव दिखा। शुरुआती कारोबार में मजबूती के बाद बाजार हरे निशान से लाल निशान पर पहुंच गया। दिन के ऊपरी स्तरों से सेंसेक्स में 650 अंकों की गिरावट दर्ज की गई। शेयर मार्केट में रौनक के बीच सेंसेक्स 74600 के पार जाने के बाद 252 अंकों की बढ़त के साथ 74584 पर खुला और 217.41 अंक या 0.29 प्रतिशत गिरकर 74,115.17 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 22676 के डे हाई पर पहुंचने के बाद 32 अंक ऊपर 22584 पर खुला और 92.20 अंक की गिरावट के साथ 22,460.30 पर बंद हुआ। अमेरिकी मंदी के डर से हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन भी निवेशकों में दहशत का माहौल रहा। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 379.79 अंक गिरकर 73,735.38 अंक पर खुला और 12.85 अंक गिरकर 74,102.32 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 108.40 अंक गिरकर 22,351.90 अंक पर खुला और 37.60 अंक बढ़कर 22,497.90 पर बंद हुआ। घरेलू शेयर बाजार बुधवार को हरे निशान पर खुले। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 102.66 अंक बढ़कर 74,204.98 अंक पर खुला और 72.56 अंक गिरकर 74,029.76 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी 23.60 अंक बढ़कर 22,521.50 अंक पर खुला और 27.40 अंक गिरकर 22,470.50 पर बंद हुआ। होली से पहले भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को तेजी के साथ शुरुआत हुई। सेंसेक्स 223 अंक बढ़कर 74,253 पर खुला और 200 अंक गिरकर 73,828 पर बंद हुआ। निफ्टी 48 अंक बढ़कर 22,518 पर खुला और 73.30 अंक टूटकर 22,397.20 के स्तर पर बंद हुआ।

## न्यूज ब्रीफ

### जेएम फाइनेंशियल, एक्सपेरियन क्रेडिट इन्फॉर्मेशन पर जुर्माना




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने नियामकीय अनुपालन में पाई गई कुछ खामियों के लिए जेएम फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स और एक्सपेरियन क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी ऑफ इंडिया पर जुर्माना लगाया है। आरबीआई ने कहा कि जेएम फाइनेंशियल पर 'गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी- व्यवस्थागत रूप से महत्वपूर्ण गैर-जमा लेने वाली कंपनी और जमा लेने वाली कंपनी' से संबंधित निर्देश के कुछ प्रावधानों का पालन न करने पर 3.1 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। रिजर्व बैंक ने एक अलग बयान में कहा कि क्रेडिट सूचना कंपनी (विनियमन) अधिनियम, 2005 और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 के कुछ प्रावधानों का पालन न करने के लिए एक्सपेरियन क्रेडिट इन्फॉर्मेशन कंपनी पर दो लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आरबीआई ने कहा कि ये दंड नियामकीय अनुपालन में बरती गई खामियों पर आधारित हैं। इनका उद्देश्य कंपनियों द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर निर्णय लेना नहीं है।

### त्रिपुरा में पुष्पबंता पैलेस को होटल में बदलेगी आईएचसीएल



**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने पुराने पुष्पबंता पैलेस को पांच सितारा होटल में बदलने के लिए इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के साथ एक समझौता किया। राज्य के मुख्यमंत्री माणिक साहा ने कहा कि इस संबंध में दोनों पक्षों ने सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। उन्होंने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सरकार पुष्पबंता पैलेस में एक विश्व स्तरीय पांच सितारा होटल स्थापित करने के लिए ताज समूह के स्वामित्व वाली इकाई आईएचसीएल के साथ मिलकर आगे बढ़ रही है। यह राज्य के लिए एक ऐतिहासिक दिन है, क्योंकि इस समझौते पर रंगों के त्योहार होली के शुभ अवसर पर हस्ताक्षर किए गए। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री संतना चकमा और पर्यटन मंत्री सुशांत चौधरी भी संवाददाता सम्मेलन में मौजूद थे। साहा ने कहा कि यह पहली बार है जब आईएचसीएल ने किसी राज्य सरकार के साथ विश्वस्तरीय पांच सितारा होटल विकसित करने के लिए समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तावित होटल का नाम ताज पुष्पबंता पैलेस होगा और इसे अगले तीन वर्षों में 250 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से ताज समूह विकसित करेगा।

### टेस्ला की लोकप्रिय कार मॉडल वाय हो सकता है आकर्षक विकल्प




**नई दिल्ली।** आजकल टेस्ला की भारत में एंट्री सबसे चर्चित विषयों में से एक है। टेस्ला की सबसे लोकप्रिय कारों में से एक मॉडल वाय भारतीय ग्राहकों के लिए एक आकर्षक विकल्प हो सकता है। यह एक लंबी रेंज वाली इलेक्ट्रिक एसयूवी है, जो एक बार चार्ज होने पर 531 किलोमीटर तक की दूरी तय कर सकती है। इसका परफॉर्मेंस वेरिएंट महज 3.5 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है। इसका विशाल केबिन, अडवांस ऑटो पायलट सिस्टम और टेस्ला के सुपरचार्जर नेटवर्क तक पहुंच इसे खास बनाते हैं। फोर्ड की मस्टैंग मच-ई भी भारतीय बाजार के लिए उपयुक्त हो सकती है। इस इलेक्ट्रिक एसयूवी में 70 केडब्ल्यूएच से 91 केडब्ल्यूएच तक के बैटरी विकल्प उपलब्ध हैं, जो 502 किलोमीटर तक की रेंज प्रदान कर सकते हैं। इसका जीटी परफॉर्मेंस एडिशन 480 एचपी की दमदार पावर के साथ आता है और महज 3.5 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकता है। टेस्ला का साइबरट्रक भी एक अनोखा और भविष्यवादी डिजाइन वाला वाहन है, जिसकी रेंज 547 किलोमीटर तक हो सकती है। इसका साइबरबीस्ट वेरिएंट 845 एचपी की पावर जनरेट करता है और सिर्फ 2.6 सेकंड में 100 किलोमीटर प्रति घंटे की गति पकड़ सकता है। इन इलेक्ट्रिक गाड़ियों की भारत में एंट्री ऑटोमोबाइल सेक्टर के लिए एक बड़ा बदलाव साबित हो सकती है। बता दें कि दुनिया तेजी से क्लीन मोबिलिटी की ओर बढ़ रही है और हर साल कई नई इलेक्ट्रिक गाड़ियां बाजार में उतर रही हैं।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### यूनुस तानाशाह ...

इस आतंकी अभियान की शुरुआत कुछ लोगों ने इंटरनेट पर हसीना सरकार के खिलाफ दुष्प्रचार से की। शेख हसीना के शासन में बोलने की आजादी का फायदा उठाते हुए मुस्लिमों को भड़काया गया और उनके मन में भारत के प्रति घृणा भारी गई। इसके अलावा हिंदुओं के खिलाफ भी हिंसा भड़काई। मोहम्मद यूनुस की सरकार में हिज़्ब उत-तहरीर, आईएस और अल-कायदा के आतंकी खुले आम घूम रहे हैं। जुलाई-अगस्त में शेख हसीना के खिलाफ हिंसा करने वाले लोग भी इन्हीं संगठनों ने आए थे। रशीद ने कहा कि इन पर कार्रवाई के बजाय यूनुस सरकार ने इनकी बचा कर रखा है, उन्हें सरकार में जगह दी है और उन्हें मंत्री बनाया है। रशीद ने आरोप लगाया कि यूनुस की सरकार में बांग्लादेश पहचान मिटाई जा रही है। हिंदू मंदिर तोड़े जा रहे हैं। महिलाओं और हिंदुओं पर अत्याचार हो रहे हैं। रशीद ने कहा है कि शेख हसीना की सरकार का तख्तापलट करने के बाद यूनुस सरकार लोगों को प्रताड़ित करने में लगी है। उन्होंने लिखा, अगर मानवाधिकार उल्लंघन की सही मायने में जांच की जाए, तो एक भयावह सच्चाई सामने आएगी। यूनुस के संरक्षण में सिर्फ़ 15 दिनों में किए गए अत्याचार शेख हसीना के पूरे कार्यकाल में किए गए अत्याचारों से कहीं ज़्यादा थे। रशीद ने लिखा, उन दो हफ़्तों में बांग्लादेश में आतंक का बोलबाला हो गया। भीड़ ने सैकड़ों पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी, गर्भवती महिलाओं ने दया मांगी, लेकिन उन्हें भी मार दिया गया। सैकड़ों अवामी लीग समर्थकों को पीट-पीटकर मार डाला गया, उनके शवों को चेतावनी के तौर पर छोड़ दिया गया। ऐसी बर्बरता सदियों में नहीं देखी गई। रशीद ने आरोप लगाया कि मोहम्मद यूनुस स्वयं एक तानशाह है। उन्होंने कहा कि यूनुस ने सत्ता में आते ही शेख हसीना के काल में अपने ऊपर लगे भ्रष्टाचार के आरोप हटवा लिए। रशीद ने कहा है कि मोहम्मद यूनुस ने अपना मुखौटा उतार फेंका है और वह कोई सुधार नहीं बल्कि एक तानाशाह है। रशीद के अनुसार, यूनुस ने हाल ही में आरोप लगाया कि शेख हसीना ने बांग्लादेश को गाजा की तरह छोड़ा है, इस बात में रत्ती भर भी सच्चाई नहीं है। रशीद ने आरोप लगाया कि बांग्लादेश में बीते कुछ सालों में हुए विकास को मिटाने की कोशिश यूनुस कर रहे हैं।उन्होंने मोहम्मद यूनुस पर पश्चिमी देशों की चुप्पी को लेकर भी प्रश्न उठाए हैं। रशीद ने कहा कि मोहम्मद यूनुस ने स्वयं ही अमेरिका में एक आतंकी की प्रशंसा की। उन्होंने यूनुस की ग्रामीण बैंक पर भी देश के लोगों के शोषण का आरोप जड़ा है। रशीद ने कहा है कि उन्होंने बंगबंधु मुजीबुर रहमान के ऊपर एक किताब लिखी, इसलिए वह प्रताड़ित किए जा रहे हैं। रशीद ने कहा कि उनका देश उनसे चुरा लिया गया है। उन्होंने स्वयं को एक प्रताड़ित राजनयिक बताया है। हारुन रशीद 2023 में मोरक्को में बांग्लादेश के राजदूत नियुक्त किए गए थे। वह काफी लम्बे अनुभव वाले राजनयिक हैं और इससे पहले कई देशों में बड़ी जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। उन्होंने ही अब बांग्लादेश की यूनुस सरकार के खिलाफ बगावत कर दी है और उसकी सच्चाई बता दी है।

### दुनिया जानती ...

लेकिन यह भी मानना जरूरी है कि धार्मिक भेदभाव एक बड़ी चुनौती है और यह दुनिया में सभी धर्म के मानने वाले लोगों को प्रभावित करता है। इसका असर सभी धार्मिक आस्थाओं पर पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र में इस्लामोफोबिया के खिलाफ एक प्रस्ताव पेश किया गया था। इसी प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान भारत के संयुक्त राष्ट्र में स्थायी प्रतिनिधि पी हरीश ने ये बात कही। भारत ने प्रस्ताव का समर्थन किया, लेकिन कहा कि धार्मिक भेदभाव न सिर्फ इस्लाम के खिलाफ बल्कि किसी भी धर्म के खिलाफ गलत है।पी हरीश ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि भारत में होली और रमजान एक साथ मनाए जा रहे हैं और उन्होंने दोनों त्यौहारों की शुभकामनाएं भी दीं। पी हरीश ने कहा कि भारत ने पूजा स्थलों पर हमले की घटनाओं पर भी चिंता जाहिर की और कहा कि इनसे तभी बचा जा सकता है जब सभी सदस्य देश सभी धर्मों को समान रूप से सम्मान दें और विभिन्न धर्म के लोगों के बीच भेदभाव न करें। साथ ही शिक्षा व्यवस्था में भी रूढ़िवादिता और कट्टरपंथ को भी जगह न दी जाए। गौरतलब है कि इस्लामिक देशों के समूह ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इस्लामिक कोऑपरेशन ने इस्लामोफोबिया के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। जिसमें इस्लामोफोबिया से लड़ने की दिशा में 15 मार्च को इस्लामोफोबिया से लड़ने का अंतरराष्ट्रीय दिवस मनाने की मांग की गई है। प्रस्ताव में कहा गया है कि आतंकवाद और कट्टरपंथ को किसी भी धर्म, राष्ट्रीयता या जातीय समूह के साथ नहीं जोड़ा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पाकिस्तान अपने गिरेबान में झांके तो उसे पता चले कि वह वैश्विक आतंकवाद का केंद्र है। अपनी आंतरिक समस्याओं और असफलताओं के लिए दूसरों पर उंगली उठाने के बजाय पाकिस्तान को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।इधर, बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा पाकिस्तानी सेना को लेकर जा रही ट्रेन अगवा किए जाने के मामले में भारत का नाम घसीटने पर भारत के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, हम पाकिस्तान द्वारा लगाए गए निराधार आरोपों को दृढ़ता से खारिज करते हैं। पूरी दुनिया जानती है कि वैश्विक आतंकवाद का केंद्र कहां है। पाकिस्तान को अपनी आंतरिक समस्याओं और असफलताओं के लिए दूसरों पर उंगली उठाने और दोष मढ़ने के बजाय अपने अंदर झांकना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने हाल ही में वहां ट्रेन हाईजैक की घटना पर कहा था कि आतंकी अफगानिस्तान में बैठे अपने आकाओं के संपर्क में थे। वहीं यह पूछे जाने पर कि क्या पाकिस्तान ने बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) की गतिविधि के लिए अतीत में भारत को दोषी ठहराने की अपनी नीति बदल दी है तो उन्होंने कहा कि भारत के खिलाफ आरोप आज भी कायम हैं। भारत पाकिस्तान के खिलाफ आतंकवाद को प्रायोजित करने में शामिल है।

**बीएलए ने 214 पाकिस्तानी फौजियों को मार डाला**

पाकिस्तानी सेना को लेकर जा रही जाफर एक्सप्रेस को बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) द्वारा अगवा किए जाने का मामला खतरनाक नतीजे पर पहुंच गया। बीएलए ने कहा है पाकिस्तान ने बलोच युद्धबंदियों को रिहा करने की शर्त नहीं मानी, इसलिए 214 से अधिक पाकिस्तानी फौजियों को मार डाला गया। वहीं पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि मात्र 23 फौजी इस ऑपरेशन के दौरान मारे गए। जाफर एक्सप्रेस को हाइजैक करने वाली बलोच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने शुक्रवार 14 मार्च को एक बयान जारी किया। उस बयान में बीएलए ने कहा कि उसने ट्रेन हाइजैक करने के बाद 48 घंटे का समय पाकिस्तान सरकार को दिए थे। लेकिन पाकिस्तान ने बलोच बंदियों को रिहा करने की शर्त नहीं मानी। बीएलए के अनुसार, 48 घंटे के बाद भी यह मांग पूरी होने के चलते उन्होंने जाफर एक्सप्रेस से बंधक बनाए गए सभी 214 पाकिस्तानी फौजियों को मौत के घाट उतार दिया। बीएलए ने कहा है कि यह पाकिस्तान सरकार और पाकिस्तानी फौज की जिद का नतीजा है। बीएलए ने यह स्वीकार किया है कि ट्रेन हाइजैक और इसके बाद हुई पाक फौज से लड़ाई में बीएलए के 12 विद्रोही मारे गए हैं। बीएलए ने कहा कि उन्होंने पकड़े गए फौजियों को एक बोगी में बंद कर रखा था और जब पाक फौज के दूसरे कमांडो उन्हें छुड़ाने के लिए आए तो बीएलए के फिदायीन लड़ाकों ने उनकी हत्या कर दी। पाकिस्तान की फौज और सरकार के दावे इससे उलट हैं। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि पूरी घटना के दौरान 31 लोगों की मौत हुई जिनमें 23 फौजी थे। पाकिस्तानी सेना की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक ने दावा किया है कि ऑपरेशन के दौरान 33 बलोच विद्रोही मारे गए। पाकिस्तान फौज ने दावा किया है कि उसने 350 से अधिक बंधक हाइजैक की गई ट्रेन से मुक्त करवाए थे। हालांकि, बलोच विद्रोहियों ने स्पष्ट किया है कि फौजियों को छोड़ कर उन्होंने बाकी सभी यात्रियों को रिहा कर दिया था। पाक फौज ने अपनी इस नाकामी को छुपाने के लिए एक बार फिर भारत पर आरोप भी जड़े हैं।

वहीं इस बीच बलूचिस्तान के और भी शहरों में हमले हुए हैं। बलूचिस्तान के क्वेटा, पंजगूर और खुजदार में हमले गुरुवार रात को हुए हैं। क्वेटा में हमलावरों ने एक पुलिस स्टेशन को निशाना बनाया जबकि खुजदार में एक निर्माण कंपनी पर हमला किया गया और उसके साजोसामान में आग लगा दी गई। पंजगूर में एक चेकपोस्ट पर हमला हुआ और यहां से हथियार लूटे गए। बलूचिस्तान में बीते कुछ दिनों से हालात लगातार गंभीर बने हुए हैं। बलोच विद्रोही लगातार फौज पर हमले कर रहे हैं और उन्होंने बड़े इलाके पर अपना नियंत्रण स्थापित कर लिया है। वहीं फौज उनके दावे नकार कर प्रोपेगेंडा करने और इल्जाम भारत तथा अफगानिस्तान पर डालने में जुटी है।

### अमेरिका लगाएगा...

जबकि पांच देश इरीट्रिया, हैती, लाओस, म्यांमार और दक्षिण सूडान पर पर्यटक, छात्र और अप्रवासी वीजा को लेकर भी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। हालांकि इसमें कुछ शर्तें शामिल होंगी।

### आधार से लिंक...

सरकार ने भी इस मुद्दे पर कहा है कि आधार-वोटर कार्ड सीडिंग अभ्यास प्रक्रिया संचालित है और प्रस्तावित लिंकिंग के लिए कोई लक्ष्य या समयसीमा तय नहीं की गई है। इसके अलावा जो लोग अपने आधार विवरण को मतदाता सूची से नहीं जोड़ते हैं, उनके नाम मतदाता सूची से नहीं काटे जाएंगे।पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के मंत्री और कोलकाता मेयर फिरहाद हकीम ने पत्रकारों से कहा कि प्रत्येक मतदाता के पास एक विशिष्ट पहचान पत्र संख्या होनी चाहिए और उन्होंने इसे सुनिश्चित करने के लिए भौतिक सत्यापन की मांग की।

### त्यौहार...

अभी स्थिति नियंत्रण में है और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। खोरीमहुआ के एसडीपीओ राजेंद्र प्रसाद ने भी कहा कि शांति बहाल करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है और हालात पर कड़ी नजर रखी जा रही है। उप विकास आयुक्त स्मिता कुमारी ने इसे कुछ असामाजिक तत्वों की शरारत बताया। उन्होंने कहा, होली के मौके पर इन लोगों ने माहौल बिगाड़ने की कोशिश की। कुछ दुकानों और वाहनों में आग लगाई गई, लेकिन अब सब कंट्रोल में है। घटना के कारणों की जांच चल रही है। पुलिस का कहना है कि उपद्रवियों के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया जाएगा।उधर, लुधियाना के फोकल प्वाइंट इलाके में बिहारी कॉलोनी के पास शुक्रवार को मस्जिद के आसपास होली मना रहे लोगों पर कट्टरपंथियों ने जमकर पथराव किया। पथराव में करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए। पुलिस ने मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक, उपद्रवियों ने ईंट-पत्थर और बोतलें चलाईं और कुछ गाड़ियों में भी तोड़फोड़ की। इस घटना का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को मिला है, जिसकी जांच चल रही है। एडीसीपी पीएस विर्क ने कहा कि होली के त्यौहार पर डीजे बजा रहे हिंदुओं पर मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हमला कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंच गई और स्थिति नियंत्रण में ले लिया। एफआईआर दर्ज कर ली गई है और कुछ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस जांच कर रही है और शांति बनाए रखने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं।पश्चिम बंगाल के बीरभूम ममें होली के दिन इस्लामी कट्टरपंथियों ने हिंदुओं पर हमला बोल दिया। मामला बीरभूम जिले के अनाईपुर गांव का है, जहां डोल पूर्णिमा और होली मना रहे हिंदुओं पर इस्लामी भीड़ ने हमला किया। पुलिस की मौजूदगी में भी ये हमले जारी रहे। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अमित मालवीय ने कहा, बीरभूम में हिंदुओं पर होली मनाने के विरोध में हमला किया गया। ममता बनर्जी के राज में पश्चिम बंगाल धीरे-धीरे बांग्लादेश बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हमले की अगुआई टीएमसी के पंचायत सदस्य ने की थी। मुस्लिम भीड़ ने हिंदुओं को जय श्रीराम का नारा लगाने पर निशाना बनाया और वीडियो में सुना गया कि वे कह रहे थे, तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई ये नारा लगाने की?अमित मालवीय ने कहा, पुलिस ने हिंदुओं को हिंसा से बचाने के बजाय हमलावरों का पक्ष लिया। हैरानी की बात है कि पुलिस वहां मौजूद थी, फिर भी हमले बढ़ते गए। वीडियो में हिंदू कहते दिखे कि पुलिस खड़ी रही और हम पर हमला होता रहा। इस हिंसक झड़प के बाद बीरभूम जिला प्रशासन ने सैंथिया कस्बे के पास पांच ग्राम पंचायतों में इंटरनेट और वॉयस ओवर इंटरनेट सर्विस पर 17 मार्च तक के लिए पाबंदी लगा दी गई है। प्रशासन ने कहा, हाल की घटनाओं को देखते हुए इंटरनेट और वॉयस सर्विस का इस्तेमाल अफवाह फैलाने और गैरकानूनी गतिविधियों के लिए हो सकता है। इसलिए सैंथिया पुलिस स्टेशन के तहत सैंथिया नगर, हटोरा, मठपालसा, हरिसारा, फरियापुर और फुलुर ग्राम पंचायतों में ये सेवाएं अस्थायी रूप से बंद की जा रही हैं। उल्लेखनीय है कि पश्चिम बंगाल में मूर्तियों को तोड़ने की घटनाएं लगातार सामने आती रही हैं। पूर्वी मेदिनीपुर जिले के नंदीग्राम ब्लॉक 2 के कमालपुर गांव में एक हिंदू मंदिर पर हमला हुआ। वीडियो में हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां तोड़ी हुई दिखीं। मंगलवार से वहां पूजा और राम नारायण कीर्तन चल रहा था, लेकिन कुछ लोग श्री राम का नाम बर्दाश्त नहीं कर सके और मूर्तियों को तोड़ दिया। वीडियो में एक शख्स कहता सुना गया, यहां गंभीर हालात हैं। पुलिस कुछ नहीं कर रही। एक पुलिसवाला उस शख्स को डांटता भी दिखा जो तोड़ी गई मूर्तियों की वीडियो बना रहा था। इससे पहले 7 मार्च को दक्षिण 24 परगना जिले के बारुईपुर शहर में शेख इंदू नाम के एक मुस्लिम शख्स ने मां शीतला की मूर्ति तोड़कर आग लगा दी थी। सोशल मीडिया पर जली हुई मूर्तियों और क्षतिग्रस्त मंदिर की तस्वीरें वायरल हुईं। स्थानीय लोगों ने आरोपी शेख इंदू को पकड़ लिया, जिसने ये तोड़फोड़ और आगजनी की थी। बारुईपुर पुलिस ने 7 मार्च को कहा कि आरोपी मानसिक रूप से अस्थिर है और उसे दिमागी परेशानी है।

### क्रिकेटर शमी की ...

जुनैद नाम के एक व्यक्ति ने शमी की बेटी की फोटो पर लिखा, जुमे की नमाज पहले पढ़ी है या बाद में? वहीं एक और अकाउंट ने लिखा, रमजान का महीना है, शर्म करो। कुछ कट्टरपंथियों ने गालियां तक लिखीं और हिंसक बातें कहीं। गलीज कट्टरपंथियों ने बच्ची की मां के लिए भी बेहूदगी भरे शब्द लिखे। यह कोई पहला मौक़ा नहीं है जब मोहम्मद शमी इस्लामी कट्टरपंथियों के निशाने पर आए हों। हाल ही में चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान उन्होंने ग्राउंड पर जूस पी लिया था। इसके बाद इस्लामी कट्टरपंथी भड़क गए थे। उनकी यह तस्वीर सामने आने के बाद ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने उन्हें गुनहगार बताया था। मौलाना ने कहा था, इस्लाम ने रोजे को फर्ज करार दिया है। सभी पर रोजा फर्ज है। अगर कोई जानबूझकर रोजा नहीं रखता, तो वह गुनहगार है। ऐसा ही क्रिकेटर मोहम्मद शमी ने किया। उन्होंने रोजा न रखकर बहुत बड़ा गुनाह किया है।

### हिंदी का...

बल्कि हमारे लोगों के बीच प्रेम और सौहार्द भी बढ़े।

इससे पहले, मुख्यमंत्री स्टालिन ने एनईपी को भारत के विकास के बजाय हिंदी को बढ़ावा देने वाली भगवा नीति करार दिया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि इस नीति से तमिलनाडु की शिक्षा प्रणाली को नुकसान हो सकता है। स्टालिन ने यह भी कहा था कि केंद्र सरकार एनईपी लागू करने के लिए राज्य को धनराशि रोककर दबाव बना रही है।काकीनाडा जिले में एक कार्यक्रम में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कल्याण ने कहा, भारत को दो नहीं, अनेक भाषाओं की जरूरत है। हमें भाषाई विविधता को अपनाना चाहिए। सिर्फ अपने देश की अखंडता को बनाए रखने के लिए ही नहीं, बल्कि अपने लोगों के बीच प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए भी यह जरूरी है। केंद्र सरकार और तमिलनाडु के बीच चल रहे भाषा विवाद के बीच जन-सेना पार्टी के प्रमुख और आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने शुक्रवार को भारत की भाषाई विविधता को संरक्षित करने की जरूरत पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि देश को सिर्फ दो नहीं, तमिल समेत अनेक भाषाओं की जरूरत है। उन्होंने आश्चर्य जताया कि कुछ लोग हिंदी का विरोध क्यों कर रहे हैं। हैरानी की बात यह है कि वही लोग फिल्मों को हिंदी में डब कर लाभ कमाने की अनुमति भी दे रहे हैं।पवन कल्याण जिले के पीथापुरम शहर में जनसेना पार्टी के 12वें स्थापना दिवस समारोह में बोल रहे थे। उनकी यह टिप्पणी तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की ओर से केंद्र सरकार पर हिंदी थोपने के आरोपों पर के बीच आई है। मामला राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के त्रि-भाषा फॉर्मूले को लेकर शुरू हुआ था। द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) पर सीधे नाम लिए बिना कटाक्ष करते हुए पवन कल्याण ने तमिलनाडु के राज-नेताओं पर पाखंड का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वे हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन वित्तीय लाभ के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। उन्होंने पूछा, मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना क्यों करते हैं। तमिलनाडु के राजनेता हिंदी का विरोध क्यों करते हैं, जबकि वित्तीय लाभ के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं? वे बॉलीवुड से पैसा चाहते हैं, लेकिन हिंदी को स्वीकार करने से इनकार करते हैं। यह किस तरह का तर्क है?

### रुपए के ...

करने का काम किया है। यह कदम अलगाव की भावना भड़काने वाला है और इससे देश की एकता को खतरा है। रुपए के सिंबल की डिजाइन करने वाले डॉ. उदय कुमार धर्मलिंगम स्वयं तमिलनाडु के रहने वाले हैं और डीएमके के पूर्व विधायक के ही बेटे हैं। वर्तमान में धर्मलिंगम आईआईटी गुवाहाटी में प्रोफ़ेसर हैं। उन्होंने कहा है कि ऐसे अवांछित विवाद की उन्होंने कभी कल्पना नहीं की थी। धर्मलिंगम ने वर्ष 2010 में ही रुपए के संकेतचिन्ह की डिजाइन तैयार की थी। तब की यूपीए सरकार ने इसके लिए एक प्रतियोगिता करवाई थी। इसमें 3300 से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया था। इनके बीच से धर्मलिंगम के डिजाइन को मंजूरी मिली थी। तब से यह चिन्ह उपयोग में है। भारतीय मुद्रा के साथ ही इसे बजट और यहां तक कि रिजर्व बैंक के डिजिटल रुपया में भी उपयोग किया गया है। डीएमके सरकार के इस कदम पर तमिलनाडु भाजपा के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने कहा है कि उदय कुमार के डिजाइन को स्टालिन के पिता करुणानिधि ने सराहा था लेकिन उनके बेटे अब इसे नकार रहे हैं। उन्होंने इसे तमिलनाडु के बेटे का अपमान बताया है।

### जम्मू-कश्मीर में ...

पिछले साल फरवरी तक सक्रिय आतंकियों की संख्या 91 थी। यह लगभग 20 प्रतिशत की गिरावट है। साल 2019 में जम्मू-कश्मीर में 250 से ज़्यादा आतंकी घटनाएं दर्ज की गई थीं, जो साल 2024 में घटकर 40 रह गईं। अधिकारियों के अनुसार, आतंकियों की कुल संख्या में गिरावट बेहद महत्वपूर्ण कदम है, लेकिन विदेशी आतंकी अभी भी एक बड़ा मुद्दा बने हैं।

### केरल की 400...

पीसी जॉर्ज का कहना है कि लड़कियों को अपने साथ भगाने वाले एजेंटों को राज्य से राजनीतिक और आधिकारिक समर्थन मिल रहा है। बिशप कल्लारंगट्ट इन्हीं विषयों को लेकर स्वयं इस्लामिक कट्टरपंथियों के निशाने पर हैं। बिशप राज्य में ईसाई परिवारों को लव जेहाद और नारकोटिक्स जेहाद के बारे में जागरूक कर रहे हैं। दूसरी तरफ, पिनरई विजयन के नेतृत्व वाली माकपा सरकार इन सारे दावों को नकार रही है। वह लव जेहाद और मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ खुलकर सामने आने के बिशप कल्लारंगट्ट और पीसी जार्ज के खिलाफ मामले दर्ज करा रही है। विजयन सरकार का कहना है कि ये लोग केरल में विभिन्न समुदायों के बीच दरार और धार्मिक नफरत पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जार्ज के खिलाफ भी घृणास्पद भाषण के आरोपों के तहत कई मामले दर्ज किए हैं।जॉर्ज ने बड़े ही पुख्ता तरीके से यह दावा दोहराया कि मीनाचिल (कोट्टायम) से 400 से ज्यादा लड़कियां गायब हैं और ये सभी लव जेहाद का शिकार हुई हैं। जार्ज ने कहा कि आधिकारिक चैनलों के माध्यम से एकत्र किए गए डेटा और जानकारी के आधार पर ही वे यह खुलासा कर रहे हैं। केरल में विपक्ष के वास्तविक नेता माने जाने वाले जॉर्ज ने अनुरोध किया है कि उनसे उन लड़कियों का ब्योरा न मांगें जो जिहादियों के साथ भाग गईं और इस्लामिक देशों में सेक्स स्लेव बन गईं। समय आने पर वे सारे तथ्य उचित एजेंसी अथवा न्यायालय के सामने प्रस्तुत कर देंगे।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, रविवार, 16 मार्च, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# श्री आईमाता जी बडेर में धूम-धाम से मनाया गया होली महोत्सव



**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जीडिमेटला स्थित श्री आईमाता जी बडेर में गुरुवार को पुजा - अर्चना शाम 11.15 बजे होली दहन किया और गैर नृत्य भी किया शुक्रवार को सुबह 9.15 से पुजा - अर्चनाकर ओर बच्चों की ढुंढ कार्यक्रम शुरू किया होली फुलों से खेली गई है रंगारंग गैर चंग की थाप पर रंगारंग गैर नृत्य कार्यक्रम गैरों द्वारा आयोजित किया शाम 6 बजे से रात्रि 10 बजे पांच गैरों द्वारा गैर नृत्य कार्यक्रम आयोजित किया, ओर सभी गैरों को इनाम दिया,सभी गैर राजस्थानी वेशभूषा में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम का लाभ लिया है भोजन प्रसादी का लाभ लिया है जीडिमेटला गैर , कुतबुलापुरम गैर के द्वार ढुंढ की गई ।

समाज के गणमान्य पदाधिकारी मांगीलाल काग, अर्जुनलाल बर्फा, प्रेम पंवार, भंवरलाल काग, दुर्गाराम मुलेवा, सोहनलाल परिहार, भुण्डाराम वर्फा, मोहनलाल काग,भुराराम काग, मांगीलालजी मुलेवा, उदाराम काग,लुंबाराम मुलेवा,मांगीलाल सोलंकी, नारायणलाल सैणचा, मांगीलाल गेहलोत,जीवाराम हाम्बड़,राजुराम बर्फा व सीरवी समाज बन्धुओं।






तुमकुंटा मे होली का प्रोग्राम धुमधाम से मनाया गया।इस अवसर पर कुमावत समाज तेलंगाना के अध्यक्ष तिलायचा सोनाराम कुमावत व अन्य उपस्थित थे।



शापुरनगर स्थित गाजुला रामाराम में मुलेवा परिवार द्वारा होली धुमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर दुर्गाराम मुलेवा, रमेश, नरेश, सुरेश मुलेवा एवं अन्य।



शापुर नगर स्थित पंवार परिवार द्वारा होली धुमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर मिश्री बाई, मंगलराम पंवार, प्रेमा देवी पंवार,लीला के भायल, लोकेश पंवार, भवानी पंवार, यशवंत पंवार व अन्य उपस्थित थे।

# सीरवी समाज शमशाबाद बड़ेर में होली महोत्सव मनाया गया

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

शमशाबाद स्थित सीरवी समाज शमशाबाद बडेर में होली महोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी हेमन्त काग द्वारा दी गई सीरवी समाज शमसाबाद बडेर प्रांगण में होलिका दहन (मंगलाने) का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

होलिका दहन के पहले गैर मंडली द्वारा शानदार नृत्य किया गया और बोली का भी आयोजन किया गया जिसमें बोली दाता हरजीराम काग, आसाराम गहल-ोत, चेलाराम काग, भोलाराम पंवार इन सभी परिवारों के द्वारा विधिवत पूजा अर्चना करके होलिका दहन किया गया।

सुबह ( रामा-सामा ) के दिन में नन्हे मुन्ने बच्चों के ढुंढ कार्यक्रम 11.00 बजे से करीब 3.00 बजे



तक धूमधाम से और एक - एक करके कुल 17 ढूंढे की गई है।सम्पूर्ण कार्यक्रम बहुत ही शानदार और उमंगों से भरा रहा। सभी समाजी बंधुओं ने रंगों के उत्सव को मिलजुलकर मनाया।

इस कार्यक्रम में समाज के निम्न बंधुओं की महती उपस्थिति में संरक्षक एवं अखिल भारतीय सीरवी महासभा के प्रांतीय अध्यक्ष -हरजीराम काग, अध्यक्ष -आशाराम गहलोत,उपाध्यक्ष1- चेलाराम काग, उपाध्यक्ष 2-बाबुलाल पंवार ,सचिव- भोलाराम पंवार, कोषाध्यक्ष राजूराम परिहार, सहसचिव -नरेश परिहार, सहकोषाध्यक्ष-सोहनलाल मूलेवा एवं शिक्षा समिति के अध्यक्ष- केसाराम काग उपाध्यक्ष1 -भेराराम परिहारिया, उपाध्यक्ष 2-मांगीलाल सोलंकी, सचिव- भीकाराम काग, कोषाध्यक्ष -रमेश पंवार खेल मंत्री पुखराज पंवार सलाहकार- हरिराम परिहारिया, जगदीश काग , रतनलाल बर्फा, सदस्य -रमेश हाम्बड, तेजाराम चोयल, रमेश चोयल, सोहनलाल बर्फा, रमेश काग,धर्माराम काग, महिला मंडल की उपाध्यक्षा गंगा देवी काग सचिव भारती परिहारिया, सहसचिव जिमना देवी बर्फा , गौरी देवी काग सदस्य प.स.रायपुर एवं समाज के अन्य गणमान्य बन्धुओं की उपस्थिति रही।

पधारे हुए सभी भाई बन्धुओं, मातृशक्ति, नन्हे मुन्ने बच्चे व मेहमानों ने भोजन प्रसाद ग्रहण कर घर की ओर प्रस्थान किया।



कोरेमुला स्थित श्री आईमाता मंदिर में सीरवी समाज बन्धुओं द्वारा रंगों के त्यौहार होली पर आयोजित पूजा-अर्चना, बच्चों की ढूंढ, रंगारंग गेर महोत्सव व भोजन-प्रसादी कार्यक्रम में उपस्थित संरक्षक प्रभुराम परिहारिया, अध्यक्ष कालुराम काग, सचिव डायाराम लचेटा, सह सचिव राजाराम गेहलोत, उपाध्यक्ष राजाराम पंवार, सलाहकार पुनाराम हाम्बड़, रमेश हाम्बड़, खेल मंत्री ओमप्रकाश हाम्बड़, तेजाराम परिहार,प्रकाश खण्डाला,छोगाराम गेहलोत,कमेलश आगलेचा, देवाराम परिहार, बाबूलाल परिहार, नेमाराम परिहार,ओगड़राम सैणचा ताराराम भायल रतनलाल सेपटा व समाज बन्धु ।



श्री पहाड़ी श्याम मंदिर में होली के अवसर पर आयोजित होली धमाल-बाबा श्याम के संग कार्यक्रम में रंग-गुलाल खेलते हुए मंदिर के चेयरमैन अरुण डाकोतिया, अशोक सिंघानिया, अक्षय डाकोतिया, प्रवीण अग्रवाल, ब्रिजेश मोदी, पंकज सिंगला, राहुल अग्रवाल, मोहित परसररामपुरिया, सुरेश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल एवं भारी संख्या में उपस्थित श्याम प्रेमी।

# अग्रवाल समाज दोमलगुडा का रसिया गीत कार्यक्रम सम्पन्न

**हैदराबच, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज, तेलंगाना की दोमलगुडा शाखा के द्वारा होली के अवसर पर रसिया गीतों का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शुक्रवार को हिमायतनगर स्थित एडवोकेट कॉलोनी में सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक चले इस कार्यक्रम में राजस्थान, मुख्यतः शेखावाटी क्षेत्र के निवासी हैदराबाद प्रवासी 20 कलाकार बंधुओं की एक टीम ने ढ़प और चंग की तर्ज़ पर होली के रसिया गीत प्रस्तुत किए जिनका उपस्थित जनों ने साथ में गाकर और नृत्य कर आनंद उठाया। गणेश स्तुति और महाराजा श्री अग्रसेन जी को नमन के पश्चात आमंत्रित कलाकारों को दुपट्टा पहनाकर और गुलाल के टीके से



स्वागत उपरांत शुरू हुए इस कार्यक्रम में शाखा के परामर्शदाता गिरधारी लाल अग्रवाल, ओम प्रकाश पंसारी , श्यामलाल अग्रवाल, अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गर्ग, संयुक्त मंत्री प्रतीक अग्रवाल, के एस सदस्य डॉ दिलीप पंसारी (आईपीपी ) और विजय जिंदल, महिला समिति की सरला अग्रवाल के साथ ही शाखा के कई सदस्य, महिलाएं और अन्य उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में कोषाध्यक्ष विजय कुंछल , दिनेश पंसारी, ललित चंदन और अन्य का योगदान रहा।

15th March 2025
Saturday
राधे राधे ग्रुप
हैदराबाद
Radhe Radhe Group, Bhagyanagar, Hyderabad, Telangana, Bharat (India).
॥ॐ श्री अन्नपूर्णा देव्यै नमः॥
Nitya AnnaPrasad (Breakfast) Seva at 7.01 am
at
Public Garden, Pillar-A1265,
Nampally, Bhagyanagar, Hyderabad.
On The Occasion of:
Chaitra Maas, Krishn Paksh, Pratipada Tithi

40th Birthday Anniversary:
Sri Gaurang Ji Ganeriwal
Seva By:
Sri Ganeriwal Pariwar

# समर स्प्रिंग फैशन स्पेशल हाईलाइफ प्रदर्शनी 21 से




**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** फैशन तथा लाइफस्टाइल एक्जीबिशन हाईलाइफ का आयोजन 21 से 23 मार्च तक एचआईसीसी नोवोटेल में किया जाएगा।

स्प्रिंग एंड समर फैशन स्पेशल तीन दिवसीय हाईलाइफ प्रदर्शनी में लक्जरी फैशन तथा लाइफस्टाइल से जुड़े वैभवपूर्ण व विशिष्ट उत्पादों को प्रस्तुत किया जाएगा। इस संदर्भ में शनिवार को कर्टन रेजर कार्यक्रम का आयोजन किया गया । अवसर पर अभिनेत्री अभिनेत्री रितिका चक्रवर्ती, अभिनेत्री प्रीति सुंदर अन्य द्वारा ब्रोशर लांच किया गया। जानकारी देते हुए बताया गया कि एचआईसीसी नोवोटेल में 21 मार्च से आयोजित होने वाली स्प्रिंग एंड समर फैशन स्पेशल हाईलाइफ एक्जीबिशन में देशभर से डिजाइनर भाग लेकर विविध प्रकार के फैशन तथा जीवनशैली पर आधारित उत्पादों को प्रदर्शित करेंगे। इनमें फैशन वियर, ब्राइडल वियर, लाइफस्टाइल वियर, डिजाइनर तथा फ्यूजन वियर, एसेसरीज, ज्वेलरी, होम डेकोर तथा आने वाले त्योहारों व मौसम अनुकूल उत्पादों सहित अन्य विविध प्रकार की आकर्षक वस्तुओं का वृहद संग्रह शामिल होगा ।





राधे राधे ग्रुप द्वारा नियमित अन्नदान के अंतर्गत शनिवार को श्री गौरंग गनेरीवाल की 40वें जन्मदिवस पर श्री गनेरीवाल परिवार द्वारा नामपल्ली स्थित पाब्लिक गार्डन, पिलर नं. ए1265 के समीप जरूरतमंद लोगों में अल्पाहार सेवा की गई। इस अवसर पर राधे राधे ग्रुप के सदस्य उपस्थित थे।

# ध्यान फाउंडेशन द्वारा गौ कृपा कथा का आयोजन कल से

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ध्यान फाउंडेशन (डीएफ), जो स्वयंसेवकों द्वारा संचालित एक आध्यात्मिक और धर्मार्थ एनजीओ है और मार्गदर्शक अश्विनी गुरुजी के मार्गदर्शन में उन्नत योगिक तकनीकें और मंत्र सिखाता है, सोमवार 17 से 21 मार्च, 2025 तक हैदराबाद में शाम 4 से 7 बजे के बीच गौ कृपा कथा का आयोजन कर रहा है। यह कथा श्रद्धेय गोपाल सरस्वतीजी दादीजी (आध्यात्मिक गुरु श्री गोपालाचरण गोपालानंद सरस्वती महाराज के शिष्य) द्वारा की जाएगी। यह कार्यक्रम हरे कृष्ण गोल्डन टेम्पल (संकीर्तन भवन) रोड नंबर 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार तेलंगाना में ध्यान फाउंडेशन ग्राम चेल्लूर, राजपेट और पेद्दाशापुर, गोलूर रोड, शमशाबाद में दो गौशालाएं चला रहा है, जो 3000 से अधिक बचाए गए, परित्यक्त, बीमार गौवंशों का घर है। यह एकमात्र संगठन है जो भारत-बांग्लादेश सीमा से बचाए गए गौवंश के पुनर्वास के लिए सीमा सुरक्षा बल के साथ काम कर रहा है। ध्यान फाउंडेशन को कई संगठनों से राष्ट्रीय, राज्य और निजी पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। ध्यान आश्रम के मार्गदर्शक अश्विनी गुरुजी वेदों के ज्ञान के प्रतीक हैं, और वर्तमान युग में अपनी तरह के एकमात्र हैं। गुरु-शिष्य परंपरा का पूर्ण रूप से पालन करते हुए, उनका मानना है कि योग एक साधना है, व्यवसाय नहीं और इसी तरह उन्होंने अपने हर साधक को इस पथ पर अग्रसर किया है। अधिक जानकारी के लिए www.dhyanfoundation.com पर जाएं।



**दक्षिण मध्य रेलवे**

हमें SCRailwayindia पर फॉलो करें
द.म. रेलवे की निविदा सूचनाओं के विवरणों को हमारी वेबसाइट : www.scr.indianrailways.gov.in पर देखा जा सकता है

**खुली ई-निविदा सूचना**

PUB/0266/25

कृते एवं भारत के राष्ट्रपति की ओर से, अधोहस्ताक्षरित द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए दि. 10.04.2025 को 15.30 बजे तक ई-निविदाएं आमंत्रित हैं।

**क्रम. सं. : 1. कार्य का नाम:** निविदा सूचना संख्या और दिनांक: एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ई41-ओटी-24-25, दि. : 14.03.2025; विजयवाड़ा डिवीजन: बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन-1. समान अवधि के पुलों संख्या 590 सी यूपी, 591बी यूपी, 592ए यूपी, 595ए यूपी, 617 डीएन, 643 यूपी, 643 डीएन और 654 डीएन (पाइप कलवर्ट, पत्थर के स्लैब और 0.61 मीटर से .76 मीटर व्यास के आरसीसी स्लैब) के प्रतिस्थापन के संबंध में एसएंडटी कार्य, वाईएलएम-डीवीडी स्टेशनों के बीच जलमार्ग को बढ़ाने के लिए आरसीसी बॉक्स के साथ 2.0 मीटर 1.5 मीटर आकार के 8 पुल। 2. समान स्पैन वाले पुलों संख्या 676 यूपी, 677 यूपी, 677ए डीएन, 687 डीएन, 700 डीएन, 719 डीएन, 728 यूपी, 733 डीएन (पाइप कलवर्ट, स्टोन स्लैब और 0.61 मीटर से .76 मीटर व्यास के आरसीसी स्लैब) के प्रतिस्थापन के संबंध में एस एंड टी कार्य, एनआरपी-वाईएलएम स्टेशनों के बीच जल मार्ग को बढ़ाने के लिए आरसीसी बॉक्स के साथ 2.0 एमएक्स 1.5 मीटर आकार के 8 नंबर। 3. एडीईएन/ईई सब डिवीजन में छोटे पुलों के सुरक्षात्मक कार्यों और प्रमुख पुल खंभों के विस्तार, एल रिटेनर को मजबूत करने के प्रावधान के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य** (रु./पैसे): 14227265.10/- **पूधरा (रु.)**: 221100.00/- केवल ऑनलाइन या बोली सुरक्षा के माध्यम से, सीटीबी (रु.): शून्य. कार्य समाप्ति अवधि: 180 दिन।

**क्रम.सं. : 2. कार्य का नाम:** निविदा सूचना संख्या एवं दिनांक: एससीआर-बीजेडए-एसएनटी-ई42-ओटी-24-25, दिनांक: 14.03.2025; विजयवाड़ा डिवीजन-सिग्नल एवं दूरसंचार कार्य 1. एसएसई/ बीआर/ आई/ आरजेवाई सेक्शन के अंतर्गत बीआर संख्या 236 यूपी एवं डीएन (3 x 12.19), 245 डीएन (3 x 12.19), 614 यूपी एवं डीएन (3 x12.19), 628 यूपी (6 x 12.19) और 355/ए यूपी एवं डीएन (2 x 9.15 एमएम) एसएसई/ बीआर/बीटीटीआर सेक्शन के अंतर्गत पुलों के जीर्णोद्धार का कार्य। 2. जीडीआर-बीजेडए सेक्शन में एडीईएन/ ओजीएल सब डिवीजन में सुरक्षात्मक कार्यों सहित ओपन कट विधि द्वारा आरसीसी बॉक्स के साथ ओआरएन-3 ब्रिज नंबर 582 डीएन और 582 अप का प्रावधान और पुनर्निर्माण। 3. बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन- डीएईएन/ बीआर/ एन/ बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एसएसई/ बीआर/ आई/ आरजेवाई सेक्शन के बीवीएम-एकेपी स्टेशनों के बीच स्पैन नंबर 1 में बे नंबर 1 के जंग लगे, छिद्रित निचले बूम और किमी 682/18-30 पर ब्रिज नंबर 544 डीएन के एबटमेंट 1 (ट्यूनी छोर) पर रोलर और रॉकर बेयरिंग के प्रतिस्थापन के संबंध में एसएंडटी कार्य और ट्यूनी-जीएलयू स्टेशनों के बीच किमी 682/18-30 पर 544 डीएन के लिए टॉप बूम निरीक्षण व्यवस्था और 4. बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन-एसएसई/बीआर-खख/आरजेवाई सेक्शन में पुल संख्या 248ए (रेल सह सड़क पुल) और अनुभागीय पुलों (8 डीएन, 102 डीएन, 248/सी और 248 ई) के फ्लोर सिस्टम में क्रॉस गर्डरों के धातुकरण के संबंध में एसएंडटी कार्य, ट्यूनी-जीएलयू स्टेशनों के बीच किमी 682/18-30 पर पुल संख्या 544 डाउन और बीवीएम-एकेपी स्टेशनों के बीच किमी 744/17-29 पर पुल संख्या 703 अप का धातुकरण और एडीईएन/ बीआर/ एन/ बीजेडए के तहत एसएसई/ बीआर/ आई/ आरजेवाई सेक्शन के अनुभागीय पुल संख्या 615 यूपी और डीएन, 510 यूपी और डीएन, 470 यूपी और डीएन, 460 यूपी और डीएन और 452 यूपी और डीएन। 5. बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन- एडीईएन/ बीआर/ एन/ बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एसएसई/बीआर-II/ आरजेवाई सेक्शन के ईई-वैट स्टेशनों के बीच किमी 484/13-17 पर पुल सं.95 यूपी (6 x 12.19 मीटर) पर जंग लगे और पुराने गर्डरों को नए गर्डरों से बदलने के संबंध में एस एंड टी कार्य। 6. बीजेडए-वीएसकेपी सेक्शन- एडीईएन/ बीआर/ एन/बीजेडए क्षेत्राधिकार के तहत एसएसई/ बीआर/ आई/ आरजेवाई सेक्शन के एसएलओ-पीएपी स्टेशनों के बीच किमी 630/17-21 पर पुल सं.383 यूपी (3 x 12.19 मीटर) और किमी 630/18-22 पर 383 डीएन (3 x 12.19 मीटर) पर जंग लगे और पुराने गर्डरों को नए गर्डरों से बदलने के संबंध में एस एंड टी कार्य। **निविदा मूल्य (रु./पैसे):** रु. 5573814.86, **पूधरा** (रु.): 111500.00 केवल ऑनलाइन या बोली सुरक्षा के माध्यम से, **सीटीबी (रु.):** शून्य, **समापन अवधि:** 180 दिन।

समापन तिथि और समय: 10.04.2025 को 15:30 बजे।

संभावित निविदाकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे निविदा समापन की तिथि से पहले वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाकर किसी भी निविदा के लिए कोई भी परिवर्तन/शुद्धिपत्र देखें।

**मंडलीय रेल प्रबंधक (एस एंड टी)/ विजयवाड़ा**

**शुद्धिपत्र संख्या ई-03-बीजेडए-2025 दिनांक 14-03-2025**

PUB/0267/25

ई-निविदा सूचना के तहत आमंत्रित निविदा सं. ई- 08 सेंट्रल - बीजेडए-2025। डीआरएम/ वर्क्स/ बीजेडए/ 05/2025 दि. 21.02.2025 को रद्द किया जाता है।

A0337 **मंडलीय रेल प्रबंधक (कार्य) विजयवाड़ा**

अतिरिक्त निविदा शर्तों/ विवरणों के लिए और निविदा दस्तावेजों को डाउनलोड करने के लिए कृपया वेबसाइट : www.ireps.gov.in या http://www.scr.indianrailways.gov.in देखें।



राष्ट्रीय प्रजा प्रभुत्व सेना संस्थापक कुंवर राकेश एम देसरला ने गोशामहल विधायक राजा सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उन्हें बंगलोर में आयोजित भगवान् महावीर जयंती कार्यक्रम में पधारने के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर उपस्थित रिद्धिश जागीरदार, नरेश पारेख जैन, नरेश कवाड एवं अन्य।



पब्लिक गार्डन में गार्डन गैलरी ग्रुप कि ओर से होली पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अवसर पर भाई सुरेशजी राठी का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में ग्रुप के सभी सदस्य उपस्थित थे। 15 वर्षों से लगातार होली पर उक्त कार्य क्रम किया जा रहा है।

## नारनौल अग्रवाल समिति का होली मिलन आज

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नारनौल अग्रवाल समिति हैदराबाद सिकंदराबाद के तत्वाधान में होली के पावन अवसर पर होली मिलन का भव्य आयोजन रविवार 16 मार्च 2025 को शाम 7:00 बजे से सिद्दिअंबर बाजार स्थित तारा इंटरनेशनल होटल में आयोजित किया जा रहा है। प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए समिति अध्यक्ष पंकज कुमार अग्रवाल ने समिति के सदस्यों से अनुरोध किया कि बिन रंग के रंग डियो रे सांवरिया कार्यक्रम में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए इस बुराई की अच्छाई पर विजय का प्रतीक त्यौहार का आनंद ले।

# अत्तापुर में उल्लास के साथ मनाई गई सामूहिक मारवाड़ी होली



**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हर वर्ष की भांति श्री राजस्थानी जागृति मंच द्वारा रामबाग राम मंदिर अत्तापुर में सामूहिक मारवाड़ी होली का आयोजन होता रहा है। इस वर्ष भी मारवाड़ी समाज के परिवारों ने सामूहिक रंग बिरंगी होली मनाई। दिनभर महिलाओं ने सुंदर वस्त्र पहनकर होली की पूजा की तथा रात्रि 11:41 पर होलिका दहन किया गया। जिसमें हजारों लोग उमड़ पड़े। इस अवसर पर लोगों ने एक दूसरे को रंग लगाकर होली की बधाई दी। दूसरे दिन क्षेत्र में नवजात शिशुओं के घर में ढूंढ का आयोजन किया गया जहां पर लोगों ने जमकर होली खेली ।



भारतीय जनता पार्टी के रंगारेड्डी संयोजक एन मल्ला रेड्डी का जन्मदिन बड़े ही उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर चेवेल्ला सांसद विशवेश्वर् रेड्डी के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बच्ची का भी ढूंढ बड़े उत्साह से मनाया गया



**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी परंपरा के अनुसार किसी के घर में भी जन्मे बच्चे का होली के महापर्व पर बड़े उत्साह के साथ ढूंढ किया जाता रहा है लेकिन यहां तो घर में 1 महीने पहले जन्मी बच्ची का भी ढूंढ बड़े उत्साह के साथ मनाया गया है आज यहा अत्तापुर पांडुरंगा नगर निवासी राजेश शर्मा नेहा शर्मा के निवास स्थान में उनकी पुत्री (1महीना) त्रिविक्रमा शर्मा का ढूंढ आयोजन बड़ी धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम में कैलाश शर्मा, रामावतार शर्मा, शशिकांत शर्मा, किशन शर्मा, लखन शर्मा, नवीन शर्मा, पंकज शर्मा, सतीश शर्मा, सुरेश शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, लालू शर्मा, अभिषेक शर्मा, प्रियांशु शर्मा, हुमेश शर्मा, शौर्य शर्मा, अथर्व शर्मा, विमला शर्मा, नेहा शर्मा , पिंकी शर्मा, कोमल शर्मा, सोनू शर्मा, विद्या शर्मा, मंजू शर्मा, ललिता शर्मा, संपत शर्मा, मोक्षी शर्मा, यामी शर्मा एवं अन्य ने भाग लिया।



श्री श्याम मंदिर सेवा समिति, श्री श्याम मन्दिर, काचीगुडा में होली के अवसर पर आयोजित 'होली के रंग- श्याम के संग' कार्यक्रम में भजन प्रस्तुत करते हुए सुनील शर्मा एवं सागर व्यास । अवसर पर उपस्थित मंदिर सेवा समिति के मंत्री इन्द्रकरण अग्रवाल, सहमंत्री रामदेव अग्रवाल, पुरुषोत्तमदास गोयल, अमित अग्रवाल, श्यामसुन्दर डालिया, संतोष अग्रवाल । अवसर पर उपस्थित नगरद्वय के श्याम प्रेमी एवं भक्तगण ।

DAILY शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, No. 1581356H L/NK SURESH NAMILE of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, TS that my mother Name is changed from ANJAMMA to NEMILE ANJAMMA

**CHANGE OF NAME**

I, LOURDU MARY, D/o. Late INNA REDDY, is legally wedded spouse of EX-SERGENT, Name: ANTONY ARUL ANANDAM, presently residing at H.No. 10-2-862, Vidaya Nagar, Dist: Karimnagar, State: Telangana, Pin: 505001, have Changed my name from: LOURDU MARY to YERUVA LOURDU MARY, Vide Affidavit date 15/03/2025 at Secunderabad

**CHANGE OF NAME**

I, Rathidevi J W/o. J Mani Sekar, R/o (V) Sundaralingapuram, (T) Peraiyur, (D) Madurai, Tamilnadu, 625703. have changed my name from RATHIDEVI J to RATHIDEVI M, affidavit dt.15-3-2025, before Sec-Bad Court

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, PARVATI DEVI Mother of JAGATPAL, R/o.Vill:Kashipur, Gonda, Uttar Pradesh-271310 have changed my name and DOB from PARVATI DEVI, DOB:02-05-1958 to PARWATI, DOB:01-01-1970 vide affidavit dt:13-3-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF DOB**

I, SWAMINATH Father of JAGATPAL, R/o.Vill: Kashipur, Gonda, Uttar Pradesh-271310 have changed my DOB from 01-01-1955 to 01-01-1965 vide affidavit dt 14-2-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF DOB**

I, REKHA DEVI Spouse of JAGATPAL, R/o.Vill: Kashipur, Gonda, Uttar Pradesh-271310 have changed my DOB from 01-03-1990 to 01-01-1992 vide affidavit dt:14-2-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Service No-14662440K Rank-NK Name-Sambhu Kumar Residing at Vill-Goradihtoli,Teh- Daltonganj, PO-Gurua, Dist-Palamau, State-Jharkhand PIN-822118. I have changed my Father name from SHISPAL MAHTO to SHISHUPAL MAHTO and also DOB changed from 01/07/1960 to 01/01/1961 Affidavit dated 15 March 2025 before Notary G Ramchander Secunderabad.

**CHANGE OF NAME & DOB**

I, Service No. 4364527N Ex.HavTakar Duping, R/o.Vill:Menying, Post:Mechuka, Dist:Shi-Yomi, Arunachal Pradesh-791003 India, hereby state that my daughter name and DOB is to be changed from SWEETY DUPING, DOB: 15-01-2003 to KARTY DUPING, DOB:15-5-2004



सिख समुदाय के दसवें गुरु गोविंद सिंह जी महाराज द्वारा शुरू किए हुए होली के दूसरे दिन हुल्ला महल्ला को बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी में आपस में रंग गुलाल लगाकर एक दूसरे में खुशी का इजहार किया गया। पूरे समुदाय ने पुराना पुल से निशान जुलूस संगत स्टार्ट होकर गुरुद्वारा अत्तापुर में नगर कीर्तन करते हुए गोलीगुड़ा पहुंचे।

# श्री श्याम मित्र मंडल अत्तापुर ने किया 136 श्याम सेवकों का सम्मान




**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** श्री श्याम मित्र मंडल अत्तापुर (सूरजगढ़ निशान) में सूरजगढ़ श्री श्याम निशान यात्रा के सफल आयोजन होने के पश्चात गुरुवार को रामबाग राम मंदिर प्रांगण में एक सम्मान समारोह आयोजित कर श्री श्याम निशान यात्रा में सेवा देने वाले सभी 136 श्याम सेवकों का सम्मान शॉल, प्रसाद एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर किया गया।

श्याम सेवकों का सम्मान मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, परामर्शदाता सुरेश कुमार मोदी, परामर्शदाता सोहनलाल नेहरा, समाज-सेवी बाबूलाल जोशी एवं अन्य के मुख्य अतिथि में किया गया कार्यक्रम का सफल संचालन मंडल के संरक्षक एवं यात्रा संयोजक पवन नालपुरिया ने किया।

# जेबीएन-वी कनेक्ट वुमन बिजनेस रेफरल ग्रुप की बैठक आयोजित




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** जेबीएन-वी कनेक्ट वुमन बिजनेस रेफरल ग्रुप ने अपनी तीसरी कार्यकाल की बैठक जीतो कार्यालय राजाजीनगर में आयोजित की। इस बैठक में जेएलडब्ल्यू की अध्यक्ष लक्ष्मी बाफना, सचिव रक्षा छाजेड़ एवं जेएलडब्ल्यू समिति के अन्य सदस्यगण विशेष रूप से कोर समिति सदस्य सहमंत्री मीना बडेरा, सुमन रांका उपस्थित थी। बैठक की मुख्य वक्ता तनुजा मेहता (संस्थापक, ब्रेन जिम) रहीं, जिन्होंने व्हाट्सऐप और इसकी विशेषताएँ विषय पर एक ज्ञानवर्धक और प्रभावशाली सत्र लिया। उन्होंने सरल तरीके से समझाया कि किस प्रकार संवाद को व्यावसायिक रूपांतरण में बदला जा सकता है, जो जेबीएन के मूल मंत्र अपना नेटवर्क बढ़ाकर अपनी नेटवर्थ बढ़ाएं के अनुरूप है। कार्यक्रम के दौरान आयोजित प्रश्नोत्तर सत्र में प्रतिभागी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सही उत्तर देने वालों को पुरस्कार भी प्रदान किए गए। सत्र की दूसरी विशेष प्रस्तुति केजल छाजेड़ (संस्थापिका, एलिसियन स्टाइल) द्वारा दी गई, जिन्होंने बतौर इमेज कंसल्टेंट और फैशन स्टाइलिस्ट अपने कार्य का विस्तारपूर्वक परिचय दिया। उन्होंने व्यावसायिक जीवन में आत्म-प्रस्तुति और परिधान के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि किस प्रकार व्यक्तित्व के अनुरूप परिधान चयन से एक सशक्त और स्थायी छाप छोड़ी जा सकती है। बैठक का संचालन रेफरल हेड सीमा शाह, रेफरल लीड मीना जैन तथा रेफरल सचिव लीला पितलिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान सभी जेबीएन सदस्यों को अपने व्यवसाय के लिए 30 सेकेंड का अवसर मिला। होली के रंगारंग वातावरण में बैठक की शुरुआत हुई और कार्यक्रम के अंत में प्रस्तुत आँकड़ों ने समूह की सामूहिक उपलब्धियों को दर्शाया और राष्ट्रगान के साथ बैठक का समापन हुआ। तत्पश्चात सदस्यों के बीच ओपन नेटवर्किंग सत्र रखा गया, जिसमें आपसी व्यावसायिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

# दादी भक्तों ने खेली चंदन इत्र से फुलों की होली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री दादी धाम प्रचार समिति के तत्वावधान में तुमकुरु रोड लक्ष्मीपूरा स्थित जीडी फार्म हाउस में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी होली के पावन त्योहार पर फुलों, चंदन, इत्र, गुलाबजल के साथ दादीजी एवं दादी भक्तों के साथ होली खेली गई। प्रातः 11 बजे राणी सती दादी का फुलो से श्रृंगार कर भव्य दरबार सजाया गया। विधि विधान से पूजन कर होली उत्सव शुरू हुआ।

स्थानीय गायक रामसुंदर बगड़िया, किशन बगड़िया, अनूप अग्रवाल ने भजनों की प्रस्तुति से भक्तों को भावविभोर कर दिया। उपस्थित भक्तों ने आपस में एक दूसरे को चंदन इत्र लगाकर होली खेल कर आनन्द लिया। स्वादिष्ट व्यंजनों की व्यवस्था का भी भक्तों ने लुप्त उठाया। अध्यक्ष शिवकुमार टेकड़ीवाल ने सभी भक्तों को होली की शुभकामनाएं दी और बताया कि दादीजी की जीवन पर आधारित फिल्म मोटी सेठानी बेंगलूरु में 21, 22, 23-मार्च को दिखाई जाएगी।

सुरेन्द्र अग्रवाल का सम्मान संजय नोपानी, विनय राय, संजय चौधरी, प्रकाश चौधरी एवं संतोष टेकड़ीवाल ने किया। उपाध्यक्ष गंगाधर मोर ने संयोजक सर्व संदीप झुनझुनवाला, सुशील तुलस्यान, विजय भुवानिया, मनीष चौधरी, विकास झुनझुनवाला का इस सुन्दर आयोजन के लिए आभार प्रकट किया। इस अवसर पर मारवाड़ी सम्मेलन के राष्ट्रिय उपाध्यक्ष सुभाष अग्रवाल, मारवाड़ी सम्मेलन परिधि की अध्यक्षा माया अग्रवाल, मंजु अग्रवाल, संजय डोकानिया, राजेंद्र बजाज, अजय सिंघानिया, संजीव खेतान, रमन जैन, सरोज चौधरी, जया चौधरी, बबिता चमडिया सहित बड़ी संख्या में दादी भक्त मौजूद थे।

# गौशाला के लिए एकत्र की खाद्य सामग्री



**गदग/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री राजस्थान जैन श्वेताम्बर मूर्ति पूजक संघ के तत्वावधान में शुक्रवार को पूर्णिमा के अवसर पर पार्श्वनाथ जैन मंदिर के प्रांगण में महावीर गौशाला के मुक प्राणियों के लिए खाद्य सामग्री एकत्र कर गौशाला भिजवाई गई। संघ के ट्रस्टी गौतमचंद कवाड़ ने कहा बांटना है तो हंसी बांट लो आंसू तो सबके पास है वक्त को बरबाद न करों क्योंकि जीवन इसी से बना है। संघ के रणजीत गुरु ने कहा जो व्यक्ति कार्यों के महत्व को ठीक से न समझ कर उन्हें क्रम से नहीं बाँट पाते हैं उनके पास सदा ही समय की कमी रहती है और कोई भी काम आत्मविश्वास से नहीं कर पाते हैं। संघ के ट्रस्टी निर्भयलाल हुंडिया ने बताया कि गदग में पिछले कई सालों से सेवा का कार्य चल रहा है, जिसमें पूर्णिमा के दिन घर घर से लोग गौशाला के लिए रोटी, केले, गुड़ समेत कई खाद्य सामग्री लाते है। संघ के समिति सदस्य राजेंद्र कोठारी ने सहयोग देने वालो के प्रति आभार व्यक्त किया।

# रानी सरला देवी स्कूल में खेल सामग्री वितरण एवं खेल मैदान का उद्घाटन




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** कर्नाटका मारवाड़ी समाज ने लालबाग के जयनगर स्थित रानी सरला देवी स्कूल में खेल सामग्री वितरण एवं खेल मैदान का उद्घाटन कर खेलों के प्रति छात्रों की रुचि को प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को मजबूत किया।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे खेल सामग्री के वितरण के साथ हुई। जिसमें हॉकी कीट, वॉलीबॉल, बास्केटबॉल, फुटबॉल और कैरम बोर्ड थे। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को खेलों में रुचि बढ़ाने, उनकी क्षमताओं का विकास करने और टीम भावना को मजबूत करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराना है। इसके बाद, सुबह 9:10 बजे, वॉलीबॉल और बास्केटबॉल कोर्ट के उद्घाटन के साथ स्कूल के खेल मैदान का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस प्रयास से स्कूल में एक सशक्त खेल संस्कृति को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। विद्यालय प्रशासन और विद्यार्थियों ने कर्नाटका मारवाड़ी समाज के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। शिक्षकों ने इस योगदान की सराहना करते हुए कहा कि यह संसाधन छात्रों को विभिन्न खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे और उनके शारीरिक व मानसिक विकास में सहायक होंगे। इस अवसर पर कर्नाटक मारवाड़ी समाज के प्रतिनिधियों ने सामुदायिक विकास और युवाओं के कल्याण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। संगठन इस प्रकार की सार्थक पहल का हिस्सा बनकर गर्व महसूस करता है और भविष्य में भी छात्रों के उज्ज्वल भविष्य के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने हेतु तत्पर रहेगा।



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बन्नेरघट्टा रोड के गोटिगेरे स्थित सोलरीस अपार्टमेंट में सोसायटी वालों ने धूम धाम से होली मनाई। सुबह कृष्ण राधा के भजन और नाच गाने के साथ फूल और गुलाल की होली खेली गई। उसके उपरातः बॉलीवुड गानों के साथ, फिल्मी गानों की धुन पर थिरकते हुए रंगपंचमी का त्योहार खूब जोश से मनाया। सोसायटी के अध्यक्ष विक्रम ने बताया कि गुरुवार को हमने होलिका दहन का त्योहार मनाया। उसके दूसरे दिन रंगपंचमी का कार्यक्रम किया। सोसायटी निवासी और समाजसेवी स्नेह जाजू ने बताया कि हमारे भारतीय संस्कृती में होलिका दहन की परंपरा बहुत पुरानी है। इसे बुराई पर अच्छाई की जीत, आत्मा की शुद्धि और कृषि समृद्धि का प्रतीक माना गया है।

# श्री विमल मुनि की पुण्य स्मृति दिवस मनाई




**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री सकल जैन संघ, मंजुनाथनगर, शिवनगर में होली चातुर्मासार्थ विराजित स्वर्ण संयम आराधक, सेवा चक्रवर्ती, श्री वीरेन्द्रमुनिजी के सानिध्य में द्वय पूज्य गुरु भगवन्तों के दीक्षा दिवस एवं पुण्य स्मृति दिवस के पावन अवसर पर वीरेंद्रमुनिजी ने धर्म सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इतिहास सूर वीरों से बनता है, जो अपने लिए नहीं संघ और समाज को अपना सम्पूर्ण जीवन न्योछावर कर देते हैं। जैन दिवाकर, प्रसिद्ध वक्ता श्रीचौथमल ने भी अपना सम्पूर्ण जीवन समाज के प्रति समर्पित कर दिया।

इसकी वजह से आज भी उनका नाम सम्पूर्ण जैन जगत में श्रद्धा से लिया जाता है। उनकी दीक्षा को 129 साल पूर्ण हो गए। वास्तव में वो एक मानव जाति के मसीहा थे और गुरुदेव तरुण तपस्वी जैन दिवाकर रत्न श्री विमल मुनिजी का 20वां पुण्य स्मृति दिवस भी जप तप, धर्म ध्यान सामायिक दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर श्री ऑल इंडिया श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन कॉन्फ्रेंस दिल्ली के राष्ट्रीय महामंत्री कन्हैयालाल सुराणा, राजाजीनगर संघ के अध्यक्ष प्रकाश चन्द चाणोदिया, मंत्री नेमीचंद दलाल, श्रीरामपुरम श्रीसंघ के अध्यक्ष ताराचन्द गुगलिया, निवर्तमान अध्यक्ष शांतिलाल खिवेंसरा, वरिष्ठ सुश्रावक सुवालाल दक एवं अनेक उपनगरों से श्रद्धालुगण उपस्थित थे। श्री वीरेन्द्र मुनि के ऐतिहासिक एवं यशस्वी चातुर्मास सुसम्पन्न करने पर श्री सकल जैन संघ द्वारा उनको दक्षिण भास्कर की पदवी से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के पश्चात लाभार्थी संघवी उत्तमचन्द आच्छा, विनोद कुमार मेडतवाल, राजेश कुमार कोठारी, सुरेश कुमार बाघमार परिवार की ओर से गौतम प्रसादी का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम का संचालन संघ के मंत्री राकेश दलाल एवं मोक्ष द्वार के संपादक गौतमचंद ओस्तवाल ने किया। यह जानकारी अंकित आच्छा ने दी।

# श्याम मंदिर में फुलों से भक्तों ने जमकर खेली होली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** होली के पावन अवसर पर बन्नेरघट्टा नेशनल पार्क के सामने स्थित श्याम मन्दिर में प्रातः 10 बजे से मंदिर प्रांगण में फुलों की होली का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्थानीय भजन गायकों ने जमकर बाबा श्याम के भजनों व धमाल की प्रस्तुति से भक्तों को भाव विभोर कर दिया। भक्तों ने चंग की थाप पर भी होली धमाल व भजनों की प्रस्तुति दी। सभी भक्तों ने आपस में जमकर फुलों की होली खेली व एक दूसरे को गुलाल लगाकर खुशियां मनाई। इस अवसर पर मन्दिर ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य महेश गुप्ता, रेवन्त मल झँवर, सुशील राणासरिया, प्रभात किशपुरिया, ऋषि गुप्ता समेत बड़ी संख्या में श्याम भक्त उपस्थित रहे। सभी भक्तों ने कतारबद्ध होकर बाबा श्याम के दर्शन किए।

# मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि ने मनाई होली



**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** बेंगलूरु मारवाड़ी सम्मेलन महिला परिधि द्वारा होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व अध्यक्ष माया अग्रवाल ने किया, जिसमें सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी महिलाओं ने राधा-कृष्ण थीम पर एक खूबसूरत रील बनाकर माहौल को जीवंत बना दिया। महिलाओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं, जबकि गुजिया, दाल-भरी कचौरी और ठंडाई जैसे स्वादिष्ट मारवाड़ी व्यंजनों ने आयोजन को विशेष बना दिया। इस कार्यक्रम में सलाहकार मंजू अग्रवाल, सचिव शालिनी अग्रवाल, उपाध्यक्ष लता चौधरी और सदस्य पल्लवी, विनीता, मधु, आशा, हेमलता, जया, पिंकी, पूजा और पारुल ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. सुभाष अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य होली के आनंद के साथ-साथ महिलाओं के बीच सहयोग और सद्भावना को बढ़ावा देना था।

# सुपर स्पेशलिटी डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति आयु बढ़ाने पर करेंगे विचार: डॉ. शरण प्रकाश पाटिल



**कलबुर्गी/शुभ लाभ ब्यूरो।** चिकित्सा शिक्षा, कौशल विकास और आजीविका मंत्री और रायचूर जिला प्रभारी डॉ. शरण प्रकाश पाटिल ने कहा कि चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत सुपर-स्पेशलिटी अस्पतालों में सेवारत डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने के बारे में विचार किया जा रहा है।

मंत्री ने यह बयान जयदेव इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवैस्कुलर साइंसेज एंड रिसर्च में डॉक्टरों के साथ बातचीत के दौरान दिया। बातचीत के दौरान वरिष्ठ डॉक्टरों और सुपर-स्पेशलिटी अस्पतालों में डॉक्टरों की मांग के संबंध में मंत्री ने कहा कि सरकार सुपर-स्पेशलिटी अस्पतालों में अनुभवी डॉक्टरों को बनाए रखने के लिए सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने की इच्छुक है।

उन्होंने कहा कि वह जल्द ही मुख्यमंत्री सिद्धरामैया के साथ इस पर चर्चा करेंगे और सुपर-स्पेशलिटी अस्पतालों में डॉक्टरों की सेवानिवृत्ति की आयु बढ़ाने का प्रस्ताव रखेंगे। मंत्री ने घोषणा की कि सरकार जयदेव अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की सुविधा शुरू करने के लिए अतिरिक्त धनराशि आवंटित कर रही है, ताकि चिकित्सा के बुनियादी ढांचे को और मजबूत किया जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि हम चिकित्सा क्षेत्र में नवाचार और अत्याधुनिक तकनीक लाने, जयदेव संस्थान में आधुनिक उपकरण लगाने और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं।

# अन्तराय कर्म हमें गुरु दर्शन से रखता है वंचित: धुरंधर मुनि जी

**बेंगलूरु/शुभ लाभ ब्यूरो।** श्री श्वेतांबर स्थानकवासी जैन श्रावक संघ अलसूर के तत्वावधान में महावीर भवन में आयोजित प्रवचन में जय धुरंधर मुनि जी ने कहा कि गुरु दर्शन दुर्लभ होते हैं। अन्तराय कर्म हमें गुरु दर्शन से वंचित रखता है और धर्म स्थान से नजदीक घर होते हुए भी हम गुरु दर्शन की इच्छा नही रखते हैं। गुरु दर्शन का हम महत्व समझें और गुरु सेवा का लाभ लेते रहें। प्रवचन सभा का प्रारंभ करते हुए साध्वी श्री वृद्धि प्रभा जी ने कहा कि गुरु स्वयं परिषह सहन कर नया मार्ग प्रशस्त करते हैं। गुरु वात्सल्य के भंडार होते हैं और शिष्य में ऊर्जा का संचार करते हैं। गुरु दर्शन से मन में शीतलता और शांति की अनुभूति होती है। यही अनुभूति उन्हें आचार्य श्री पार्श्वचंद्र जी के 24 साल पश्चात अलसूर में दर्शन कर हुई है। इस अवसर पर प्रवचन करते हुए जय पुरंदर मुनि जी ने कहा कि प्रभु की वाणी में आत्मा की शांति छिपी होती है। प्रत्येक व्यक्ति शांति के लिए पुरुषार्थ करता है। आत्मा का स्वभाव शांति है, किंतु हम बाहर के पुद गलों में शांति खोजते हैं। सभी जीवों को शांति दे कर हम शांति प्राप्त कर सकते हैं। आग्रह, अनिग्रह, संग्रह और पूर्वाग्रह छोड़ दें तो शांति की अनुभूति हो सकती है। सभा का संचालन करते हुए संघ मंत्री अभय कुमार बांठिया ने आचार्य श्री पार्श्वचंद्र जी के प्रति होली चातुर्मास और चातुर्मास प्रदान करने के लिए संघ की ओर से कृतज्ञता व्यक्त की। संघ अध्यक्ष धनपत राज बोहरा ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया।

# विधानसभा में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने केसीआर को कृष्णा जल विवाद पर चर्चा करने की दी चुनौती



**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने शनिवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) प्रमुख के चंद्रशेखर राव को विधानसभा में कृष्णा जल विवाद पर चर्चा करने की चुनौती दी।

राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने सदन में केसीआर की कम उपस्थिति की आलोचना की और कहा कि विधायक के तौर पर 54.84 लाख रुपये का वेतन पाने के बावजूद केसीआर ने अब तक केवल दो विधानसभा सत्रों में भाग लिया है।

रेवंत रेड्डी ने याद किया कि केसीआर ने एक बार दावा किया था कि वह आंध्र प्रदेश में अभिनेत्री रोजा के घर पर झींगा सूप का आनंद लेने के बाद रायलसीमा को समृद्ध रत्नों की सीमा में बदल देंगे। उन्होंने पलामुरु के लोगों को धोखा देने के लिए बीआरएस प्रमुख की आलोचना की, जिन्होंने उन्हें राजनीतिक रूप से समर्थन दिया था। उन्होंने दावा किया कि कृष्णा जल अधिकारों के संबंध में तेलंगाना के हितों से समझौता किया गया था, उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री पर केंद्रीय मंत्री के रूप में कार्य करते हुए पोथिरेड्डीपाडु हेड रेगुलेटर की क्षमता बढ़ाने का आरोप लगाया। रेड्डी ने आगे आरोप लगाया कि कमीशन के लिए जुराला के लिए इच्छित पानी को श्रीशैलम बैकवाटर के माध्यम से मोड़ दिया गया था। उन्होंने यह भी दावा किया कि केसीआर के कार्यकाल के दौरान कोई बड़ी परियोजना का काम नहीं किया गया था, और हाल ही में एसएलबीसी सुरंग दुर्घटना के बारे में असंवेदनशीलता दिखाने के लिए बीआरएस नेताओं की आलोचना की। सीएम ने कहा कि बीआरएस नेता राज्य के भविष्य के बजाय राजनीतिक नाटकबाजी पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे। केटीआर और हरीश राव की आलोचना का जवाब देते हुए, उन्होंने (सीएम) कहा कि चंद्रशेखर राव को पहले से भेजे गए स्ट्रेचर से ही शवगृह भेजा जाएगा, उन्होंने केसीआर की लंबी उम्र की कामना की। मुख्यमंत्री ने पिछली बीआरएस सरकार पर लोकतांत्रिक मूल्यों की अवहेलना करने का आरोप लगाया, 2022 के बजट सत्र का हवाला देते हुए, जो राज्यपाल के भाषण के बिना शुरू हुआ। उन्होंने महिला राज्यपाल का अनादर करने के लिए बीआरएस की निंदा की और दोहराया कि कांग्रेस सरकार संवैधानिक सिद्धांतों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। जब रेवंत रेड्डी विधानसभा को संबोधित कर रहे थे, तब बीआरएस विधायकों ने केसीआर पर उनकी टिप्पणियों के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया, यह घोषणा करते हुए कि वे उन टिप्पणियों को नहीं सुनेंगे जिन्हें वे अनुचित मानते हैं। बीआरएस के बहिर्गमन पर प्रतिक्रिया देते हुए, रेवंत रेड्डी ने चेतावनी दी कि यदि बीआरएस नेता इस व्यवहार को जारी रखते हैं, तो उन्हें आगामी चुनावों में राजनीतिक गुमनामी का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कांग्रेस सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, कहा कि पहले वर्ष में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक कृषि ऋण माफ किए गए थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी किसानों को 31 मार्च तक 'रायथु भरोसा' का लाभ मिलेगा और भूमिहीन कृषि मजदूरों को 'इंदिरम्मा के आत्मीय भरोसा' के माध्यम से सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार किसानों से सभी अनाज खरीदेगी, साथ ही कहा कि गरीब किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का बोनस दिया जाएगा। रेड्डी ने मिल मालिकों का पक्ष लेने के लिए पिछली सरकार की आलोचना की और दावा किया कि कलेश्वरम परियोजना में पानी की कमी के बावजूद, तेलंगाना ने रिकॉर्ड धान की पैदावार हासिल की। तेलंगाना के अधिकारों पर, रेवंत ने राज्य के उचित धन को सुरक्षित करने के लिए न केवल 30 बार, बल्कि यदि आवश्यक हो तो 300 बार दिल्ली जाने की कसम खाई। उन्होंने जोर देकर कहा कि उनके प्रयास तेलंगाना के कल्याण के लिए थे और प्रधानमंत्री के साथ उनकी चर्चा की आलोचना करने के लिए बीआरएस पर सवाल उठाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके प्रयासों के बावजूद, तेलंगाना को केंद्र से भेदभाव का सामना करना पड़ रहा है, राज्य के हितों के लिए लड़ने के लिए उनकी प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

## केसीआर पर रेवंत रेड्डी की टिप्पणी के विरोध में बीआरएस ने तेलंगाना विधानसभा से बहिर्गमन किया

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के सदस्यों ने शनिवार को तेलंगाना विधानसभा से वॉकआउट किया और राज्यपाल जिष्णु देव वर्मा के भाषण पर मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के जवाब का बहिष्कार किया। यह विरोध प्रदर्शन मुख्यमंत्री द्वारा बीआरएस सुप्रीमो और पूर्व सीएम के. चंद्रशेखर राव के बारे में हाल ही में की गई टिप्पणियों के विरोध में किया गया। विवाद तब शुरू हुआ जब रेवंत रेड्डी ने कहा कि चंद्रशेखर राव स्ट्रेचर पर हैं और जल्द ही शवगृह में चले जाएंगे। इस पर आपत्ति जताते हुए बीआरएस नेताओं ने राज्य भर के कई पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई। जैसे ही स्पीकर जी प्रसाद कुमार ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री विधानसभा को संबोधित करेंगे, बीआरएस विधायक विरोध जताते हुए सदन से चले गए।विवाद तब शुरू हुआ जब रेवंत रेड्डी ने कहा कि चंद्रशेखर राव स्ट्रेचर पर हैं और



जल्द ही शवगृह में चले जाएंगे। इस पर आपत्ति जताते हुए बीआरएस नेताओं ने राज्य भर के कई पुलिस थानों में शिकायत दर्ज कराई।

जैसे ही स्पीकर जी प्रसाद कुमार ने घोषणा की कि मुख्यमंत्री विधानसभा को संबोधित करेंगे, बीआरएस विधायक विरोध जताते हुए सदन से चले गए। इससे पहले दिन में बीआरएस नेताओं ने स्पीकर से अपने विधायक और पूर्व मंत्री जी. जगदीश रेड्डी का निलंबन रद्द करने का आग्रह किया। इस मामले पर बोलते हुए बीआरएस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने तर्क दिया कि जगदीश रेड्डी ने आसन का अपमान नहीं किया है।हरीश राव ने कहा, अगर उन्हें मौका दिया जाता तो वे अपनी स्थिति स्पष्ट करते।

दुर्भाग्य से उन्हें बोलने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने आगे कहा कि बीआरएस अध्यक्ष और संस्था के प्रति गहरा सम्मान रखता है।

उन्होंने सदन को याद दिलाया कि केसीआर ने खुद प्रसाद कुमार की अध्यक्ष के रूप में नियुक्ति का स्वागत किया था और उसकी सराहना की थी।जगदीश रेड्डी को गुरुवार को विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ की गई टिप्पणियों के कारण बजट सत्र की शेष अवधि के लिए निलंबित कर दिया गया। बीआरएस उनकी बहाली के लिए दबाव बना रहा है, उनका तर्क है कि उन्हें अपने बयानों को स्पष्ट करने का उचित मौका नहीं दिया गया।

सत्तारूढ़ कांग्रेस और बीआरएस के बीच बढ़ते तनाव के कारण तेलंगाना विधानसभा में राजनीतिक लड़ाई तेज होती दिख रही है।

पत्रकार की गिरफ्तारी पर विवाद के बीच तेलंगाना के सीएम रेवंत ने कहा

## मैं तुम्हें नंगा कर दूंगा और पीटूंगा

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने कथित तौर पर पत्रकार के रूप में प्रस्तुत होने और जनप्रतिनिधियों के बारे में आपत्तिजनक सामग्री पोस्ट करने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा कि उनके कपड़े उतारकर उन्हें सार्वजनिक रूप से परेड कराई जाएगी।

हाल ही में उनके और उनके परिवार के बारे में कथित रूप से अपमानजनक सामग्री पोस्ट करने के लिए दो महिला पत्रकारों की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए रेवंत रेड्डी शनिवार, 15 मार्च को विधानसभा में अपना आपा खो बैठे।

पुलिस ने दावा किया कि पत्रकार सीएम के खिलाफ अपमानजनक सामग्री और साजिश फैलाने में शामिल थे। हालांकि, एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया ने गिरफ्तारी की निंदा की।

ऐसा माना जाता है कि यह कार्रवाई एक पत्रकार के यूट्यूब चैनल पर एक वीडियो के प्रकाशन के बाद की गई, जिसमें एक किसान ने रेवंत रेड्डी की आलोचना की थी।इस मुद्दे पर बोलते हुए रेड्डी ने कहा कि जब तक पत्रकारिता की आड़ में अपमानजनक सामग्री फैलाने की जहरीली संस्कृति को सोशल मीडिया पर पनपने की अनुमति दी जाती रहेगी, तब तक वह चुप नहीं रहेंगे।

रेड्डी ने कहा कि वे पत्रकार यूनियनों के साथ चर्चा के लिए तैयार हैं और यदि आवश्यक हुआ तो राज्य में सामग्री को विनियमित करने के लिए कानून भी पेश करेंगे। उन्होंने आईटी और उद्योग मंत्री श्रीधर बाबू को निर्देश दिया कि वे पत्रकार यूनियनों के साथ बातचीत करें और मान्यता प्राप्त पत्रकारों की एक सूची तैयार करें जिन्हें बख्शा जाएगा, जबकि सूची से बाहर के लोगों से अलग से निपटा जाएगा।

उन्होंने कहा, ऐसा मत सोचो कि मैं इसलिए चुप हूं क्योंकि मैं मुख्यमंत्री हूं। मैं तुम्हें नंगा कर दूंगा और तुम्हारी पिटाई करवा दूंगा। लाखों लोग तुम्हें पीटने के लिए सड़कों पर उतरेंगे। लेकिन मैं अपने पद के कारण सहनशील हूं। मैं जो भी करूंगा, कानून के दायरे में रहकर करूंगा।

उनकी यह टिप्पणी उन पत्रकारों की गिरफ्तारी के बीच आई है, जिन्होंने उनकी आलोचना की थी, जिससे राज्य में प्रेस की स्वतंत्रता पर चिंताएं बढ़ गई हैं।



## तेलंगाना विधानसभा सोमवार तक स्थगित

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना विधानसभा अध्यक्ष गद्दाम प्रसाद कुमार ने सदन की कार्यवाही सोमवार तक के लिए स्थगित कर दी।

शनिवार को सुबह 10 बजे शुरू हुए विधानसभा सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने प्रस्ताव का जवाब दिया और सदन के सदस्यों को स्पष्टीकरण दिया। मुख्यमंत्री की टिप्पणी के बाद अध्यक्ष ने 1545 बजे सत्र स्थगित कर दिया।

## तेलंगाना के भद्राद्रि कोत्तागुडेम में 60 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया




**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, तेलंगाना के भद्राद्री कोठागुडेम जिले में शनिवार को कम से कम 60 माओवादियों ने पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर दिया, अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की। यह जिला छत्तीसगढ़ के उग्रवाद प्रभावित सुकमा जिले से अपनी सीमा साझा करता है।

आत्मसमर्पण कोठागुडेम पुलिस अधीक्षक (एसपी) कार्यालय में पुलिस महानिरीक्षक (आईजी), मल्टी-जोन 1 की उपस्थिति में हुआ। एसपी रोहित राजू और भद्राचलम सहायक पुलिस अधीक्षक (एएसपी) सहित वरिष्ठ अधिकारी उस प्रेस कॉन्फ्रेंस में मौजूद थे, जहां आत्मसमर्पण की औपचारिक घोषणा की गई।पुलिस सूत्रों के अनुसार, आत्मसमर्पण करने वाले माओवादी विभिन्न कैडर से संबंधित थे, जिनमें से कुछ प्रतिबंधित भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी) में महत्वपूर्ण पदों पर थे। इनमें कम से कम 16 महिलाएं हैं। आत्मसमर्पण करने वालों में से कई छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित बीजापुर और सुकमा जिलों से हैं।

अधिकारियों ने इस आत्मसमर्पण का श्रेय माओवादियों को हथियार छोड़ने और समाज में फिर से शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सरकार के लगातार प्रयासों को दिया। पुलिस ने कहा कि कल्याणकारी योजनाओं और पुनर्वास पैकेजों के बारे में जागरूकता अभियानों ने विद्रोहियों को आत्मसमर्पण के लिए राजी करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

एसपी रोहित राजू ने कहा, इन लोगों को हिंसा का रास्ता छोड़कर समाज में वापस लौटते देखना उत्साहजनक है। उन्होंने यह भी बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में से एक समूह में उच्च पद पर था।

यह सामूहिक आत्मसमर्पण 4 मार्च को इसी तरह की घटना के बाद हुआ है , जब इसी जिले में 14 माओवादियों ने आत्मसमर्पण किया था। इससे पहले, 13 फरवरी को छत्तीसगढ़ के कम से कम 19 सीपीआई (माओवादी) सदस्यों ने भद्राद्री कोठागुडेम पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था।केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मार्च 2026 तक माओवादी उग्रवाद को समाप्त करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है , ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी नागरिक को माओवादी हिंसा में अपनी जान न गंवानी पड़े।

नवीनतम आत्मसमर्पण क्षेत्र में शांति बहाल करने की दिशा में एक और कदम है तथा वामपंथी उग्रवाद से निपटने में सरकार के प्रयासों के बढ़ते प्रभाव को दर्शाता है।




## बैंक अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न से तंग आकर परिवार ने आत्मदाह किया!

**हैदराबाद, 15 मार्च (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बकाया कर्ज न चुकाने को लेकर बैंक अधिकारियों द्वारा कथित तौर पर परेशान किये जाने के कारण एक परिवार ने शनिवार, 15 मार्च को आत्महत्या का प्रयास किया।

वारंगल चौराहे पर चिलुकुरी ब्रदर्स क्लॉथ स्टोर के मालिकों के रूप में पहचाने जाने वाले परिवार ने कथित तौर पर अपनी दुकान के बाहर खुद को आग लगा ली।

शुरुआती रिपोर्टों के अनुसार, परिवार ने व्यवसाय और व्यक्तिगत ज़रूरतों के लिए ऋण लिया था, लेकिन वित्तीय घाटे के कारण इसे चुकाने में संघर्ष करना पड़ा। बैंक एजेंटों ने कथित तौर पर उनके घर और दुकान पर उन्हें परेशान किया, सार्वजनिक रूप से अपमानित किया।दबाव सहन न कर पाने के कारण परिवार ने आग लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया।

घटना का पता चलते ही स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़े और आग पर काबू पाने के बाद आपातकालीन सेवाओं को सूचित किया।

दो सदस्यों को गंभीर चोटें आईं और उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.